वर्ष 10 अंक 208
पृष्ठ 12
नई दिल्ली, बुधवार
7 मई 2025
मूल्य: 4 रुपये

# नेशनल एक्सप्रेस

हर खबर समय पर

nationalexpressindia | nationalexpressindia | www.nationalexpress.co.in


DELHIN/2015/65411
डाक पंजीयन सं. -DL(S)-17/3531/2018-20





03 एनसीआर राज्य पटाखों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने में विफल रहे तो..
06 पहलगाम हमले पर गुटेरेस की रस्मी संवेदना: ऋषभदेव शर्मा
11 खुश रहने के लिए कप्तानी छोड़ी: विराट कोहली







# खुफिया रिपोर्ट मिलने के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने रद्द किया था अपना कश्मीर दौरा: खरगे

**रांची,** (भाषा) कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मंगलवार को दावा किया कि गत 22 अप्रैल को हुए पहलगाम आतंकी हमले से तीन दिन पहले खुफिया रिपोर्ट के आधार पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपना जम्मू-कश्मीर दौरा रद्द कर दिया था।

उन्होंने यहां कांग्रेस की 'संविधान बचाओ रैली' को संबोधित करते हुए यह सवाल भी किया कि इसी खुफिया रिपोर्ट के आधार पर लोगों की सुरक्षा क्यों नहीं की गई?

उन्होंने कहा कि सरकार ने पहलगाम आतंकी हमले को लेकर खुफिया विफलता की बात स्वीकार की है और ऐसे में उसे 26 लोगों की मौत की जिम्मेदारी भी लेनी चाहिए।

खरगे ने इस बात को दोहराया कि पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ उठाए गए हर कदम का कांग्रेस समर्थन करेगी तथा सरकार के साथ खड़ी होगी। बीते 22 अप्रैल को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों ने कम से कम 26 लोगों की निर्मम हत्या कर दी थी। इनमें ज्यादातर पर्यटक थे। भारत ने इस भयावह घटना के लिए पाकिस्तान से जुड़े आतंकवादी समूहों को जिम्मेदार बताया है।

खरगे ने पहलगाम आतंकी हमले का उल्लेख करते हुए कहा, ''22 अप्रैल को देश में एक बहुत बड़ा आतंकी हमला हुआ, जिसमें 26 बेगुनाह लोग मारे गए। सरकार ने यह माना कि ये खुफिया विफलता है और इसे सुधारने की जरूरत है। उन्होंने सवाल किया, ''जब आपको यह (खुफिया विफलता) मालूम है तो पहले ही अच्छी व्यवस्था क्यों नहीं की गई?'' खरगे ने इस बात पर जोर दिया, ''जब आप चूक को मान रहे हैं तो इतने लोगों की मौत की जिम्मेदारी भी आपको



लेनी चाहिए।'' उनका कहना था, ''पाकिस्तान की आतंकी गतिविधियों के खिलाफ लड़ने के लिए सरकार जो भी कदम उठाएगी, हम उसका पूरा समर्थन करेंगे।''

उन्होंने दावा किया, ''मुझे यह भी सूचना मिली है, अखबारों में भी यह आया है कि हमले के तीन दिन पहले वहां से खुफिया रिपोर्ट मोदी जी को भेजी गई थी। इसी कारण मोदी जी ने कश्मीर जाने का कार्यक्रम रद्द किया था।''

कांग्रेस अध्यक्ष ने सवाल किया कि जब खुफिया तंत्र के लोगों का कहना था कि प्रधानमंत्री का जाना मुनासिब नहीं है तो यही बात अपनी खुफिया एजेंसियों के लोगों को, सुरक्षा के लोगों को, पुलिस और वहां सीमा सुरक्षा बल को क्यों नहीं बताई गई और लोगों की सुरक्षा क्यों नहीं की गई?

प्रधानमंत्री मोदी की जम्मू-कश्मीर यात्रा 19 अप्रैल को निर्धारित थी, लेकिन प्रतिकूल मौसम पूर्वानुमान के कारण स्थगित कर दी गई थी। प्रधानमंत्री को दुनिया के सबसे ऊंचे चिनाब रेलवे पुल का उद्घाटन करना था और कटरा से श्रीनगर के लिए वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखानी थी।

खरगे ने कहा, ''देश सबसे बड़ा है। इसके बाद ही पार्टी, धर्म और जाति आती है। हमने देश के लिए अपनी जान दी है। इंदिरा गांधी जी (पूर्व प्रधानमंत्री) और राजीव गांधी(पूर्व प्रधानमंत्री) जी ने देश को एक रखने के लिए बलिदान दिया है। महात्मा गांधी जी ने तो देश को आजादी दिलाई, लेकिन एक गद्दार ने उनके सीने में गोलियां दाग दी।''

खरगे ने रैली में इस बात का उल्लेख भी किया कि वह पिछले वर्ष झारखंड में 'इंडिया' गठबंधन की सरकार बनने के बाद पहली बार रांची पहुंचे हैं। उन्होंने कहा, ''मैं सभी झारखंडवासियों का तहेदिल से शुक्रिया अदा करता हूं। हम सबने आपकी वजह से बहुमत हासिल किया और आज झारखंड में एक मजबूत सरकार चल रही है। हम सभी जनता से किए वादे निभा रहे हैं। हमारी सरकार के मंत्री, विधायक सभी मिलकर जनता के लिए अच्छे से काम कर रहे हैं। इसके लिए मैं इन सब को भी धन्यवाद देता हूं।''

झारखंड में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार में कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) भी शामिल हैं। खरगे ने दावा किया कि सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के कर्मचारियों को महीनों तनख्वाह नहीं मिलती है और प्रधानमंत्री मोदी का कहना है कि सभी बहुत सुखी हैं। उन्होंने आरोप लगाया, ''नरेन्द्र मोदी की नीति है- पीएसयू बंद करो और दलितों, आदिवासियों और पिछड़ों की नौकरी छीन लो।'' उनके अनुसार, सरकारी नौकरियों में 30 लाख पद खाली हैं, लेकिन वो भरे नहीं जा रहे।

कांग्रेस अध्यक्ष ने दावा किया कि ये पद इसलिए नहीं भरे जा रहे, क्योंकि ऐसा किया गया तो गरीबों को नौकरी मिलने लगेगी। उन्होंने कहा, ''नरेन्द्र मोदी कहते हैं कि देश आर्थिक रूप से मजबूत हो रहा है, लेकिन सच्चाई ये है कि देश के गरीबों को कुछ नहीं मिल रहा। सिर्फ पेपर में आंकड़े दिखाने से बात नहीं बनेगी, आपको लोगों के लिए काम करना होगा।''

खरगे ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार गरीबों को तंग और तबाह करना चाहती है, इसलिए सभी लोगों को अन्याय के खिलाफ आवाज उठानी होगी।

## बिहार : कटिहार में कार और ट्रैक्टर की टक्कर में आठ लोगों की मौत, दो अन्य घायल

**कटिहार** (बिहार), (भाषा) बिहार के कटिहार जिले में मंगलवार तड़के एक कार और ट्रैक्टर के बीच टक्कर होने से आठ लोगों की मौत हो गई जबकि दो व्यक्ति घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि यह हादसा समेली प्रखंड में उस दौरान हुआ जब कार सवार लोग एक शादी समारोह से सुपौल स्थित अपने घर लौट रहे थे। कटिहार के पुलिस अधीक्षक (एसपी) वैभव शर्मा ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, ''समेली प्रखंड कार्यालय के पास राष्ट्रीय राजमार्ग-31 पर कार की विपरीत दिशा से आ रहे ट्रैक्टर से टक्कर हो गई, जिसमें आठ लोगों की मौत हो गई जबकि दो व्यक्ति घायल हो गए।'' उन्होंने बताया कि मरने वालों में सभी पुरुष थे। शर्मा ने बताया कि पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और हादसे के शिकार लोगों को नजदीकी सरकारी अस्पताल पहुंचाया। उन्होंने बताया कि दो घायलों का उपचार किया जा रहा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस घटना में मारे गए लोगों के प्रति दुख जताया।









## एसवाईएल विवाद: पंजाब, हरियाणा को सौहार्दपूर्ण समाधान के लिए केंद्र के साथ सहयोग करने का निर्देश

**नयी दिल्ली,** (भाषा) उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को पंजाब और हरियाणा सरकारों को दशकों पुराने सतलुज-यमुना लिंक (एसवाईएल) नहर विवाद को सुलझाने में केंद्र के साथ सहयोग करने का निर्देश दिया।

न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने कहा कि यह ''मनमाना कृत्य'' है कि नहर के निर्माण के लिए पहले से ही अधिग्रहित भूमि को पंजाब में गैर-अधिसूचित कर दिया गया। न्यायालय ने कहा कि ऐसे मामलों का निर्णय केवल कानून के आधार पर नहीं किया जा सकता तथा जमीनी हकीकत को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता, क्योंकि इसमें व्यापक प्रभाव वाले अन्य कारकों पर भी विचार करना होगा।

केंद्र द्वारा हाल में दाखिल हलफनामे का हवाला देते हुए पीठ ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि केंद्र ने इस मुद्दे को सौहार्दपूर्ण ढंग से सुलझाने के लिए पहले ही प्रभावी कदम उठाए हैं। पीठ ने कहा, ''मामले में हम दोनों राज्यों को सौहार्दपूर्ण समाधान पर पहुंचने में भारत संघ के साथ सहयोग करने का निर्देश देते हैं। यदि दोनों पक्षों के बीच यह मुद्दा सौहार्दपूर्ण ढंग से हल



नहीं होता है तो हम इस मामले पर 13 अगस्त को सुनवाई करेंगे।''

केंद्र की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने कहा कि शीर्ष अदालत के निर्देश के अनुसार सरकार ने बैठकें आयोजित कर पक्षों के बीच मध्यस्थता का प्रयास किया। भाटी ने कहा, ''हमने मध्यस्थता के लिए प्रयास किए हैं, लेकिन राज्यों को अपनी बात पर अमल करना होगा।'' एसवाईएल नहर की परिकल्पना रावी और ब्यास नदियों से पानी के प्रभावी आवंटन के लिए की गई थी। इस परियोजना में 214 किलोमीटर लंबी नहर बनाने की परिकल्पना की गई थी, जिसमें से 122 किलोमीटर नहर पंजाब में और 92 किलोमीटर हरियाणा में बनायी जानी थी। हरियाणा ने अपने क्षेत्र में यह परियोजना पूरी कर ली। पंजाब ने 1982 में निर्माण कार्य शुरू किया था लेकिन बाद में इसे ठंडे बस्ते में डाल दिया। दोनों राज्यों के बीच विवाद दशकों से जारी है।

उच्चतम न्यायालय ने 15 जनवरी, 2002 को हरियाणा द्वारा 1996 में दायर एक वाद में उसके पक्ष में फैसला सुनाया था और पंजाब सरकार को एसवाईएल नहर के अपने हिस्से का निर्माण करने का निर्देश दिया था। हरियाणा की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता श्याम दीवान ने कहा कि यह मुद्दा अदालत द्वारा पारित आदेश के क्रियान्वयन से संबंधित है। पीठ ने कहा, ''इन मामलों पर केवल कानून के आधार पर निर्णय नहीं लिया जा सकता।

### न्यूज ब्रीफ

## जम्मू-कश्मीर के पुंछ में बस खाई में गिरी, जवान समेत चार यात्रियों की मौत

**मेंढर/जम्मू,** (भाषा) जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में मंगलवार सुबह एक निजी यात्री बस सड़क से फिसलकर गहरी खाई में जा गिरी। हादसे में एक जवान समेत चार लोगों की मौत हो गई जबकि 44 अन्य घायल हो गए। हादसे पर शोक जताते हुए उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने प्रभावित परिवारों के प्रति संवेदना प्रकट की। अब्दुल्ला ने राहत कार्यों की निगरानी के लिए अपने मंत्री और मेंढर के विधायक जावेद अहमद राणा को घटनास्थल पर भेजा। यह बस घानी गांव से मेंढर जा रही थी, जब सुबह करीब नौ बजकर २० मिनट पर चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया और यह खाई में जा गिरा। घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने बचाव कार्य शुरू किया। पुलिस, सेना और सीआरपीएफ के जवानों ने भी मोर्चा संभाला। मृतकों की पहचान 45 वर्षीय मोहम्मद मजीद, 55 वर्षीय शकीला बेगम, 50 वर्षीय मोहम्मद हनीफ (तीनों घानी गांव निवासी) और ६० वर्षीय नूर हुसैन (कस्बलाड़ी निवासी) के रूप में हुई है।

# राहुल गांधी ने पहलगाम हमले में मारे गए विनय नरवाल के परिजनों से करनाल में मुलाकात की

**चंडीगढ़,** (भाषा) कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पहलगाम में आतंकवादी हमले में मारे गए नौसैन्य अधिकारी लेफ्टिनेंट विनय नरवाल के परिजनों से मंगलवार को हरियाणा के करनाल में मुलाकात की।

कांग्रेस के हरियाणा मामलों के प्रभारी बी के हरिप्रसाद के साथ राहुल गांधी दोपहर में करनाल पहुंचे। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल के पहुंचने पर कांग्रेस की हरियाणा इकाई के प्रमुख उदयभान, रोहतक से कांग्रेस सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा और पार्टी नेता दिव्यांशु बुद्धिराजा भी मौजूद थे। नौसैन्य अधिकारी के आवास पर पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद राहुल ने नरवाल के परिवार के साथ डेढ़ घंटे से अधिक समय बिताया। बाद में पत्रकारों से बातचीत में हुड्डा ने कहा कि राहुल गांधी ने परिवार को सांत्वना दी।

प्रदेश कांग्रेस प्रमुख उदयभान ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि



राहुल गांधी ने परिवार को सांत्वना दी और उनका दुख साझा किया। उदयभान ने कहा, ''उन्होंने (राहुल ने) नरवाल के माता-पिता सहित परिवार के सदस्यों से मुलाकात की।'' उन्होंने कहा कि परिवार से मिलने के बाद राहुल गांधी दिल्ली के लिए रवाना हो गए।

लेफ्टिनेंट विनय नरवाल (26) अपनी पत्नी हिमांशी के साथ पहलगाम में हनीमून मनाने गए थे, तभी 22 अप्रैल को आतंकवादियों ने उन्हें गोली मार दी। हमले से तीन सप्ताह पहले ही नरवाल की शादी हुई थी।

एक सप्ताह पहले, राहुल गांधी ने पहलगाम आतंकवादी हमले में मारे गए शुभम द्विवेदी के परिवार के सदस्यों से भी मुलाकात की थी।

आतंकवादियों के खिलाफ सख्त और ठोस कार्रवाई किए जाने पर जोर देते हुए राहुल गांधी ने तब कहा था कि एकजुट विपक्ष ने सरकार को पूरा समर्थन दिया है। दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले में पर्यटन के लिए मशहूर पहलगाम के पास बैसरन में 22 अप्रैल को आतंकवादियों के हमले में 26 लोग मारे गए थे और कई अन्य घायल हो गए थे। इनमें ज्यादातर पर्यटक थे।




# योगी सरकार का ऐतिहासिक निर्णय, उत्तर प्रदेश बनेगा ग्लोबल सेवा का हब

## योगी कैबिनेट ने ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स (जीसीसी) नीति को प्रदान की मंजूरी, जीसीसी नीति से बदलेगा प्रदेश का भविष्य, 2 लाख नई नौकरियों की उम्मीद

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

लखनऊः योगी सरकार ने एक और ऐतिहासिक कदम उठाते हुए ग्लोबल केपेबिलिटी सेंटर्स (GCC) नीति को मंजूरी प्रदान कर दी है। इस नीति का मकसद यूपी को भारत का अगला वैश्विक सेवा केंद्र बनाना है और प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य तक पहुंचाना है।

नई नीति के तहत यूपी में आईटी, बैंकिंग, हेल्थकेयर, इंजीनियरिंग और अगली पीढ़ी की तकनीकों में काम करने वाली वैश्विक कंपनियों को बड़े पैमाने पर निवेश के लिए आकर्षित किया जाएगा। इससे न केवल रोजगार के लाखों अवसर खुलेंगे, बल्कि प्रदेश के टियर-2 शहरों में भी आर्थिक गतिविधियों में जबरदस्त बढ़ोतरी होगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को लोकभवन में आयोजित कैबिनेट की बैठक में इस नीति को मंजूरी दी गई। वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि कैबिनेट की बैठक में कुल 11 प्रस्ताव रखे गए और सभी 11 प्रस्तावों को हरी झंडी मिल गई।

### आउटसोर्स के लिए भारत आ रहीं मल्टीनेशनल कंपनियां

नीति के संबंध में प्रमुख सचिव औद्योगिक विकास आलोक कुमार ने बताया कि प्रदेश में साइंस, लॉ, इंजीनियरिंग समेत बहुत सारे सेक्टर्स का टैलेंट काफी बड़ी मात्रा में मौजूद है। कम पैसे में बेहतर क्वालिटी का काम लेने के लिए कई मल्टीनेशनल कंपनियां अपने ऑफशोर डेवलपमेंट सेंटर्स यहीं पर स्थापित कर रही हैं। इसे ही ग्लोबल कैपेसिटी सेंटर कहते हैं। इसमें पहले नंबर पर सॉफ्टवेयर और आईटी आता है, जिसमें मशीन लर्निंग, क्लाउड कंप्यूटिंग, रोबोटिक प्रॉसेस ऑटोमेशन, एआई संचालित डेवलपमेंट, साइबर सुरक्षा, इंजीनियरिंग डेवलपमेंट आते हैं। इंजीनियरिंग डिजाइन का बहुत सारा एलीमेंट है जो बहुत कॉस्टली और टाइम कंज्यूमिंग होता है और हम काफी सस्ते दामों में और उच्च गुणवत्ता के साथ इस काम को कर सकते हैं। इसी प्रकार से बैंक्स, फाइनेंशियल सर्विसेज और इंश्योरेंस सेक्टर में बहुत सारे काम आउटसोर्स करने के लिए मल्टीनेशन कंपनियां भारत आ रही हैं। इसी तरह, ऑटोमोटिव सेक्टर, इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमीकंडक्टर विनिर्माण सेक्टर की भी



बहुत सारी कंपनियां यहां आई हैं। उनके सॉफ्टवेयर डेवलपिंग का बहुत सारा काम इन जीसीसी में होगा। उन्होंने बताया कि आज भारत में लगभग 1700 जीसीसी हैं और इनके तेजी से बढ़ने की उम्मीद है। नोएडा में अभी माइक्रोसॉफ्ट ने 10 हजार सीटर डेवलपमेंट सेंटर का शिलान्यास किया है। एमएक्यू ने भी 3 हजार सीटर इंजीनियरिंग डेवलपमेंट सेंटर का सेटअप किया है। हमको एनसीआर और नोएडा के साथ ही वाराणसी, कानपुर और प्रयागराज जैसे शहरों में भी इन सेंटर्स को लाने की व्यवस्था करनी है।

### देश में सबसे आकर्षक प्रोत्साहन पैकेज

योगी सरकार द्वारा घोषित यह नीति भारत की सबसे प्रतिस्पर्धी और समर्पित नीति मानी जा रही है। इसमें निवेशकों को संचालन से लेकर कौशल विकास तक हर स्तर पर व्यापक सहायता मिलेगी। इसके तहत, ऑपरेशनल सब्सिडी के अंतर्गत किराया, बिजली, बैंडविड्थ और डेटा सर्विस पर 20% सब्सिडी, ₹80 करोड़ तक की सहायता प्राप्त होगी। वहीं, पेरोल सब्सिडी के तहत यूपी निवासी कर्मचारियों के वेतन पर ₹1.8 लाख तक प्रतिवर्ष की प्रतिपूर्ति का लाभ मिलेगा। फ्रेशर और इंटर्न सब्सिडी के तहत नए ग्रेजुएट्स को भर्ती करने पर ₹20,000 और इंटर्नशिप पर ₹5000 प्रति माह तक की सहायता प्राप्त होगी। ईपीएफ, ट्रेनिंग और फ&ऊ अनुदान के तहत सामाजिक रूप से पिछड़े वर्गों के लिए विशेष प्रावधान किया गया है। सिंगल विंडो सिस्टम के तहत इन्वेस्ट यूपी के जरिए सारी स्वीकृतियां ऑनलाइन और सरल होंगी। इस नीति के लागू होने से आईटी, एनालिटिक्स, एचआर, कस्टमर सपोर्ट और फाइनेंस जैसे क्षेत्रों में 2 लाख से ज्यादा गुणवत्तापूर्ण नौकरियां सृजित होंगी। साथ ही, वैश्विक निवेश भी तेजी से प्रदेश में प्रवेश करेगा। इससे न केवल शहरी बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी आर्थिक विकास को गति मिलेगी।

- नीति के तहत नोएडा ही नहीं, कानपुर, वाराणसी जैसे शहरों में भी बनेंगे जीसीसी सेंटर
- योगी सरकार की पहल से यूपी बन रहा विदेशी निवेश का पसंदीदा गंतव्य

### दूर होगी अनियोजित पार्किंग की समस्या, नगर निगमों को मिलेगा आय का स्रोत

योगी कैबिनेट ने उत्तर प्रदेश नगर निगम (पार्किंग स्थान का सन्निर्माण, अनुरक्षण व प्रचालन) नियमावली 2025 प्रख्यापित करने के प्रस्ताव को भी अनुमोदित किया है। नगर विकास व ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने बताया कि प्रदेश में निजी वाहनों में भारी वृद्धि के कारण सड़कों के साथ-साथ पार्किंग स्थलों पर भी दबाव बढ़ रहा है। ऐसे में अनियोजित पार्किंग की समस्या विकराल होती जा रही है। ऐसे में उत्तर प्रदेश के नगर निगमों में एक समान पार्किंग नियम लागू किए जाने का अनुमोदन किया गया है। नियमावली जारी होने से न केवल पार्किंग जनित राजस्व में वृद्धि होगी और हानि को रोका जा सकेगा। स्मार्ट तकनीक के उपयोग से पार्किंग स्थलों का प्रभावी ढंग से प्रबंधन हो सकेगा। पार्किंग शुल्क नगर निगमों की आय का नियमित स्रोत बनेगा और यह नागरिक सुविधाओं व सेवाएं उपलब्ध कराने का माध्यम बनेगा। इससे जनसामान्य को सुगम पार्किंग सुविधा मिलेगी जिससे ट्रैफिक जाम की समस्या का प्रभावी समाधान, एक समान पार्किंग शुल्क निर्धारण और शहरों के नियोजित विकास का मार्ग प्रशस्त होगा।

### स्टेज कैरिज बस अड्डा, कॉन्ट्रैक्ट कैरिज व ऑल इंडिया टूरिस्ट बस पार्क की होगी स्थापना

योगी कैबिनेट ने उत्तर प्रदेश स्टेज कैरिज बस अड्डा, कॉन्ट्रैक्ट कैरिज व ऑल इंडिया टूर्स्ट बस पार्क (स्थापना एवं विनियमन) नीति-2025 को भी मंजूर कर लिया है। इससे प्रदेश में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने में मदद मिलेगी। वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि नीति के अंतर्गत प्रदेश भर में बस अड्डों/पार्कों की स्थापना के लिए आवेदन आमंत्रण जिलाधिकारी की अध्यक्षता में होगा। उनके द्वारा स्टेड कैरिज बस अड्डा, कॉन्ट्रैक्ट कैरिज व ऑल इंडिया टूरिस्ट पार्क नियामक प्राधिकारी का गठन किया जाएगा। नीति के अंतर्गत स्टेट कैरिज बस अड्डा, कॉन्ट्रैक्ट कैरिज व ऑल इंडिया टूरिस्ट बस पार्क की स्थापना के लिए कम से कम 2 एकड़ भूमि होने तथा आवेदक की एनुअल नेटवर्थ कम से कम 50 लाख व टर्नओवर 2 करोड़ रुपए प्राविधानित है। आवेदन इंडीविजुअल व कंसोर्टियम के रूप में हो सकेंगे। किसी एक आवेदक को प्रदेश में 10 से अधिक, एक जिले में 2 से अधिक और एक ही मार्ग पर 1 से अधिक बस अड्डा व टूरिस्ट बस पार्क स्थापित करने की अनुमति नहीं मिलेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### 'शक्ति संवाद' अन्तर्गत डिजिटल निगरानी से सशक्त होंगी ग्रामीण महिलाएँ

गोंडा। महिला सशक्तिकरण और पारदर्शिता की दिशा में गोंडा में एक ऐतिहासिक कदम उठाया जा रहा है। जिला प्रशासन के प्रयासों से 7 मई से ह्यशक्ति संवादह्न नामक एक नई डिजिटल अनुश्रवण प्रणाली की शुरूआत होने जा रही है। यह पहल राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (ठफछट) के तहत स्वयं सहायता समूहों और महिला कैडरों की गतिविधियों और वित्तीय प्रक्रियाओं की लाइव निगरानी सुनिश्चित करेगी। इसके सहयोग से हर दिन शाम 4 बजे जिले के विभिन्न विकासखंडों में महिलाओं द्वारा किए जा रहे कार्यों का डिजिटल अवलोकन किया जाएगा, जिससे यह व्यवस्था पारदर्शिता और सक्रिय भागीदारी को बढ़ावा देगी। यह तकनीकी पहल गोंडा को उत्तर प्रदेश में एक मॉडल जनपद के रूप में प्रस्तुत करेगी। जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने कहा, शक्ति संवाद का उद्देश्य सिर्फ निगरानी करना नहीं, बल्कि ग्रामीण महिलाओं की आर्थिक आत्मनिर्भरता और सक्रिय भागीदारी को भी बढ़ावा देना है। इस पहल में स्वास्थ्य, कृषि, पशुपालन जैसे विभिन्न क्षेत्रों की बैंक सखियों, बीसी सखियों और कैडरों की भूमिका का डिजिटल रिकॉर्ड रखा जाएगा। जबकि, इनके वित्त पोषण के संबंध में विकासखण्डवार सत्यापन करने का फैसला लिया गया है।

**साप्ताहिक समीक्षा रोस्टर इस प्रकार है:**

- बुधवार, 7 मई: हलधरमऊ, इटियाथोक, झंझरी और कटरा बाजार
- गुरुवार: मनकापुर, मुजेहना, नवाबगंज, पंडरी कृपाल
- शुक्रवार: परसपुर, रुपईडीह, तरबगंज, वजीरगंज
- अगले सोमवार: बभनजोत, बेलसर, छपिया, करनैलगंज

सीडीओ अंकिता जैन ने बताया कि ग्राम पंचायतों का चयन संबंधित विकासखंड द्वारा किया जाएगा। सूची पूर्व में गूगल शीट पर दर्ज की जाएगी। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग लिंक एक दिन पहले विभागीय समूहों में साझा किया जाएगा। जिला स्तर पर उपायुक्त स्वतः रोजगार व जिला मिशन प्रबंधक, और ब्लॉक स्तर पर बीडीओ व अन्य अधिकारी नियमित सहभागिता करेंगे।

सीडीओ ने कहा कि यह कार्यक्रम ग्रामीण महिलाओं को केवल लाभार्थी नहीं, बल्कि नीति-निर्धारण की भागीदार बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। यह पारदर्शिता, तकनीक और भागीदारी का ऐसा संगम है जो आने वाले दिनों में गोंडा को प्रदेश में नेतृत्वकर्ता की भूमिका देगा।

## नवनिर्मित अहमदाबाद सिटी मंडल कार्यालय का नवरंगपुरा प्रधान डाकघर भवन में पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने किया उद्घाटन

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



भारत सरकार की तमाम अग्रणी योजनाओं को डाकघरों के माध्यम से प्रमुखता से लागू किया गया है। डाक विभाग 'डिजिटल इण्डिया' और 'वित्तीय समावेशन' संकल्पना को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध है। उक्त उद्गार उत्तर गुजरात परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल श्री कृष्ण कुमार यादव ने 6 मई, 2025 को नवरंगपुरा प्रधान डाकघर भवन में नवनिर्मित अहमदाबाद सिटी मंडल कार्यालय के उद्घाटन के दौरान व्यक्त किये। इस अवसर पर प्रवर अधीक्षक डाकघर श्री विकास पालवे, डिप्टी अधीक्षक श्री एस के वर्मा भी मौजूद रहे। प्रवर डाक अधीक्षक कार्यालय और नवरंगपुरा प्रधान डाकघर दोनों के एक ही भवन में होने से आपसी समन्वय व संचार में सुधार होगा, जिससे सेवाओं की गुणवत्ता बढ़ेगी। प्रवर डाक अधीक्षक अन्य डाकघरों के साथ अब सीधे प्रधान डाकघर के कार्यों की निगरानी कर सकेंगे, जिससे जवाबदेही और प्रदर्शन में वृद्धि होगी। पोस्टमास्टर जनरल श्री कृष्ण कुमार यादव ने नवनिर्मित प्रवर अधीक्षक डाकघर कार्यालय में बैठक कर डाक सेवाओं की विस्तृत समीक्षा की और नवरंगपुरा प्रधान डाकघर का विजिट किया। डाककर्मियों से संवाद करते हुए उन्होंने सभी ग्राहकों के प्रति अच्छे व्यवहार और विभिन्न सेवाओं में आवंटित लक्ष्यों की प्राप्ति पर जोर दिया। लोगों की सुविधा के लिए नवरंगपुरा प्रधान डाकघर में आधार काउंटर का समय बढ़ाकर इसे दो शिफ्टों में करने के निर्देश दिए। डाकघर निर्यात केंद्र का उद्यमियों के बीच ज्यादा प्रचार-प्रसार करते हुए इंटरनेशनल मेल बिजनेस बढ़ाने के भी निर्देश दिए।

## माउंट आबू ज्ञान सरोवर में मीडियाकर्मियों का पॉच दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन संपन्न

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो






माउंट आबू ब्रह्माकुमारी संगठन के ज्ञान सरोवर में चल रहे मीडियाकर्मियों के राष्ट्रीय सम्मेलन के खुले सत्र को सम्बोधित करते केंद्रीय कृषि व किसान कल्याण राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी ने कहा कि देश का अन्नदाता किसान पूरी मेहनत के साथ देश के पालन-पोषण प्रयासरत रहता है।

धरतीपुत्रों को वर्तमान समय में विभिन्न खेती व प्राकृतिक खेती की तरफ अपने कदम बढ़ाने होंगे। लोकतंत्र के चौथे स्तंभ मीडिया का देश को आर्थिक व सामाजिक रूप से विकसित करने में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। शोषित, पीड़ित व वंचित समाज को सशक्त बनाने के लिए मीडियाकर्मियों को हमेशा अपने नेत्रों को खुला रखना है।

संगठन के विज्ञान व तकनीकी प्रभाग के अध्यक्ष मोहन सिंघल ने कहा कि हर व्यक्ति की नजर हमेशा मीडिया की तरफ ही रहती है। मीडिया संसार के हर कोने में हो रही घटनाओं को पलक झपकते ही एक कोने से दूसरे कोने तक पहुंचा देता है। इसी तरह से राजयोग भी मन को एक सैकेंड में इस लौकिक जगत से अलौकिक जगत ब्रह्माण्ड में रहने वाली परमशक्ति से जोड़ देता है।

संगठन के महिला प्रभाग की राष्ट्रीय संयोजिका डॉ. सविता अरोड़ा, साहित्य संपादक, कवि एवं शिक्षाविद् डॉ. विवेक गौतम, सोनीपत डीआईपीआरओ राकेश गौतम, ओम शांति मीडिया एडिटर डॉ. बी.के. गंगाधर, राजयोग प्रशिक्षिका बी.के. योगिनी बहन ने भी मीडिया के विभिन्न विषयों के तहत मीडिया को सशक्त बनाने, समाज को नई दिशा देने, वर्तमान चुनौतियों में मीडिया की सकारात्मक भूमिका तथा मीडिया कर्मियों को सशक्त कैसे बनाया जा सकता है विषय पर विस्तृत प्रकाश डाला।

मल्टी मीडिया प्रमुख सह प्रभाग अध्यक्ष बी०के ०करुणा, प्रभाग उपाध्यक्ष बी० के० आत्मप्रकाश, दिल्ली से आये एक समाचार पत्र के एक्जीक्युटिव चीफ एडिटर विष्णु प्रकाश त्रिपाठी, प्रभाग के राष्ट्रीय संयोजक बी०के० शान्तनु, बी० के० निकुंज, बी० के० सुशांत, बी० के० सरला, जयपुर क्षेत्रीय संयोजिका बी० के० चंद्रकला, डॉ० बी० के० रीना आदि ने भी ह्व वैश्विक शांति और सदभाव के अग्रदूत के रूप में मीडिया की भूमिका विषय पर अपने-अपने विचार व्यक्त किये।

वहीं, कार्यक्रम में देश भर से शामिल हुए मीडियाकर्मियों को शिक्षा प्रभाग की उपाध्यक्ष बी० के० शीलू बहन ने राजयोग का अभ्यास कराते हुये गहन शांति की अनुभुति कराई।

इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में लोकप्रिय राष्ट्रीय हिंदी मासिक जनभावना के संपादक वीरेंद्र सैनी ने प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित राष्ट्रीय मीडिया सम्मेलन को देश हित में बेहद महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि ब्रह्माकुमारी संस्थान राष्ट्रीय मीडिया सम्मेलन के माध्यम से विश्व में शांति-सद्भाव की कड़ी को मजबूत करने का सार्थक प्रयास समय-समय पर करता रहता है।

## खेल से बढ़ता है आपसी भाईचारा : रईस

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



गोंडा। दौलतपुर स्पोर्टिंग क्लब डे नाइट आर्म्स क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया जिसमें में क्षेत्र और जिले की तमाम टीमों ने हिस्सा लिया जिसमें पहला सेमीफाइनल सीबी गुप्ता क्रिकेट क्लब भानपुर प्रधान स्पोर्टिंग क्रिकेट क्लब दौलतपुर माफी के बीच में खेला गया पहले दौर में भानपुर ने खेलते हुए छह ओवर में 48 रन बनाए और जीत के लिए 49 रनों का लक्ष्य रखा दौलतपुर स्पोर्टिंग क्लब द्वारा सात विकेट से भानपुर को पराजित किया गया दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला केसीसी खोडारे और राजा क्रिकेट क्लब हथियागढ़ के बीच में खेला गया जिसमें हथियागढ़ ने 6 ओवर में 54 रन बनाए और जवाब में खोड़ारे ने पांच ओवरों मे हथियागढ़ को हराकर मैच जीत लिया फाइनल मुकाबला '‚ खोड़ारे के बीच मे रोमांचक मुकाबला खेला गया खोडारे ने पहले खेलते हुए 39 रनो का लक्ष्य रखा प्रधान स्पोर्टिंग क्लब दौलतपुर के लिए दौलतपुर ने शानदार पारी की शुरूआत करते हुए मात्र तीन ओवर में फाइनल मैच जीत लिया समापन के अवसर पर समाजवादी पार्टी अल्पसंख्यक सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रईस अहमद ने संबोधित करते हुए कहा की खेल का आयोजन एक पुण्य का काम है इससे हमारे क्षेत्र की प्रतिभाओं की खोज होती है उन्हें आगे बढ़ने और बढ़ाने का मौका मिलता है खेल से आपसी भाईचारा और सद्भाव बढ़ता है और मानसिक और शारीरिक विकास भी होता है और यही युवा हमारे देश का भविष्य है इन्हीं के हाथों में देश की बागडोर आनी है कोई किसी बच्चे के बारे में किसी के भविष्य के बारे में नहीं जानता है कि कौन कितना होनहार निकलेगा और इसमें से कौन सा बच्चा जिला और प्रदेश और देश का नाम रोशन करेगा जिस भी दिशा में आप लोगों को जाना है उसके लिए जुनून जरूरी है और जुनून से ही सफलता मिलेगी और आप सब को जिले का और प्रदेश का और इस देश का नाम रोशन करने के लिए और देश की एकता और अखंडता के लिए वचनबद्ध होना चाहिए

इस अवसर पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रईस अहमद द्वारा कमेटी द्वारा घोषित इनाम प्रथम विजेता टीम को 10000 और उपविजेता टीम को 5 हजार नकदऔर ट्रॉफी देकर और मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया इस अवसर पर प्रधान अबरार अली मास्टर रहमत रंजीत वर्मा शोएब रजा अब्दुल वहाब मोहम्मद अजहरूद्दीन शकील ,मास्टर अब्दुल कलाम इरफान अहमद कॉमेंटेटर का कार्य संयुक्त रूप से अजमत अली और फखरुद्दीन ने किया अंपायर का कार्य मास्टर जमाल अहमद वह छोटू भाई ने किया और भारी संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

## आधे अधूरे बंटवारे के खिलाफ थे बाबा साहब अम्बेडकर : भवानजी

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो




मुंबईः वरिष्ठ भाजपा नेता और मुंबई के पूर्व उप महापौर बाबू भाई भवानजी ने कहा है कि भारत के विभाजन के समय बाबा साहब अम्बेडकर पूरी तरह से जनसंख्या की अदला बदली के पक्ष में थे और वे आधे अधूरे बंटवारे के सख्त खिलाफ थे। आज एक बयान में भवानजी ने कहा कि आज खुलासा हो रहा है कि सीआरपीएफ के कई मुस्लिम जवानों जम्मू कश्मीर पुलिस के कई मुस्लिम जवान तथा कुछ सेना के मुस्लिम जवानों ने भी पाकिस्तानी लड़कियों से शादी की है

उन्होंने सवाल किया कि यह कैसे उठाएंगे बंदूक उस सेना के खिलाफ जिसमें इनका अपना साला या अन्य ससुराल पक्ष के लोग शामिल होंगे। उन्होंने कहा क्या वो लड़की क्रकएजेंट नहीं हो सकती? मुझे समझ नहीं आ रहा जब तुम लोगों को इधर उधर अपनी बेटियां ब्याहनी है, तारों के नीचे से इधर आना है तो 1947 में अलग देश की मांग की ही क्यों थी? भवानजी ने कहा कि आखिर यह देश चल कैसे रहा है जिसमें आपकी 10 प्रतिशत से ज्यादा की आबादी आपके देश की है ही नहीं। या तो उसमें मां पाकिस्तानी है या बाप पाकिस्तानी है। या फिर पूरी तरह से अवैध तरीके से भारत में घुसे हैं। उन्होंने कहा कि शायद इसीलिए डॉ आंबेडकर जनसंख्या को पूरी तरह से एक्सचेंज करने के पक्ष में थे न कि आधे अधूरे बंटवारे के पक्ष में।

## सीता नवमी महोत्सव: परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी और माननीय मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता जी का पावन सान्निध्य

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो


- श्री अजय भाई जी, राष्ट्र मन्दिर विश्व रामायण आश्रम के सान्निध्य में आयोजित सीताजी, नारीत्व की पराकाष्ठा: स्वामी चिदानन्द सरस्वती

ऋषिकेश, दिल्ली। तीन दिवसीय श्री सीता नवमी महोत्सव का भव्य आयोजन दिल्ली में श्रद्धा, संस्कृति और संकल्प के साथ संपन्न हुआ। इस दिव्य अवसर पर परमार्थ निकेतन, ऋषिकेश के अध्यक्ष स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी, दिल्ली की माननीय मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता जी, तथा राष्ट्र मंदिर विश्व रामायण आश्रम के, श्री अजय भाई जी का पावन सान्निध्य प्राप्त हुआ` स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी ने माँ सीता नवमी के इस पावन पर्व पर कहा कि माँ सीता भारतीय संस्कृति की आत्मा हैं। भारतीय संस्कृति का हृदय प्रभु श्रीराम है, तो उसकी आत्मा माँ सीता हैं। उनका जीवन नारीत्व की गरिमा, त्याग की पराकाष्ठा, और धर्म के प्रति अटूट निष्ठा की जीवंत अभिव्यक्ति है। माँ सीता उस सनातन चेतना की प्रतिमूर्ति हैं, जो हर युग में नारी शक्ति को दिशा, दृष्टि और दृढ़ता का संदेश देती आ रही है। स्वामी जी ने कहा कि रामायण, भारतीय सभ्यता का दर्पण है, और उसमें माँ सीता वह दीप हैं जो इस दर्पण को आलोकित करती हैं। सीता जी हमारी संस्कृति की पहचान हैं, हमारी प्रेरणा हैं, हमारे प्राण हैं। मां सीता माता सीता केवल इतिहास का एक दिव्य चरित्र नहीं हैं, बल्कि वे हर नारी के भीतर बसने वाली वह शक्ति हैं, जो अपने परिवार, समाज और संस्कृति के लिए निःस्वार्थ भाव से समर्पित रहती है, सीता नवमी, आत्मचिंतन का अवसर है। आज दिन हमें यह संकल्प लेने का अवसर देता है कि हम नारी शक्ति का आदर करेंगे, उसके अधिकारों की रक्षा करेंगे और अपने जीवन में धर्म, प्रेम और मयार्दा को स्थान देंगे। मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता जी ने अपने भावपूर्ण संबोधन में कहा कि माँ सीता हर युग की नारियों के लिए आदर्श हैं। आज जब हम नारी सशक्तिकरण की बात करते हैं, तो हमें सीताजी की तरह नारी के आत्मसम्मान, आत्मबल और धैर्य को आदर्श बनाना होगा। हमें बेटियों को केवल आगे बढ़ाना नहीं, बल्कि उन्हें अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ना भी होगा।

## विनोबा विचार प्रवाह: एकवर्षीय मौन का 131 वां दिन!

कल हरदोई में प्रिय दिनेश भाई के त्रयोदशी में जाना हुआ था।वहां से अपने परिवार के साथी समीर सक्सेना के पूज्य पिता जी प्रसिद्ध एडवोकेट आयकर एस बी सक्सेना (88 वर्ष) वह भगवान के प्यारे हो गए तो मोक्ष धाम शाहजहांपुर में अंत्येष्टि संस्कार में ब्रजेश भाई के साथ जाना हुआ। समीर भाई रोटरी क्लब शाहजहांपुर के सचिव एडवोकेट हैं। समीर सौरभ की मां सामाजिक कार्यों से निरंतर जुड़कर अनेक कार्यक्रम करती रहती हैं। समीर ज्योति दंपति उनकी उन कामों में खूब मदद करते रहे हैं। विनोबा विचार प्रवाह परिवार की ओर से श्रद्धांजलि।






मन सबसे बड़ा बेगवान साधन है विनोबा। गीता में भगवान ने अर्जुन से कहा था कि अर्जुन वे सब मर चुके हैं,तू सिर्फ निमित्तमात्र बन , उसी तरह से भगवान भूदान के काम में बाबा को निमित्तमात्र बनाना।चाहता है। बाबा गरीबों के।पास केवल जमीन पहुंचाना नहीं चाहते बल्कि वह यज्ञरूप में पहुंचे। बाबा का काम है प्रेम के मार्ग से दुनिया को समझाकर उनको उस मार्ग पर ले जाना। बाबा तो केवल विचार देने वाला व्यक्ति है किसी पर विचार लादूंगा नहीं। हर किसी को अपने विचार फैलाने का अधिकार होना ही चाहिए। जनता को अधिकार है वह उसमें से अच्छा विचार ग्रहण करे। चुनाव करने का काम जनता का है। बाबा जो राह बता रहा है वह बेहतर है फिर भी उस राह को पकड़ना जनता का ही काम है। बाबा के तीन सूत्र हैं। 1 बाबा का विचार समझकर कोई नहीं देता तो बाबा दुखी नहीं होता क्योंकि आज नहीं तो कल समझकर देगा। विचार बीज उगे बगैर नहीं रहता। 2 बाबा का विचार समझकर अगर कोई देता है तो उससे बाबा को आनंद होता है।क्योंकि उससे सब ओर सद्भावना पैदा होती है। 3 बाबा का विचार समझे बगैर ,किसी दबाव के कारण अगर कोई जमीन देता , तो उससे बाबा को दुख होता। क्योंकि जमीन बटोरना बाबा का काम नहीं बल्कि सर्वोदय और साम्ययोग की वृत्ति तैयार करके दान लेना है। कई बार लोग पूछते हैं कि पैदल ही क्यों? बाबा कहते थे कि यदि हम हवाई जहाज में घूमते तो मेरा काम भी हवा में उड़ जाता।लेकिन हम जमीन पर पैर रखकर घूम रहा हूं इसलिए मेरा काम भी जमीन पर ही है। मोटर आदि की यात्रा से मानपत्र मिल जाते लेकिन हमें तो दान पत्र चाहिए थे। अगर हमें अहिंसा का संशोधन करना है तो खुली हवा और खुले आकाश के नीचे घूमना चाहिए। वेदों ने आज्ञा दी है कि जो चलता है, वह कृतयुग में रहता है कृतम संपद्यते चरन। वाहन से चलने पर हम शहरों में सुलभता से पहुंच पाते। देश के हृदय तक पहुंचने के लिए पैदल हीचलना उत्तम है। जनता के विचारों में प्रवेश तभी संभव है। इसलिए बाबा ने मोटरकार का तरीका छोड़कर पैदल का रास्ता चुना। बाबा पैदल को अस्त्र मानते थे। बाबा हवाई जहाज के विरोधी नहीं।बल्कि इससे भी ज्यादा रफ्तार वाले के हामी हैं। लेकिन मनुष्य की आंख की बराबरी चश्मा नहीं कर सकता, वैसे ही पैदल यात्रा की बराबरी हवाई जहाज नहीं कर सकता।

# एनसीआर राज्य पटाखों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने में विफल रहे तो अवमानना कार्रवाई की जाएगी: उच्चतम न्यायालय



**नयी दिल्ली,** (भाषा) उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को उत्तर प्रदेश, राजस्थान और हरियाणा सरकार को निर्देश दिया कि वे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में आने वाले इलाकों में पटाखों पर ''सख्ती से'' प्रतिबंध सुनिश्चित करें, अन्यथा अवमानना कार्रवाई की जाएगी।

न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने सरकारों से पर्यावरण संरक्षण अधिनियम (ईपीए) के तहत निर्देश जारी करने को कहा, जिसमें सभी प्रकार के पटाखों के निर्माण, बिक्री, भंडारण और ऑनलाइन उपलब्धता पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए। इसने कहा कि न केवल इस न्यायालय के आदेश, बल्कि ईपीए की धारा 5 के तहत जारी निर्देशों को राज्यों के सभी कानून प्रवर्तन तंत्रों के माध्यम से सख्ती से लागू किया जाना चाहिए।

अधिनियम की धारा 5 में कहा गया है कि केन्द्र सरकार अपनी शक्तियों का प्रयोग करते हुए पर्यावरण प्रदूषण को विनियमित करने के लिए किसी भी अधिकारी या प्राधिकरण को निर्देश जारी कर सकती है।

शीर्ष अदालत ने कहा कि राज्य सरकारों को पटाखों पर प्रतिबंध का ''ईमानदारी से कार्यान्वयन'' सुनिश्चित करना चाहिए और प्रतिबंध को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए एक तंत्र बनाना चाहिए।

इसने कहा, ''हम यह भी स्पष्ट करना चाहते हैं कि यदि इन सरकारों और अन्य संस्थाओं के अधिकारी न्यायालय द्वारा जारी निर्देशों को लागू करने में विफल रहते हैं तो न्यायालय की अवमानना अधिनियम, 1971 और पर्यावरण संरक्षण अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा सकती है। एनसीआर के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों से संबंधित सभी राज्यों को व्यापक अनुपालन हलफनामा दाखिल करना होगा। हम राज्य सरकारों को पर्यावरण संरक्षण अधिनियम की धारा 5 के तहत लगाए जाने वाले प्रतिबंध और जुर्माने का व्यापक प्रचार करने का भी निर्देश देते हैं।''

न्यायालय ने तीन अप्रैल को दिल्ली-एनसीआर में पटाखों के निर्माण, भंडारण और बिक्री पर लगाए गए प्रतिबंध में ढील देने से इनकार कर दिया था और कहा था कि वायु प्रदूषण का स्तर काफी समय से चिंताजनक बना हुआ है। इसने कहा कि आबादी का एक बड़ा हिस्सा सड़कों पर काम करता है और प्रदूषण से सबसे ज्यादा प्रभावित है, तथा हर कोई प्रदूषण से लड़ने के लिए अपने घर या कार्यस्थल 'एयर प्यूरीफायर' लगाने का खर्च नहीं उठा सकता।

न्यायालय ने कहा कि जब तक वह इस बात से संतुष्ट नहीं हो जाता कि ''तथाकथित'' हरित पटाखों के कारण होने वाला प्रदूषण न्यूनतम है, तब तक पिछले आदेशों पर पुनर्विचार करने का कोई सवाल ही नहीं उठता।

पीठ ने कहा कि दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में सिर्फ दीपावली के आसपास पटाखों पर प्रतिबंध लगाना निरर्थक होगा, क्योंकि इन्हें पहले से खरीदा और संग्रहीत किया जा सकता है। शीर्ष अदालत ने दिसंबर, 2024 में उत्तर प्रदेश और हरियाणा सरकारों को अगले आदेश तक पटाखों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का निर्देश दिया था।

इसके बाद अदालत ने कहा कि दिल्ली सरकार ने तत्काल प्रभाव से पूरे वर्ष पटाखों के निर्माण, भंडारण और बिक्री तथा ऑनलाइन उपलब्धता पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया। पीठ ने इस बात पर जोर दिया कि प्रतिबंध तभी प्रभावी है, जब ''एनसीआर क्षेत्र का हिस्सा बनने वाले अन्य राज्यों ने भी'' ऐसे उपाय लागू किए हों।

## इंडोनेशिया में मौत की सजा पाए भारतीयों को सहायता प्रदान की जा रही है: केंद्र

नयी दिल्ली, (भाषा) केंद्र ने मंगलवार को दिल्ली उच्च न्यायालय को अवगत कराया कि इंडोनेशिया में भारतीय दूतावास वहां मौत की सजा पाए तीन भारतीयों को कानूनी सहायता सहित अन्य सहायता प्रदान कर रहा है।

न्यायमूर्ति सचिन दत्ता को केंद्र के वकील ने आश्वासन दिया कि अधिकारी सहायता प्रदान करना जारी रखेंगे। इंडोनेशिया में दोषी ठहराए गए तीन भारतीयों के जीवनसाथियों की याचिका पर सुनवाई करते हुए अदालत ने स्थिति रिपोर्ट तलब की और अगली सुनवाई की तिथि चार अगस्त तय की है। तमिलनाडु के रहने वाले राजू मुथुकुमारन, सेल्वादुरई दिनाकरन और गोविंदसामी विमलकांधन को जुलाई 2024 में लीजेंड एक्वेरियस कार्गो जहाज पर 106 किलोग्राम क्रिस्टल मेथ की तस्करी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। उन्हें 25 अप्रैल को इंडोनेशिया के तंजुंग बलाई करीमुन जिला न्यायालय द्वारा मादक पदार्थ कानून के उल्लंघन के लिए मौत की सजा सुनाई गई थी।

# डेंगू कार्य योजना के मसौदे में अधिक दंड और नोडल अधिकारियों की नियुक्ति का प्रस्ताव



**नयी दिल्ली,** (भाषा) राष्ट्रीय राजधानी में 'डेंगू कार्य योजना 2025' के मसौदे में मच्छरों के खतरे से निपटने के लिए दिल्ली नगर निगम (डीएमसी) अधिनियम, 1957 के तहत दंड में वृद्धि से लेकर जल बोर्ड को पानी के रिसाव को ठीक करने का निर्देश देने और हर निजी व सरकारी कार्यालय में नोडल अधिकारी नियुक्त करने के प्रस्ताव सहित कुछ प्रमुख उपायों को शामिल किया गया है।

'पीटीआई-भाषा' के पास मौजूद मसौदे के अनुसार, एक व्यापक डेंगू कार्य योजना पर काम जारी है, जिसका उद्देश्य सख्त कानूनी प्रवर्तन, गहन निगरानी और बेहतर अंतर-विभागीय समन्वय के माध्यम से मच्छर जनित बीमारियों से निपटना है।

योजना में मच्छरों के प्रजनन वाली जगह पाई जाने पर डीएमसी अधिनियम की संशोधित धारा 428 के तहत दंड में वृद्धि का प्रस्ताव है।

हालांकि, मसौदे में प्रस्तावित जुर्माने की राशि या इसे कितना बढ़ाया जा सकता है, इसका उल्लेख नहीं है।

योजना के हिस्से के रूप में, शिक्षा विभाग को सुबह की प्रार्थना सभाओं के माध्यम से स्कूली बच्चों के बीच जागरूकता सुनिश्चित करने और पाठ्यपुस्तकों में शामिल करने के लिए आयु-वार पाठ्यक्रम सामग्री विकसित करने के लिए कहा जाएगा, ताकि मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम पर ध्यान केंद्रित किया जा सके।

सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग को मच्छर वाली जगहों की नियमित निगरानी, चालान व कानूनी नोटिस जारी करने और अन्य विभागों के साथ समन्वय करने का काम सौंपा जाएगा।

इंजीनियरिंग विभागों और नागरिक एजेंसियों को जलरोधी संरचनाओं को रचना करने और जल संचय को रोकने के लिए भूमि समतलीकरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।

दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) को असुरक्षित तरीके से पानी जमा करने के चलन को छोड़कर सभी कॉलोनियों में पाइपलाइनों के माध्यम से पर्याप्त पीने योग्य पानी की आपूर्ति करने का निर्देश दिया गया है।

मसौदे के अनुसार, जल बोर्ड को 'वाल्व चैंबर' और 'बूस्टर स्टेशन' पर रिसाव व पानी के ठहराव को भी रोकना है, साथ ही यह सुनिश्चित करना है कि निर्माण स्थल पर पानी रुका हुआ न रहे।

अस्पतालों सहित सभी सरकारी और निजी कार्यालयों को यह सुनिश्चित करने के लिए एक नोडल अधिकारी नियुक्त करना होगा कि परिसर में मच्छर पैदा न हों।

स्वास्थ्य विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, ''हर वर्ष की तरह, हम रोकथाम सुनिश्चित करने के लिए यह योजना तैयार कर रहे हैं। जागरूकता सबसे महत्वपूर्ण घटक है।'' उन्होंने बताया, ''बुनियादी स्वच्छता और रखरखाव के साथ, हम इन बीमारियों से बच सकते हैं लेकिन दुर्भाग्य से, लोग अक्सर इसकी उपेक्षा करते हैं।''

अधिकारी ने बताया कि कार्य योजना 2025 तैयार है और जल्द ही जारी की जाएगी।

# बिहार में 'लाठीमार सरकार', शिक्षक भर्ती परीक्षा मामले की न्यायिक जांच हो : कन्हैया कुमार



**नयी दिल्ली,** (भाषा) कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार ने पटना में शिक्षक भर्ती परीक्षा के पूरक परिणाम जारी करने की मांग को लेकर धरना दे रहे अभ्यर्थियों पर लाठीचार्ज की मंगलवार को निंदा की और आरोप लगाया कि राज्य में ''फर्जी डबल इंजन' वाली 'लाठीमार सरकार' है।

उन्होंने संवाददाताओं से बातचीत में यह भी कहा कि लाठीजार्च और शिक्षक भर्ती परीक्षा में कथित अनियमितता की न्यायिक जांच तथा बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) का ऑडिट होना चाहिए।

बिहार की राजधानी पटना में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सरकारी आवास के पास मंगलवार को शिक्षक भर्ती परीक्षा के पूरक परिणाम जारी करने की मांग को लेकर धरना दे रहे अभ्यर्थियों पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया, जिससे वहां अफरा-तफरी मच गई।

प्रदर्शनकारियों ने शिक्षक भर्ती परीक्षा (टीआरई-3) के पूरक परिणाम जारी करने की मांग को लेकर एक, अणे मार्ग स्थित मुख्यमंत्री आवास के गेट के बाहर प्रदर्शन किया।


भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) के प्रभारी कन्हैया कुमार ने यहां संवाददाताओं से कहा, ''पटना में बिहार के अभ्यर्थियों पर पुलिस ने फिर से बर्बर लाठीचार्ज किया है। यह पहला मामला नहीं है। पहले भी कई बार अभ्यर्थियों पर लाठीचार्ज किया गया है। यह सब इसलिए भी हो रहा है, क्योंकि डबल इंजन की फर्जी सरकार अहंकार में है।'' उन्होंने दावा किया कि बिहार में नौकरियों का अंबार होना चाहिए, लेकिन वहां ''लाठियों की बौछार'' है।

कुमार ने कहा, ''प्रदेश में बेरोजगारी दर, देश की बेरोजगारी दर से ज़्यादा है और ग्रामीण क्षेत्र की बेरोजगारी (दर) तो और भी चिंताजनक है। प्रदेश में छात्र अपना भविष्य बेहतर बनाने के लिए बहुत ही अमानवीय स्थिति में रहते हैं और संघर्ष करते हैं, लेकिन जब नौकरी का नंबर आता है तो उनके साथ अन्याय होता है।'' उनके मुताबिक, बिहार में लगभग 4 लाख पद खाली हैं और 2 लाख पद अकेले शिक्षा के क्षेत्र में खाली हैं, लेकिन उन्हें भरा नहीं जा रहा है।

कुमार ने कहा, ''पटना में छात्रों पर लाठीचार्ज बेहद दुखद और चिंता का विषय है। हम उसकी कड़ी भर्त्सना करते हैं।'' उन्होंने आरोप लगाया कि बिहार में 'फर्जी डबल इंजन' वाली सरकार और 'लाठीमार सरकार' है।

कांग्रेस नेता ने कहा, ''बिहार में पलायन, रोजगार और शिक्षा की स्थिति बहुत ही अहम मुद्दा है। कांग्रेस पार्टी छात्र हितों के लिए उनके साथ मजबूती से खड़ी है।''

# पंजाब की 'आप' सरकार दिल्ली में पानी की कमी पैदा करने की साजिश रच रही: प्रवेश वर्मा



नयी दिल्ली, (भाषा) राष्ट्रीय राजधानी के जल मंत्री प्रवेश वर्मा ने आम आदमी पार्टी (आप) नीत पंजाब सरकार पर दिल्ली को उसके हिस्से का पानी न देने की साजिश रचने का मंगलवार को आरोप लगाया।

वर्मा ने कहा कि दिल्ली में पिछले छह दिनों से लगातार पानी की कम आपूर्ति की जा रही है। पहले, एक मई को 88 क्यूसेक और फिर पांच मई को 130 क्यूसेक कम आपूर्ति की गई। उन्होंने एक बयान में कहा, ''पंजाब सरकार दिल्ली को उसके हिस्से के पानी से वंचित रखने की साजिश रच रही है। वे राजधानी में फरवरी में हुए चुनाव में 'आप' की हार का बदला लेने के लिए दिल्ली की जनता से पानी की आपूर्ति को लेकर गंदी राजनीति कर रहे हैं।' मंत्री ने कहा कि रोजाना पानी की कम आपूर्ति किए जाने से दिल्लीवासियों को परेशानी हो रही है, खासकर गर्मियों के मौसम में। उन्होंने पानी की कम आपूर्ति किए जाने की निंदा की और आश्वासन दिया कि भाजपा सरकार जनता को परेशान नहीं होने देगी।

वर्मा ने पिछले सप्ताह भी 'आप' सरकार पर हरियाणा एवं दिल्ली के पानी के उचित हिस्से को 'रोककर' ''गंदी राजनीति'' करने का आरोप लगाया था। इस मामले पर 'आप' ने तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

उन्होंने यह बयान ऐसे समय दिया है जब भाखड़ा बांध से पानी के बंटवारे को लेकर पंजाब और हरियाणा के बीच गतिरोध जारी है।

# कॉपीराइट मामले में रहमान व 'पोन्नियिन सेलवन 2' के निर्माताओं के खिलाफ अंतरिम आदेश पर रोक




नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली उच्च न्यायालय ने मंगलवार को संगीतकार एआर रहमान और फिल्म 'पोन्नियिन सेलवन 2' के निर्माताओं के खिलाफ एक संगीत रचना को लेकर कॉपीराइट मामले में जारी अंतरिम आदेश पर रोक लगा दी।

न्यायमूर्ति सी हरि शंकर और न्यायमूर्ति अजय दिगपॉल की खंडपीठ ने रहमान एवं फिल्म के निर्माताओं को एकल पीठ के निर्देशानुसार 10 दिनों के भीतर रजिस्ट्री में दो करोड़ रुपये जमा करने का निर्देश दिया।

उच्च न्यायालय की एकल पीठ ने 25 अप्रैल को अंतरिम आदेश में जूनियर डागर बंधुओं- दिवंगत उस्ताद एन फैयाजुद्दीन डागर और दिवंगत उस्ताद जहीरुद्दीन डागर- को संगीत रचना का उचित श्रेय देने के लिए सभी ओटीटी और ऑनलाइन मंचों पर फिल्म में एक तस्वीर डालने का भी आदेश दिया था।

खंडपीठ ने इस निर्देश पर भी रोक लगा दी। रहमान की स्थगन याचिका और एकल न्यायाधीश के आदेश को चुनौती देने वाली अपील पर अब 23 मई को सुनवाई होगी।

एकल न्यायाधीश ने दो लाख के जुर्माने की राशि दिवंगत कलाकारों के परिजनों को देने का आदेश दिया था।

एकल पीठ ने अंतरिम आदेश में एक श्रोता के दृष्टिकोण से फैसला सुनाया था कि फिल्म में रहमान के गीत 'वीरा राजा वीरा' का मूल स्वर, भावना और प्रभाव न केवल 'शिव स्तुति' से प्रेरित है बल्कि वास्तव में उसके समान ही है। आदेश के मुताबिक, यह भगवान शिव को समर्पित संगीतमय श्रद्धांजलि के मूल रचनाकारों के अधिकारों का उल्लंघन है।

फैयाजुद्दीन डागर के बेटे और जहीरुद्दीन डागर के भतीजे उस्ताद फैयाज वसीफुद्दीन डागर ने मुकदमे में दलील दी कि उनके पास जूनियर डागर बंधुओं की सभी मूल रचनाओं का 'कॉपीराइट' है, जिसमें 'शिव स्तुति' भी शामिल है और इसका प्रतिवादियों ने अवैध रूप से उल्लंघन किया है।

रहमान, 'मद्रास टॉकीज' और लाइका प्रोडक्शंस को मुकदमे के अंतिम नतीजे तक के लिए अदालत में दो करोड़ रुपये जमा कराने का आदेश दिया गया था, जिसे सावधि जमा के रूप में रखा जाएगा। रहमान के वकील ने अदालत में दलील थी कि 'शिव स्तुति' पारंपरिक ध्रुपद शैली पर आधारित है, जो सार्वजनिक है और चूंकि गाना गाने का तरीका और रचना मूल नहीं थी, इसलिए यह याचिका 'कॉपीराइट' संरक्षण के योग्य नहीं है।

# पिता बीजू पटनायक को मिलने वाला सम्मान स्वीकार करने के लिए नवीन दिल्ली जाएंगे



भुवनेश्वर, (भाषा) ओडिशा विधानसभा में विपक्ष के नेता और बीजू जनता दल (बीजेडी) अध्यक्ष नवीन पटनायक अपने पिता बीजू पटनायक को रूसी दूतावास से मिलने वाले सम्मान को स्वीकार करने के लिए नयी दिल्ली जाएंगे। पार्टी सूत्रों ने यह जानकारी दी।

बीजू पटनायक को सम्मान द्वितीय विश्व युद्ध में 'स्टालिनग्राद ऑपरेशन' में योगदान के लिए दिया जाएगा। भारत में रूसी राजदूत डेनिस अलीपोव ने पटनायक को नौ मई को नयी दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में 'गेस्ट ऑफ ऑनर' के रूप में आमंत्रित किया है। रूस में यह दिन 'विक्ट्री डे' के तौर पर मनाया जाता है, जो नाज़ी जर्मनी की हार का प्रतीक है।

सूत्रों ने बताया, ''पटनायक नौ मई को नयी दिल्ली में आयोजित इस समारोह में भाग लेंगे।''

अलीपोव ने पटनायक को लिखे पत्र में कहा, ''उन वीरों में जिन्हें हम श्रद्धांजलि देते हैं, आपके दिवंगत पिता माननीय श्री बीजू पटनायक जी भी शामिल हैं, जो इंडियन नेशनल एयरवेज के बहादुर पायलट थे। उन्होंने स्टालिनग्राद ऑपरेशन में भाग लिया था और लाल सेना को हथियारों की आपूर्ति की थी।'' स्टालिनग्राद की लड़ाई जुलाई 1942 से फरवरी 1943 तक चली थी।

पत्र में कहा गया है कि रूस उन सभी लोगों को सम्मानित करेगा जिन्होंने नाज़ीवाद के खिलाफ साथ मिलकर संघर्ष किया। इस कार्यक्रम में विदेश मंत्री एस जयशंकर मुख्य अतिथि होंगे।

# भाजपा के सहयोगी ने जनसंख्या आधारित परिसीमन की मांग की, दक्षिणी राज्यों के विरोध को नकारा



नयी दिल्ली, (भाषा) भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सहयोगी और पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुशवाहा ने मंगलवार को परिसीमन से जुड़े विवादास्पद मुद्दे को लेकर एक नया मोर्चा खोलते हुए मांग की कि लोकसभा की सीट संख्या आबादी के अनुपात में बढ़ाई जाए। उन्होंने इस दृष्टिकोण के खिलाफ दक्षिणी राज्यों की दलीलों को गलत करार दिया।


राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि बढ़ती आबादी के कारण दक्षिणी क्षेत्र को लोकसभा सीट में उनकी हिस्सेदारी के मामले में लाभ हुआ, जबकि बिहार और उत्तर प्रदेश जैसे हिंदी भाषी राज्यों में इसकी वृद्धि सीमित रही।

उन्होंने दावा किया, ''दक्षिणी राज्य अब बिहार और उत्तर प्रदेश को समान लाभ से वंचित करना चाहते हैं। यह ऐसा है जैसे कोई व्यक्ति पहले भोज में खाना खा चुका हो और उसके बाद मांग करने लगे कि कतार में खड़े बाकी लोगों को भोजन नहीं परोसा जाए।''

उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत के संविधान में प्रत्येक वोट को समान चुनावी मूल्य दिया गया है और हिंदी भाषी राज्यों के नागरिकों का यह अधिकार है कि उनकी संख्या के अनुसार लोकसभा में सीट आवंटित की जाए।

उन्होंने कहा, ''मैं केंद्र सरकार से आग्रह करूंगा कि वह दक्षिणी राज्यों के दबाव में ना आए और जनसंख्या के आधार पर परिसीमन की कवायद करे।''

# मेट गाला में सब्यसाची के डिजाइन किये परिधान में नजर आए शाहरुख खान



नयी दिल्ली, (भाषा) मशहूर अभिनेता शाहरुख खान ने सोमवार रात न्यूयॉर्क के मेट्रोपोलिटन म्यूजियम ऑफ आर्ट में आयोजित मेट गाला में शिरकत की और सब्यसाची द्वारा डिज़ाइन किए गए काले रंग के परिधान, क्रिस्टल चेन व 'स्टाइलिश स्टिक' के साथ जलवा बिखेरा।

विश्व स्तर पर भारत के सबसे लोकप्रिय चेहरों में से एक 'किंग खान' ने बाहें फैलाकर अपनी विशिष्ट मुद्रा प्रस्तुत कर वहां एकत्रित भीड़ का दिल जीत लिया, जिनमें से कुछ उनसे परिचित थे और कुछ अपरिचित।

जब विदेशी मीडिया के एक सदस्य ने 59 वर्षीय सुपरस्टार से अपना परिचय देने के लिए कहा तो उन्होंने जवाब दिया, ''मैं शाहरुख हूं।''

उनका यह जवाब सोशल मीडिया पर वायरल हो गया और कई प्रशंसकों ने शाहरुख की विनम्रता की प्रशंसा की, जबकि कुछ ने अज्ञानता के लिए अंतर्राष्ट्रीय मीडिया की आलोचना की।

शाहरुख ने अपने गले में एक हार में 'के' अक्षर के आकार का क्रिस्टल जड़ित पेंडेंट पहना हुआ था, जो शायद उनके उपनाम 'किंग खान' का प्रतीक था। सोमवार रात न्यूयॉर्क के मेट्रोपोलिटन म्यूजियम ऑफ आर्ट में आयोजित सितारों से भरे इस कार्यक्रम के नीले कालीन पर चलते हुए अभिनेता ने उत्साहित प्रशंसकों का सौम्यता के साथ अभिवादन स्वीकार किया।

इस कार्यक्रम में पहली बार शरीक हुए शाहरुख ने टस्मानियाई ऊन से बना लंबा कोट पहना था, जिसे जापानी हॉर्न बटन, सिल्क शर्ट, ऊनी ट्राउजर और साटन कमरबंद के साथ तैयार किया गया।

सब्यसाची ने बताया कि यह कोट हाथ से तैयार किया गया है। इस वर्ष के मेट गाला का विषय ''सुपरफाइनः टेलरिंग ब्लैक स्टाइल'' है।

शाहरुख ने 'टाइम' को बताया कि यह उनके लिए देश का प्रतिनिधित्व करने का अवसर था।

उन्होंने कहा, ''भारत आज वैश्विक मंच पर अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहा है, और इस थीम में कला के जरिए क्रांति व समाधान की बात कही गई, जो मुझे पसंद आई।''

सब्यसाची ने कहा, ''जब आपके पास शाहरुख खान जैसे व्यक्ति हों, तो वही सबसे बड़ा प्रतिनिधित्व है। वह जादूगर, सुपरस्टार और आइकन हैं।''

शाहरुख और उनकी प्रबंधक पूजा डडलानी शनिवार को न्यूयॉर्क पहुंचे थे और अभिनेता के सब्यसाची के डिजाइन वाले कपड़े पहनने की पुष्टि सोमवार सुबह पूजा ने की थी।

मेट गाला एक फैशन कार्यक्रम है जो हर साल न्यूयॉर्क शहर के मेट्रोपॉलिटन म्यूजियम ऑफ आर्ट के कॉस्ट्यूम इंस्टीट्यूट के लिए धन जुटाने के लिए आयोजित किया जाता है।

## बैंकॉक से मॉस्को जा रहा एयरोफ्लोत का विमान आपात स्थिति में दिल्ली में उतरा

नयी दिल्ली, (भाषा) बैंकॉक से 400 से अधिक लोगों को लेकर मॉस्को जा रहा एयरोफ्लोत का एक विमान मंगलवार को आपातस्थिति में दिल्ली हवाई अड्डे पर उतरा।

सूत्र ने बताया कि विमान संख्या एसयू273 को केबिन में संदिग्ध धुएं के कारण दिल्ली की ओर मोड़ दिया गया। रूसी विमानन कंपनी एयरोफ्लोत से अभी संपर्क नहीं किया जा सका है। सूत्र ने बताया कि विमान दोपहर करीब 3.50 बजे आपातस्थिति में उतरा। विमान में 400 से अधिक लोग सवार थे। उड़ानों पर नजर रखने वाली वेबसाइट फ्लाइटरडार24 डॉट कॉम पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार, यह विमान बोइंग 777-300 ईआर है।

**खोया पाया**

मेरा इंटरमीडिएट वर्ष 2013 अनुक्रमांक 0613523 का प्रमाणपत्र सहअंकपत्र वास्तव में खो गया है। **देवानन्द पुत्र रामफल गांव बेरखेडा पोस्ट कमेलपुर जनपद अमरोहा।**

# भाजपा ने मोदी के जम्मू कश्मीर दौरा रद्द करने संबंधी खरगे की टिप्पणी को गैरजिम्मेदाराना बताया



नयी दिल्ली, (भाषा) पहलगाम हमले से कुछ दिन पहले प्रतिकूल खुफिया जानकारी के कारण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जम्मू कश्मीर की उनकी यात्रा रद्द किए जाने का आरोप लगाने के लिए मल्लिकार्जुन खरगे की आलोचना करते हुए भाजपा ने कहा कि पाकिस्तान के साथ बढ़ते तनाव के समय कांग्रेस अध्यक्ष इससे अधिक गैरजिम्मेदाराना टिप्पणी नहीं कर सकते थे।

भाजपा नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कहा कि खरगे राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दे पर विवादास्पद टिप्पणी करने वाले अपनी पार्टी के नेताओं को नियंत्रित करने के बजाय स्वयं उनके गुट में शामिल हो गए हैं।

प्रसाद ने संवाददाताओं से कहा, ''वह किस तरह की टिप्पणी कर रहे हैं! एक तरफ वह (सर्वदलीय) बैठक में कहते हैं कि वे देश के साथ खड़े हैं, दूसरी तरफ वह देश को कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं।'' रांची में एक जनसभा में खरगे ने आरोप लगाया था कि 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकवादी हमले से तीन दिन पहले खुफिया रिपोर्ट मिलने के बाद मोदी ने सरकारी कार्यक्रम के लिए जम्मू कश्मीर का उनका दौरा रद्द कर दिया था।

खरगे ने आरोप लगाया, ''मुझे जानकारी मिली है कि हमले से तीन दिन पहले मोदी जी को एक खुफिया रिपोर्ट भेजी गई थी और इसीलिए मोदी जी ने कश्मीर का अपना दौरा रद्द कर दिया...जब एक खुफिया रिपोर्ट में कहा गया है कि आपकी सुरक्षा के लिए वहां जाना उचित नहीं है, तो आपने लोगों की सुरक्षा के लिए अपनी सुरक्षा, खुफिया, स्थानीय पुलिस और सीमा बल को सूचित क्यों नहीं किया? जब आपको जानकारी मिली तो आपने अपना कार्यक्रम रद्द कर दिया, लेकिन वहां पर्यटकों की सुरक्षा के लिए अधिक बल नहीं भेजे...'' प्रसाद ने कहा कि मुख्य विपक्षी दल के अध्यक्ष की ओर से इससे अधिक गैरजिम्मेदाराना टिप्पणी नहीं आ सकती। उन्होंने कहा, 'यह (ऐसे समय में) बहुत ही दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण टिप्पणी है, जब लोग राष्ट्रव्यापी मॉक ड्रिल की तैयारी के बीच देश और सरकार के साथ खड़े हैं।'

दैनिक नेशनल एक्सप्रेस
हर खबर समय पर
43 वर्षों से निष्पक्ष व निर्भीक समाचार पत्र
1981 43 YEARS 2024
आवश्यकता है
नई दिल्ली से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक नेशनल एक्सप्रेस को हिंदी पत्रकारिता में ब्यूरो प्रमुख, अनुभवी पत्रकार / विज्ञापन प्रसार के लिए दिल्ली व उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में आवश्यकता है। जर्नलिज्म में अपना कैरियर बनाने को इच्छुक व्यक्ति संपर्क कर सकते है।
7080333338 011-49066569
news.vpl@gmail.com
VPL MEDIA PRIVATE LIMITED
S-561, Greater Kailash- II, New Delhi-110048
15/240 G Civil Lines Kanpur - 208001
Instagram nationalexpressindia
nationalexpressindia
70 80 333338
facebook fb/groups/ nationalexpressindia



# डीएम के हर विभाग के औचक निरीक्षण से टेंशन में अधिकारी

## जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट के विभिन्न अनुभागों/समस्त पटलों व कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित विभिन्न कार्यालयों का किया निरीक्षण

### अधिकारी जनता की समस्याओं के निस्तारण हेतु करें जनसुनवाई साफ-सफाई व्यवस्था दुरूस्त रखने तथा फाइलों का रख रखाव उचित प्रकार से करने के दिये निर्देश

नेशनल एक्सप्रेस






बरेली,। जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने आज कलेक्ट्रेट के विभिन्न अनुभागों/समस्त पटलों व कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित विभिन्न कार्यालयों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संग्रह अनुभाग, रिकार्ड रुम, निर्वाचन कार्यालय, चकबन्दी कार्यालय, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण आदि कार्यालयों को देखा। सभी अनुभागों व पटलों पर सर्वप्रथम कर्मचारियों की उपस्थिति पंजिका को देखा गया। निरीक्षण के दौरान समस्त कर्मचारी उपस्थित पाये गये। विभिन्न पटलों के निरीक्षण के दौरान समस्त सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि कार्यालय में साफ-सफाई व्यवस्था दुरूस्त रखी जाये तथा फाइलों का रख रखाव उचित प्रकार से किया जाये। इसके पश्चात रिकार्ड रूम का निरीक्षण किया गया, जहां पर पाया कि फाइलों में संकेतक नहीं लगा हुआ था जिस पर सम्बन्धित को निर्देश दिये कि फाइलों में संकेतक उचित प्रकार से लगाया जाए जिससे कि फाइलें ढूंढने में समस्या न हो। असलाह का कार्य देख रहे सम्बन्धित को निर्देश दिये कि असलहा की जो भी फाइले अप्रूव की जाए उसकी जांच उचित प्रकार से की जाए इसमें किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। इसके पश्चात जिलाधिकारी द्वारा चकबन्दी कार्यालय का निरीक्षण किया गया और सम्बन्धित को निर्देश दिये कि आप लोग समय से कार्यालय में आकर जनता की समस्याओं के निस्तारण हेतु जनसुनवाई करें व यथासम्भव जनता की समस्याओं का त्वरित निस्तारण करें। उक्त के उपरांत निर्वाचन कार्यालय का निरीक्षण किया गया जहां पर सभी व्यवस्थाएं उचित पाई गयी। निर्देश दिये गये कि समस्त कार्यालय में एक मूवमेंट रजिस्टर बनाया जाये जिसमें कर्मी कार्यालय समय में कहा आ या जा रहे है उसकी एंट्री की जाये। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संतोष बहादुर सिंह, अपर जिलाधिकारी नगर सौरभ दुबे सहित समस्त कलेक्ट्रेट के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# फर्जी पुलिस कर्मी बनकर स्मैक की तस्करी, वर्दी का खौफ नदारद

नेशनल एक्सप्रेस



बरेली : कोतवाली पुलिस ने पुलिसकर्मी बनकर स्मैक तस्करी करने वाले तीन फर्जी पुलिसवालों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 49 ग्राम स्मैक, दो पुलिस के फर्जी आई कार्ड समेत अन्य सामान बरामद किया है। आरोपियों की पहचान शेरगढ़ के जशनपुर निवासी मोहम्मद कासिम उर्फ अनीस, गांव टिटौली फतेहगंज पश्चिमी के अनीस अहमद और नदीम के रूप में हुई है। आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। कोतवाली प्रभारी अमित पांडे ने बताया कि एसएसपी के निर्देश पर रविवार देर रात स्टेशन रोड पर चेकिंग की जा रही थी। जानकारी हुई कि रेलवे स्टेशन से आगे रेलवे पटरी के पास तीन लोग संदिग्ध खड़े हुए हैं। पुलिस की टीम मौके पर पहुंची तो तीनों आरोपी रेलवे स्टेशन से आगे जाकर पानी की टंकी के पास खड़े हो गए। पुलिस ने घेराबंदी कर तीनों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के कब्जे से 49 ग्राम स्मैक, दो मोबाइल फोन, दो पुलिस के फर्जी आईकार्ड समेत स्वास्थ्य प्रमाण पत्र और अन्य कागजात बरामद हुए। पुलिस का आईकार्ड दिखा कर झाड़ते थे रौब आरोपियों ने पुलिस पूछताछ में बताया कि वह खुद को पुलिसकर्मी बता कर क्षेत्र में और बाजारों में रौब झाड़ते थे। अगर कोई पुलिसकर्मी कभी संदिग्ध मान कर पूछताछ करता तो वह आईकार्ड दिखाकर खुद को पुलिसकर्मी बताते थे। जिससे पुलिसकर्मी वहां से नौ दो ग्यारह हो जाते थे। वह लंबे समय से आईकार्ड के दम पर तस्करी करते रहे। वह छोटे तस्करों को स्मैक की पुड़िया बना कर बेचते थे। फिक्स ग्राहकों को बेचने के कारण जल्द पुलिस के निगाह में नहीं आते थे। पुलिस आरोपियों के कब्जे से मिले स्वास्थ्य प्रणाम पत्र की भी जांच कर रही है। आरोपियों ने इसे कहां से और किस उद्देश्य से बनवाया था, इसका पता लगाया जा रहा है।

# गृह मंत्रालय के आदेश पर मॉकड्रिल को लेकर डीएम ने अफसरों के साथ परखी तैयारिंया

### कल आईवीआरआई में सिविल डिफेंस के माध्यम से कराया जाएगा मॉकड्रिल

नेशनल एक्सप्रेस







बरेली। पाकिस्तान के साथ युद्ध की आशंका को देखते हुए देश की जनता को तैयार होने के लिए गृह मंत्रालय द्वारा मॉकड्रिल के निर्देश दिए है, जिसके चलते आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अनिवाश सिंह की अध्यक्षता में सिविल डिफेंस व पुलिस और प्रशासनिक अफसरों के साथ एयरफोर्स के अफसरों की उपस्थिति में बैठक आयोजित की गई। जिसमें सिविल डिफेंस के उपनियंत्रक ने विस्तार से हर आपदा से निपटने के लिए बचाव व हमले की स्थिति में तैयार रहने की जानकारी दी। कल बुधवार आईवीआरआई मैदान में सिविल डिफेंस के माध्यम से युद्ध अभ्यास कराया जाएगा। जिसमें आग से बचाव, इमरजेंसी के बचाव, स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने जैसी तमाम परिस्थितियों के बारे में जानकारी दी गई। बचाव के लिए तीन संकेत के बारे में जानकारी दी गई। जिसमें पहला संकेत पीला होता है जो हमले की सूचना देता है। दूसरा संकेत लाल होता है। हवाई हमला शुरू होने से पहले इसे देखकर सभी को सुक्षित स्थान पर जाना होता है। तीसरा संकेत हरा है, इस संकेत के मिलने पर सावधानीपूर्वक बाहर आना है। इस मौके पर डीएम अविनाश सिंह, एसएसपी अनुराग आर्य, एडीएम जग प्रवेश सिटी मजिस्ट्रेट सौरभ दुबे, मजिस्ट्रेट राजीव कुमार शुक्ला आदि मौजूद रहे।

# खोए मोबाइलों की रिकवरी में कानून के हाथ बहुत लंबे होते हैं कहावत चरितार्थ

### पुलिस और सवेर्लाइन टीम के द्वारा लगातार खोए हुए मोबाइल की रिकवरी, 221 गुमशुदा मोबाइल बरामद कर वास्तविक स्वामियों को सौंपे

नेशनल एक्सप्रेस



बरेली पुलिस की सर्विलांस टीम ने एक बड़ी कामयाबी हासिल की है। टीम ने अलग-अलग ब्रांड के कुल 221 गुमशुदा मोबाइल फोन बरामद किए हैं, जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 45 लाख रुपये है।

एसपी सिटी मानुष पारीक ने जानकारी दी कि एसएसपी बरेली के निर्देश पर हर महीने खोए और चोरी हुए मोबाइलों की बरामदगी के लिए विशेष अभियान चलाया जाता है। जिले के कई नागरिकों ने मोबाइल गुम होने की शिकायतें दर्ज करवाई थीं, जिनके आधार पर सर्विलांस टीम ने जिले के अलग-अलग क्षेत्रों से ये मोबाइल फोन रिकवर किए। जब मोबाइल मालिकों को उनके खोए हुए फोन वापस मिले, तो उन्होंने पुलिस की तत्परता और कार्यशैली की जमकर सराहना की। अधिकांश लोगों ने बताया कि उन्हें अपने फोन वापस मिलने की उम्मीद नहीं थी। सभी ने बरेली पुलिस का दिल से आभार व्यक्त किया। पुलिस ने सभी मोबाइल फोन उनके असली मालिकों को पहचान के बाद सुरक्षित रूप से सौंप दिए हैं।

# चौधरी अजीत सिंह की पुण्यतिथि पर रालोद कार्यकर्ताओं ने दी श्रद्धांजलि, मरीजों को बांटे फल

नेशनल एक्सप्रेस /ओमपाल सिंह



हसनपुर/। राष्ट्रीय लोकदल के संस्थापक एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय चौधरी अजीत सिंह की पुण्यतिथि पर नगर में श्रद्धांजलि सभा एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर सच्ची श्रद्धांजलि दी गई। और उनके किसान हितैषी, संघर्षपूर्ण जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम के सचिव चौधरी सरजीत सिंह ने कहा चौधरी अजीत सहाब ने जीवन भर किसानों की आवाज को संसद तक पहुंचाया। उनका व्यक्तित्व किसानों, गरीबों और मजदूरों के लिए एक प्रेरणा है। गोष्ठी की अध्यक्षता चौधरी मुजाहिद हुसैन एडवोकेट ने की। उन्होंने कहा चौधरी साहब सिद्धांतों की राजनीति के प्रतीक थे, उनके विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं। हमें उनकी नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लेना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन युवा रालोद जिलाध्यक्ष इरकान अली ने किया। उपरांत रालोद कार्यकर्ता सीएचसी पहुंचे और मरीजों को फल वितरित कर चौधरी साहब को सच्ची श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर रामकुमार सिंह, राम अवतार सिंह, भारत लाल प्रजापति, सुमित चौधरी, जफर अहमद, जाहिद अली, अमित चौधरी, अरविंद शर्मा, सचिन चौधरी, किरतपाल चौधरी, मनोज चौधरी, रफीक अहमद आदि मौजूद रहे।

# एक ही समुदाय के रिजवी और सकलैनी समर्थकों ने रजिस्ट्री दफ्तर को बना दिया अखाड़ा

## रजवी-सकलैनी समर्थकों के बीच रजिस्ट्री ऑफिस मे झड़प, दोनों पक्षों में बढ़ा तनाव, समर्थक पहले कोतवाली में डटे रहे उसके बाद एसएसपी दफ्तर घेरा

नेशनल एक्सप्रेस




बरेली। उर्स समापन के दिन सोमवार को शहर के रजिस्ट्री दफ्तर में रजवी और सकलैनी सिलसिले से जुड़े दो पक्षों में कहासुनी के बाद मारपीट हो गई। दोनों ओर से गंभीर आरोप लगाए गए हैं। पुलिस ने घायलों का मेडिकल परीक्षण कराया है और कार्रवाई के लिए रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। वहीं दूसरे दिन मंगलवार को भी दोनों पक्षों के लोग एसएसपी ऑफिस और कोतवाली में डटे रहे।

क्या है पूरा मामला आपको बताते चलें।सोमवार को रजिस्ट्री ऑफिस में कहासुनी के बाद दोनों पक्षों में मारपीट हुई। आजमनगर निवासी बुजुर्ग लतीफ कुरैशी (सकलैनी) किसी कार्य से सोमवार दोपहर रजिस्ट्री कार्यालय पहुंचे थे। वहीं, सुर्खा मोहल्ला निवासी मोहसिन रजवी (रजवी सिलसिले से) अपने प्लॉट का बैनामा कराने आए थे। दोनों की मुलाकात एक कातिब के चैंबर में हुई, जहां किसी बात पर बहस छिड़ गई। देखते ही देखते कहासुनी मारपीट में बदल गई। लतीफ कुरैशी का आरोप है कि मोहसिन ने उनके साथ गाली गलौज की और जान से मारने की नीयत से हमला किया, जिससे उनके सिर में चोटे आई है।वहीं, मोहसिन ने पलटवार करते हुए लतीफ पर धार्मिक टिप्पणी करने और मारपीट करने का आरोप लगाया और मोहसिन के हाथ में भी चोट पाई गई। दोनों की तहरीर पर पुलिस ने मेडिकल परीक्षण कराया है। दोनों पक्षों की ओर से दी गई तहरीर, पुलिस कर रही जांच घटना के बाद रजवी और सकलैनी सिलसिलों से जुड़े बड़ी संख्या में लोग कोतवाली पहुंच गए। उर्स की वजह से पहले से पहले ही भीड़भाड़ थी, जिससे माहौल और तनावपूर्ण हो गया। हालांकि पुलिस ने हालात को नियंत्रित कर लिया। कोतवाली इंस्पेक्टर अमित पांडेय ने बताया कि एक ही समुदाय के दो लोगों के बीच कहासुनी के बाद मारपीट की सूचना मिली थी। दोनों पक्षों से तहरीर मिल चुकी है। घायलों का मेडिकल कराया गया है। साक्ष्यो की जांच कर मामले में शीघ्र कार्रवाई की जाएगी।

# मुसलमानों के सामाजिक न्याय और कल्याण के लिए अहम है वक्फ संशोधन अधिनियम : हरीश

### ■नरपत नगर में भाजपा की ओर से आयोजित हुआ वक्फ संशोधन अधिनियम को लेकर जागरुकता सम्मेलन
### ■मुसलमानों को भ्रमित कर रहा विपक्ष, वक्फ संशोधन अधिनियम से मुसलमानों को होगा लाभ : हरीश

नेशनल एक्सप्रेस



रामपुर। राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष सूर्यप्रकाश पाल ने कहा कि वक्फ संशोधन अधिनियम मुसलमानों के सामाजिक न्याय और कल्याण के लिए अहम है। विपक्ष सिर्फ मुसलमानों को भ्रमित करने का कार्य कर रहा है, जबकि विपक्ष को भी यह पता है कि इससे मुसलमानों को लाभ होगा और नुकसान सिर्फ उन लोगों को होगा, जो वर्षों से वक्फ संपत्तियों पर कब्जा जमाए बैठे हैं।

स्वार तहसील के नरपतनगर पंचायत भवन में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष सूर्यप्रकाश पाल, भाजपा जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार ने किया। इस अवसर पर राज्य पिछड़ा आयोग के उपाध्यक्ष सूर्य प्रकाश पाल ने कहा कि वक्फ संशोधन बिल आप सभी के हित में है। इस विधेयक का उद्देश्य वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन में सुधार, वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन से संबंधित हितधारकों के सशक्तिकरण, सर्वेक्षण, पंजीकरण और मामले के निपटान की प्रक्रिया में सुधार लाना है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि वोटबैंक की राजनीति के माध्यम से सियासी रोटी सेंकने वालों ने इस देश का बहुत नुकसान किया है। उन्होंने बंटवारे का जिक्र करते हुए कहा कि बंटवारा आम मुसलमानों की इच्छा से नहीं, बल्कि कांग्रेस के समर्थन से कुछ कट्टरपंथियों की साजिश के अनुसार हुआ था। वक्फ बिल को लेकर विपक्ष मुसलमान को गुमराह करने में लगा है, जबकि इस बिल से मुस्लिमों की स्थिति और मजबूत होगी। 2013 में कांग्रेस की सरकार ने वक्फ कानून में बदलाव किया था, जो कांग्रेस ने कट्टरपंथियों और जमीन माफिया को खुश करने के लिए किया था। कांग्रेस के कानून संशोधन ने आम लोगों की जमीन पर खतरा पैदा कर दिया था। हरीश ने मिसाल के तौर पर बताया कि केरल में ईसाई समुदाय की जमीन, हरियाणा में गुरुद्वारों की जमीन और कर्नाटक में किसानों की जमीन पर वक्फ के दावे किए गए। पहले एक नोटिस से किसी की भी जमीन वक्फ की संपत्ति बन सकती थी, लेकिन अब नए कानून से पारदर्शिता आएगी और गरीब मुसलमानों, महिलाओं और बच्चों के हक की रक्षा होगी। इस मौके पर राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष सूर्य प्रकाश पाल, राज्य महिला आयोग की सदस्य सुनीता सैनी, कार्यक्रम संयोजक महेंद्र सैनी, नगर पंचायत अध्यक्ष खालिद अहमद, मोहन कुमार लोधी, सतनाम सिंह, अर्जुन रस्तोगी, संजीव कुमार वर्मा, महेश मौर्य, राजकुमार चौहान, रवि रूहेला, डॉली रंधावा, अमृता रंधावा, दीपक गुप्ता, आशीष गुप्ता, अमित दिवाकर, अर्जित सक्सेना, अमित चंद्रा, शैलेन्द्र चंद्रा, मुकुट लाल, उदयवीर सिंह ,किशन लाल चंद्र, प्रशांत शर्मा, अंकुर गुप्ता, महेंद्र मौर्य, शादाब उर्फ बब्बू आदि रहे।

# श्री वेंकेटेश्वरा विवि में शूटिंग एकेडेमी का शुभारम्भ

### ■वेंकेटेश्वरा के शूटिंग रेंज की स्थापना से पश्चिमी यू.पी. के ग्रामीण युवाओं को प्रशिक्षण देकर राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग के लिए करेंगे प्रशिक्षित : सुधीर गिरि
### ■मनु भाकर, रिदम सांगवान, अनु तोमर, सुरुचि फोगाट जैसी देश की होनहार बेटियों ने शूटिंग की राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक बटोरकर विश्व पटल पर देश का मान बढ़ाने का काम किया :डा. राजीव त्यागी

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



अमरोहा। श्री वेंकेटेश्वरा विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय स्तर की वेंकेटेश्वरा शूटिंग एकेडेमी का शुभारम्भ हुआ। शूटिंग एकेडेमी में कई आला स्तर के पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारीयों के साथ-साथ स्पोर्ट्स कोच एवं खेल प्रेमियों ने शिरकत करते हुए पश्चिमी यू.पी. के युवा खिलाड़ियों को इससे जुड़ने की अपील की।

वेंकेटेश्वरा समूह के संस्थापक अध्यक्ष डा. सुधीर गिरि ने कहा कि इस इन्डोर शूटिंग रेन्ज की स्थापना से वेस्ट यू.पी. विशेष रूप से मेरठ मुरादाबाद के शूटिंग खिलाड़ियों को महंगे प्रशिक्षण के लिए दिल्ली का रूख नही करना पड़ेगा। मंगलवार को श्री वेंकेटेश्वरा विश्वविद्यालय के फेज-2 स्थित वेंकेटेश्वरा शूटिंग एकेडेमी का शुभारम्भ संस्थापक अध्यक्ष सुधीर गिरि, पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द, प्रतिकुलाधिपति डा. राजीव त्यागी, कुलपति प्रो. कृष्णकान्त दवे, युवा मोर्चा अध्यक्ष शुभम चौधरी आदि ने फीता काटकर एवं सरस्वती माँ की प्रतिमा के सन्मुख दीप प्रज्वलित करके किया। अपने सम्बोधन में वरिष्ठ आई.पी.एस. एवं शूटिंग खिलाड़ी अमित कुमार आनन्द ने कहा कि खेल हमारे जीवन का सबसे महत्वपूर्ण घटक है।

आप चाहे स्टूडेंट हो, अधिकारी हो या बिजनेसमैन हो, खेल आपको व्यक्तिगत, सामाजिक स्तर के साथ राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अलग पहचान दिलाता है। खेल आपको व्यक्तिगत रूप से स्वस्थ रखने के साथ-साथ राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पैसा एवं ख्याति दिलाने का काम करता है। आज देश के युवाओं में शूटिंग का बेहद क्रेज है। प्रतिकुलाधिपति डा. राजीव त्यागी ने कहा कि प्रत्येक खेल स्पर्धा चाहे वो कुश्ती हो, कबड्डी हो विशेष रूप से राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय शूटिंग प्रतियोगिता की हो देश की बेटियों ने पदक जीतकर भारत का मान बढ़ाया ।

प्रधानमंत्री का बेटी बचाओं झ बेटी पढ़ाओं के साथ-साथ बेटी खिलाओंह्न का स्लोगन पूरे देश में फलीभूत हो रहा है। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश सरकार शिक्षा के साथ-साथ खेलों में बेटियों को आगे बढ़ाने के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनायें चला रही है।

सीईओ अजय श्रीवास्तव, पीयूष पाण्डेय, डा. राजेश सिंह, शूटिंग कोच दीपक चौधरी, कुलवन्त चड्ढा, डा. टी.पी. सिंह, डा. सी.पी. सिंह, डा. विश्वनाथ झा, डा. लक्ष्मण सिंह रावत, डा. योगेश्वर शर्मा, डा. आशुतोष गौतम, डा. मनीष शर्मा, डा. मंजरी राणा, डा. आशुतोष सिंह, डा. अश्विनी सक्सेना, डा. धीरज दुबे, डा. ओमप्रकाश गुसाई, डा. अनिल कुमार जायसवाल, डा. ज्योति सिंह, डा. विकास पांडे, डा. राम कुमार, डा. श्यामलाल सिंह, जनसंपर्क अधिकारी डा. श्री राम गुप्ता, एस.एस. बघेल, सचिन कुमार, अजय कुमार, प्रितपाल वैद्य, राकेश शर्मा, साधना वर्मा, नीतुश्री एवं मेरठ परिसर से निदेशक डा. प्रताप सिंह, मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि मौजूद रहे।

# उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के नगराध्यक्ष बने राहुल वर्मा



नेशनल एक्सप्रेस/गजरौला। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल के प्रांतीय अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद बनवारी लाल कंछल ने गजरौला नगर की कमान राहुल वर्मा को सौंपते हुए संगठन को मजबूत करने के निर्देश दिए हैं। नगर के मोहल्ला लक्ष्मीनगर निवासी राहुल वर्मा को नगराध्यक्ष बनाते हुए नकुल पंवार को नगर महामंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई है। श्री कंछल ने दोनों पदाधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि शीघ्र ही व्यापारियों को जोड़कर नगर की कमेटी बनाएं। श्री कंछल आगामी 16 मई को गजरौला में व्यापारियों के साथ एक बैठक भी करेंगे और मण्डल की नीतियां साझा करेंगे।

# पूर्व सांसद देवेंद्र नागपाल के आवास पर मनाई गई चौधरी अजीत सिंह की पुण्यतिथि

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता



गजरौला। पूर्व सांसद देवेन्द्र नागपाल के आवास पर पूर्व केन्द्रीय मंत्री चौ.अजित सिंह की पुण्यतिथि मनाते हुए कार्यकताओं ने उनके द्वारा किए गए देशहित व किसान हित के कार्यों पर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि स्व.अजित सिंह भले ही हमारे बीच में नहीं हैं मगर उनके विचार सदैव हमारे साथ हैं। हमें उनके दिखाए गए मार्ग पर चलकर देशहित, किसान हित के काम करने हैं। इस मौके पर सहकारी संघ के सभापति चौ.सुरेन्द्र सिंह स्टेट, मनमोहन सेन, डॉ.एलसी गहलौत, राजीव चौधरी, रामनिवास गोला, गौरव प्रधान, कुलवंत सिंह, सलीम सिद्दीकी, नवीन गर्ग, नरेन्द्र चौधरी, लखपत सिंह, प्रमोद अलोना, विकास, आदित्य चौधरी मौजूद रहे।

## युद्ध आपदाओं से संबंधित सिविल डिफेंस की हुई बैठक

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

सम्भल बहजोई। कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई की अध्यक्षता में युद्ध आपदाओं से संबंधित सिविल डिफेंस की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के अन्तर्गत सैनिक कल्याण बोर्ड, एनसीसी, एनएसएस , युवा कल्याण विभाग, सिविल डिफेंस, अग्निशमन विभाग तथा होमगार्ड विभाग आपदा प्रबंधन विभाग, स्काउट एंड गाइड आदि से जुड़े प्रतिनिधि उपस्थित रहे। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि भारत सरकार के गृह मंत्रालय तथा शासन द्वारा 7 मई को युद्द से संबंधित मॉक ड्रिल कराने के निर्देश प्राप्त हुए हैं जिनमें जनपद सम्भल में भी मॉक ड्रिल कराया जाएगा। उन्होंने एयर रेड़ वार्निंग सिस्टम, अर्ली वार्निंग सिस्टम, लोकेशन, कंट्रोल रूम, शेडों कंट्रोल रूम, रेस्क्यू ऑपरेशन, डिपो मैनेजमेंट, आदि के विषय में बताया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने युद्ध जैसी स्थित से पूर्व विभागीय एवं सिविल डिफेंस प्रशिक्षण, एम्बुलेंस का रोल, अस्पतालों को चिन्हित करना, चिकित्सक, नर्स ,फार्मासिस्ट अस्पतालों के अनुसार रिपोर्ट करने को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। प्रमुख सेवाएं कौन कौन सी हैं उनका क्या क्या रोल है उसके विषय में भी जानकारी दी गयी। युद्ध के समय एडवाइजरी जारी की जाती है ताकि आम जनमानस सुरक्षित रहे एवं संभावित खतरों से बच सके। ऐसी स्थिति में शांत रहें और अफवाहों से बचें।घबराएं नहीं, स्थित की गम्भीरता को समझें, केवल सरकार और जिला प्रशासन द्वारा जारी की गयी आधिकारिक सूचनाओं पर ही विश्वास करें। रेडियो, टेलीविजन, या आधिकारिक ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से नवीनतम और सत्यापित जानकारी प्राप्त करते रहें। सुरक्षित स्थानों पर आश्रय लें। बंकर या सुरक्षित स्थानों की पहचान करें, आंतरिक कमरों का उपयोग करें, आवश्यक आपूर्ति तैयार रखें, आपातकालीन किट तैयार रखें, सुरक्षा एवं सतर्कता रखें। सामुदायिक प्रयासों में भाग लें , यात्रा से बचें, गैर जरूरी यात्रा न करें, प्रशासन द्वारा जारी किये गए निदेशों का पालन करें और एक दूसरे का सहयोग करें। यह अवसर है युद्ध जैसी स्थित में तैयार रहने का अवसर है, समाज को दिशा देने का कार्य करना है। जिलाधिकारी द्वारा सिविल डिफेंस से मॉक ड्रिल के विषय में जानकारी प्राप्त की गयी। संबंधित ने बताया जनपद के गुन्नौर में 179 वॉलंटियर्स कार्य कर रहे हैं। सैनिक कल्याण से जुड़े लोगों के विषय में जानकारी प्राप्त की गयी उन्होंने बताया कि जनपद में 1875 फोर्स से संबंधित सेवानिवृत्त लोग है।जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि 75 की आयु से नीचे तथा 75 की आयु से ऊपर के सेवानिवृत्त सेना के लोगों की सूची बनाए। ?होमगार्ड, एनसीसी, एनएसएस , स्काउट एंड गाइड , युवा कल्याण से संबंधित युवक मंगल दल एवं महिला मंगल दल से जुड़े लोगों की जनपद में संख्या के विषय में जानकारी प्राप्त की गयी।

## कुलसचिव ने बर्खास्त व निलंबन को निरस्त कर महाविद्यालय में कार्य करने के दिए निर्देश

### वही महाविद्यालय की प्रबंध समिति ने प्राचार्य व प्रोफेसर को दोवारा निलंबन कर दिया

नेशनल एक्सप्रेस मनीष शर्मा, अंशुल सिंह






सम्भल। चंदौसी मे मंगलवार को एसएम कॉलेज की महिला प्रवक्ता ने प्राचार्य व एक प्रोफेसर पर लैंगिक उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए महाविद्यालय प्रबंध समिति से शिकायत की थी। जिसके बाद महाविद्यालय के प्रबंधन समिति प्राचार्य व प्रोफेसर को बर्खास्त करने की कार्रवाई की थी। उक्त मामले की जांच मुरादाबाद की गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय में चल रही थी। मगर 30 अप्रैल को गुरु जम्भेश्वर कुलसचिव ने प्राचार्य व प्रोफेसर के बर्खास्त व निलंबन को निरस्त कर महाविद्यालय में कार्य करने के निर्देश दिए हैं। पूर्व में एसएम कॉलेज की महिला प्रवक्ता ने प्राचार्य डॉ. दानवीर सिंह यादव व प्रोफेसर डॉ. प्रवीन कुमार पर लैंगिग अपराध लगाते हुए महाविद्यालय प्रबंध समिति से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की थी। जबकि उक्त मामले को लेकर जांच समिति में घोषित की गई। जिसमें शामिल मुरादाबाद की गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय के कुलसचिव ने महाविद्यालय प्रबंध समिति से जांच के दौरान किसी प्रकार की कार्रवाई करने से इंकार किया था। आरोप लगने के बाद दोनों को निलंबन कर दिया गया। जबकि जांच चलती रही। मगर अप्रैल माह में महाविद्यालय की प्रबंध समिति ने प्राचार्य व प्रोफेसर को बर्खास्त करने की घोषणा कर दी। जिससे जांच समिति ने नाराजगी जताती। अब जांच समिति में शामिल मुरादाबाद के गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय के कुलसचिव शशि भूषण ने 30 अप्रैल को महाविद्यालय द्वारा जारी किए गए निलंबन व बर्खास्त की कार्रवाई को निरस्त कर दिया गया। साथ ही प्राचार्य व प्रोफेसर से पूर्व की भांति महाविद्यालय में पहुंच कार्य करने की बात कही है। वहीं महाविद्यालय प्रबंध समिति ने प्रो. डॉ. प्रवीण कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का पत्र जारी कर दिया। साथ ही उनके महाविद्यालय में प्रवेश पर पाबंदी लगा दी है ' बही कॉलेज के कार्यवाहक प्राचार्य डॉ० हेमन्त कुमार ने मंगलवार को चंदौसी कोतवाली मे तहरीर देते हुए बताया की एम० जे०पी० रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली द्वारा आयोजित मंगलवार को दोपहर 11:00 से 02:00 बजे की पाली में महाविद्यालय में परीक्षा सम्पन्न करा रहा था, तब प्रो० (डॉ०) दानवीर सिंह यादव व प्रो० (डॉ०) प्रवीण कुमार, दोपहर लगभग 12:15 बजे मेरे कक्ष में घुसकर मेरी कुर्सी (प्राचार्य कुर्सी) पर बैठ गये है जबकि उनके पास अवैतनिक सचिव, प्रबन्ध समिति, एस०एम० कॉलेज, चन्दौसी का कोई भी आदेश नही था।और मुझे आशंका है कि प्रो० (डॉ०) दानवीर सिंह यादव व प्रो० (डॉ०) प्रवीण कुमार, महाविद्यालय की महत्वपूर्ण फाइलों को अपने साथ ले जा सकते है या उनसे छेड़छाड़ कर सकते है।बही कोतवाली मे तहरीर देते हुए प्रो० (डॉ०) दानवीर सिंह यादव व प्रो० (डॉ०)प्रवीन के खिलाफ कार्यवाही माँग की है और वही प्रबन्ध समिति, एस०एम० कॉलेज, चन्दौसी द्वारा अपनी बैठक सोमवार में की गई जिसमे यह निर्णय लिया गया कि प्रोफेसर (डॉ०) प्रवीण कुमार को तत्काल प्रभाव से निलम्बित किया जाता है। प्रोफेसर (डॉ०) प्रवीण कुमार का यह कृत्य उक्त अनुशंसा का संज्ञान समिति की अपनी बैठक में लिया गया कि इस कृत्य से महाविद्यालय की प्रतिष्ठा व छवि को गहरा आघात पहुंचा है।

## डिप्टी कलेक्टर ने शक्ति नगर में बन रहे नाले निर्माण का किया निरीक्षण

### नाला निर्माण में बाधक बन रहे बैंक को शीघ्र ध्वस्त कराने के दिए निर्देश

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता





चंदौसी मे मंगलवार को शाम करीव चार बजे डिप्टी कलेक्टर विनय मिश्रा ने शक्ति नगर में बन रहे नाले निर्माण का निरीक्षण किया।जहाँ नाले का निर्माण सीधा नहीं किया जा रहा है। नाला जगह-जगह मुड़ रहा है।

विनय मिश्रा ने आसपास के मकान के स्वामियों से बैमाने दिखाने की बात कही। मगर वह नहीं दिखा सके। विनय मिश्रा ने चंदौसी एसडीएम से कहा अब तहसील से इनके बैमाने निकलवाने की बात कही है। कुछ दिन पहले डिप्टी कलेक्टर विनय कुमार मिश्रा ने शहर में अतिक्रमण अभियान चलाया था। जिसमें शक्ति नगर के साथ-साथ अन्य स्थानों पर अभियान चलाकर नाले के ऊपर किए गए अस्थायी व स्थायी अतिक्रमण को ध्वस्त किया गया था। अब शक्ति नगर से मुंसिफ रोड पर नाला निर्माण का कार्य पिछले डेढ़ माह से चल रहा है।

शक्तिनगर से शुरू हुआ नाला निर्माण लायंस कॉलोनी के बाहर तक पहुंच चुका है। विनय मिश्रा ने निरीक्षण में देखा कि शक्ति नगर से आए नाले को लायंस कॉलोनी के बाहर मोड़ दिया गया है। यह देख विनय मिश्रा ने नाराजगी जताई और लायंस कॉलोनी के लोगों से उनके भवन व भूमि के बैनामे देखने के मांगे। मगर लोग बैमाने उपलब्ध नहीं करा सके। डिप्टी कलेक्टर ने एसडीएम निधि पटेल से तहसील से उक्त लोगों के बैमाने निकलवाकर देखने की बात कही है। साथ ही नाला निर्माण में बाधक बन रहे बैंक को शीघ्र ध्वस्त कराने के निर्देश दिए हैं। इस दौरान तहसीलदार धीरेंद्र सिंह, लेखपाल, नगर पालिका के कर्मचारी मौजूद रहे।

## लाठी डन्डों के साथ झगडा कर रहे पांच आरोपी गिरफ्तार




नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता

सम्भल पुलिस अधीक्षक जनपद सम्भल कृष्ण कुमार व अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में जनपद सम्भल में मगलवार को कानून व्यवस्था, अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु चलाये गये अभियान में 05 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार किये गए है। आपको बताते चलें कि थाना गुन्नौर मंगलवार को थाना गुन्नौर पर उ0नि0 विशान्त कुमार तैनाती थाना गुन्नौर की तहरीरी सूचना बावत गस्त के दौरान पीड़ित को राजघाट पर झगडे की सूचना प्राप्त होना जिसपर मौके पर जाकर पाया गया कि 07 व्यक्ति आपस में एक दूसरे से लाठी डन्डों के साथ झगडा कर रहे थे तथा समझाने पर और अधिक उत्तेजित होकर झगडा करने लगे जिससे मौके पर भगदड मचकर भय का माहौल व्याप्त हो जाना एवं आमजन में रोष व्याप्त हो जाना के सम्बन्ध में थाना गुन्नौर पर मु0 व 7 सीएलए एक्ट पंजीकृत करते हुए मौके से 05 अभियुक्तों को थानाध्यक्ष अखिलेश प्रधान,30नि0 विशान्त कुमार,हे0का0 बलंवत,का0 विशाल,का0 विनित,का0 नितिन,का0 विशाल द्वारा आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायलय भेजा गया।

## किसी के बहकावें में आकर झूठे मुकदमें दर्ज न कराएं

नेशनल एक्सप्रेस





अलीगढ़। मंगलवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन के निर्देशन में ऑपरेशन जागृति अभियान के क्रम में थाना प्रभारियों, महिला पुलिसकार्मिकों द्वारा महिला एवं बालिकाओं को ऑपरेशन जागृति-4 के उद्देश्यों के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी प्रदान की जा रही है और अभियान का जन-जन तक प्रचार प्रसार करने की अपील की गई। श्रीमती अनुपम कुलश्रेष्ठ अपर पुलिस महानिदेशक आगरा जोन आगरा द्वारा जोन स्तर पर महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा, सशक्तिकरण, संवाद व परामर्श एवं विभिन्न प्रकार के अपराधों के बारे में जागरूकता पैदा करने हेतु जोन स्तर पर ऑपरेशन जागृति अभियान की शुरूआत की गयी थी। ऑपरेशन जागृति-4 के 06 मुख्य उद्देश्य महिलाओं के प्रति होने वाले अपराध की रोकथाम, उनकी सुरक्षा, समानता व अधिकार पर चर्चा, महिलाओं को मोहरा बनाकर झूठे केस दायर करना, किशोरावस्था में प्रेम प्रसंगों के कारण घर से पलायन, साइबर हिंसा व सुरक्षा, नशे के दुष्परिणामों से बचाव व पारिवारिक विघटन के मामलों पर चर्चा शामिल है। प्रशिक्षित बीट पुलिस अधिकारी, थाना प्रभारी व बीट इंचार्ज द्वारा अपने अपने क्षेत्रों के ग्राम पंचायत स्तर पर गाँवों मौहल्ले में महिलाओं एवं किशोरियों के साथ समन्वय करते हुए विभिन्न कार्यक्रम, नुक्कड़ सभा आयोजित कर जागृति के उद्देश्यों के प्रति जागरुक किया जा रहा है। बीट पुलिस अधिकारी द्वारा ग्राम पंचायत व विद्यालयों में भ्रमण कर छात्राओं को जागरुक किया जा रहा है। ऑपरेशन जागृति अभियान की सहायता से महिलाओं व बालिकाओं के प्रति अपराधों में कमी आयेगी, गलत सूचनाएं दर्ज करने मे भी कमी आयेगी, कांउसलिंग और रिपोर्टिंग सिस्टम मजबूत होगा, पलायन सम्बन्धी मामलों में भी कमी आयेगी। इन सभी परिस्थितियों में सामाजिक जागरूकता, संवाद शिक्षा और परामर्श की बेहद आवश्यकता है ताकि महिलायें एवं बालिकायें इस प्रकार के षडयंत्रों का शिकार न बने, भावनाओं में बहकर अपना जीवन बर्वाद न करें और उन्हें मोहरा न बनाया जाए, यदि वास्तव में उनके साथ किसी प्रकार का अपराध घटित होता है तो वह सच बोलने की हिम्मत रख पाये।

## बस ने मैक्स को मारी टक्कर, महिला की मौत

नेशनल एक्सप्रेस



अलीगढ़। दादों क्षेत्र के गॉव नगला गुलरिया से लोग शादी में भात देने प्रकाशपुर जा रहे थे, रात करीब नौ बजे स्टेशन रोड की ओर से आ रही प्राइवेट बस ने मंडी समिति के निकट मैक्स में टक्कर मार दी। इस दौरान एक महिला की मौत हो गई व हादसे में दस घायल हो गए।

सोमवार की रात करीब नौ बजे दादों कस्बे के स्टेशन मार्ग स्थित मंडी समिति के निकट प्राइवेट बस की टक्कर से मैक्स सवार 12 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल एक महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मृत घोषित कर दिया गया, वहीं घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है। दादों थाना क्षेत्र के गॉव नगला गुलरिया निवासी सतीश चंद के भांजे सचिन कुमार निवासी प्रकाशपुर थाना डिबाई की 6 मई को शादी होनी है। इसके लिए 5 मई को मंडप कार्यक्रम था। नगला गुलरिया से लोग शादी में भात देने प्रकाशपुर जा रहे थे। 5 मई रात करीब नौ बजे स्टेशन रोड की ओर से आ रही प्राइवेट बस ने मंडी समिति के निकट मैक्स में टक्कर मार दी।

जोरदार भिड़ंत होने से सवारियों में चीख पुकार मच गई। स्थानीय लोगों ने पुलिस को हादसे की जानकारी दी। पुलिस की मदद से लोगों ने सभी घायलों को मैक्स में से निकालकर सीएचसी भेजा, जहॉ 40 वर्षीय गुड़िया देवी पत्नी भोले सिंह को मृत घोषित कर दिया। नौ महिलाओं सहित 10 लोगों की हालत गंभीर देख अलीगढ़ रेफर कर दिया। पुलिस ने बस और चालक को हिरासत में ले लिया है।

जय देवी, ललिता देवी, राजवती, हेमलता, प्रीति, अंगूरी, मीना, रामवती, राहुल, महारानी आदि घायल हुए हैं, जबकि गुड़िया देवी 40 वर्ष पत्नी भोले सिंह की मृत्यु हो गई।

## मोर का शिकार करके जा रहे युवक को ग्रामीणों ने पीटा

नेशनल एक्सप्रेस



अलीगढ़। मोर की हत्या करके जा रहे एक युवक को ग्रामीणों ने पकड़ लिया, ग्रामीणों ने जब युवक का थैला खोलकर देखा तो उसमें राष्ट्रीय पक्षी मोर का लहूलुहान शव मिला, जिसे आरी से काटा गया था। वहीं आरोपी का दूसरा थैला देखने पर उसके अंदर से तोते और कछुए के जिंदा बच्चे भी मिले हैं, जिसके बाद ग्रामीणों ने आरोपी को पकड़कर पीटा व उसे पुलिस के हवाले कर दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि आरोपी युवक ने आरी से काटकर मोर की हत्या की थी और इसे पकाकर खाने के लिए साथ ले जा रहा था।

पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम कासिम निवासी थाना रोरावर क्षेत्र के शाहजमाल बताया है, आरोपी का कहना है कि मोर उसे मरा हुआ मिला था, जिसके बाद वह उसे अपने साथ लेकर जा रहा था। जबकि ग्रामीणों ने उसके ऊपर मोर की हत्या करने का आरोप लगाया है। राष्ट्रीय पक्षी का मामला होने पर वन विभाग की टीम भी तत्काल मौके पर पहुंच गई और मामले की जॉच शुरू की। आरोपी के खिलाफ तहरीर लेकर थाने में मुकदमा दर्ज किया गया, जिससे उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा सके। वहीं मोर के शव को कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण कराया गया, जिससे कि उसके मौत के कारण स्पष्ट हो सके। वहीं आरोपी के पास से बरामद हुए जिंदा पक्षी और कछुए के बच्चों को भी वन विभाग के सुपुर्द कर दिया गया है, जिससे कि उन्हें जंगल में सुरक्षित छोड़ा जा सके। पुलिस क्षेत्राधिकारी अतरौली सर्जना सिंह ने बताया कि आरोपी युवक को हिरासत में ले लिया गया है और उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू की जा रही है। मोर का अंत्यपरीक्षण कराया जा रहा है, जिससे मौत के कारण स्पष्ट हो जाएंगे।

## ऑपरेशन जागृति के उद्देश्यों के बारे में एसपी क्राइम द्वारा किया गया जागरुक

नेशनल एक्सप्रेस





अलीगढ़। पुलिस अधीक्षक क्राइम श्रीमती ममता कुरील द्वारा थाना क्वार्सी अन्तर्गत ह्लउम्मीद फाउंडेशन एवम आईएमसीएस ग्रुपह्व में ऑपरेशन जागृति 4.0 अभियान कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम में ऑपरेशन जागृति अभियान 4.0 के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं हेतु चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं, साइबर अपराधों से बचाव एवं विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों की जानकारी दी गई। महिलाओं व बालिकाओं हेतु शासन एवं पुलिस द्वारा चलाई जा रही विभिन्न सुरक्षा संबंधित सेवाएं जैसे वीमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 आदि की जानकारी दी गई। महिलाओं व बालिकाओं को अपने अधिकारों व सुरक्षा के बारे में समझ व जागरुकता पैदा करना, हिंसा से पीड़ित महिलाओं व किशोरियों को काउंसलिंग व रेफरल सुविधा उपलब्ध कराना, पाक्सो अधिनियम के महत्वपूर्ण प्रावधानों के प्रति जागरुक व सचेत करना, किशोरियों को स्वस्थ जीवनशैली पर जागरुक करना। छात्रों को साइबर हिंसा के बारे में जागरुक व सचेत किया गया । छात्र सोशल मीडिया का सावधानी पूर्वक प्रयोग करें किसी के अनजान फ्रेंड रिक्वेस्ट को स्वीकार न करें यदि कोई व्यक्ति अनजान नम्बरों से कॉल करके परेशान कर रहा है तो तत्काल इसकी शिकायत महिला हेल्पलाइन नं0 1090 अथवा डायल 112 पर दर्ज करायें। बच्चों द्वारा सावधानी के साथ ही सोशल मीडिया या गेमिंग एप आदि का प्रयोग किया जाए, सर्तक रहें, सुरक्षित रहें। कोई अनजान ईमेल, मुफ्त उपहार या नौकरी दिलाने के नाम पर लिंक आदि के माध्यम से अपनी व्यक्तिगत सूचना देने से बचें। समुदाय को झूठे मुकदमों से होने वाली क्षति के बारे में जागरुक करना एवं ऐसे मामलों में कमी लाना, विशेषकर महिलाओं की सुरक्षा हेतु बनाये गये कानूनों का दुरुपयोग के प्रति लोगों को सचेत करना, नशा एक सामाजिक बुराई है, विशेषकर छात्रों को नशीले पदार्थों से दूर रहना चाहिए, नशीले पदार्थों के सेवन से न केवल शिक्षा प्रभावित होगी बल्कि स्वास्थ्य पर भी बहुत बुरा असर पड़ता है अतः नशीले पदार्थों का सेवन न करें। समाज में पारिवारिक विघटन के मामले बढ़ते जा रहे हैं, समाज में असहनशीलता और हिंसा बढ़ रही है क्योंकि धैर्य, संस्कार और एक दूसरे के प्रति आपसी सम्मान कम हो रहा है। लोगों को, हिंसा की जगह संवाद और नफरत की जगह भाईचारा, गुस्से की जगह धैर्य धारण करना चाहिए ताकि ऐसे मामलों में कमी आ सके। महिलाओं एवं बालिकाओं के प्रति अपराधों में कमी लाने एवं महिलाओं में सामाजिक जागरुकता पैदा करने के उद्देश्य से यह अभियान चलाया जा रहा है।

## तालाब व पोखर की भूमि पर अतिक्रमण का लिया संज्ञान



नेशनल एक्सप्रेस

अलीगढ़। गत दिवस संयुक्त श्रमिक किसान मोर्चा द्वारा कौड़ियां गंज में नियम ताक पर रख भ्रष्टाचार भेंट चढ़ा ब्रिटिश काल की पोखर, तालाब कि भूमि पर अतिक्रमण किया जा रहा है, जो विधिक रूप से गलत है कौड़ियां गंज के ब्रिटिश काल के पोखर अस्तित्व संरक्षण क्रम में जिम्मेदार जिला प्रशासन से संयुक्त श्रमिक किसान मोर्चा द्वारा की गई मांग पर संज्ञान लेते हुए। जिला प्रशासन द्वारा जांच हेतु पोखर पर नियुक्त किए गए कानून गो अपनी टीम साथ पहुंचे जहां उन्होंने पोखर स्थल पहुंच जायेजा लिया और पोखर अस्तित्व संरक्षण क्रम में की गई शिकायत पर कस्बे के सभासद शाहबुद्दीन व जैनुद्दीन से उपस्थिति दर्ज कराई मौजूद कस्बावासियों ने कहा कि पोखर तालाब से जलस्तर सही रहता है साथ ही आबादी का इस्तेमाल किया गंदा जल भी कस्बे की नालियों से होता हुआ पोखर तालाब में जाता है तो आबादी क्षेत्र में बरसात में पानी जमा नहीं होता, पशुओं को भी प्यास बुझाने में सहायक थी पोखर अब कस्बे वासियों को विरासत में मिली पोखर अवैध रूप से अनाज मंडी के नाम पर अतिक्रमण किया जा रहा है भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रही पोखर जिससे कस्बा वासियों की यादें जहन में शामिल हैं विधिक रूप से गलत क्रम भ्रष्टाचार आगे जिम्मेदार जिला प्रशासन मौन है जांच करते जिला प्रशासन टीम साथ चेयरमैन कौड़ियां गंज भी मौजूद रहे।


## संपादकीय

### आतंक पर हमला, तो युद्ध

प्रधानमंत्री मोदी और वायुसेना प्रमुख चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह की मुलाकात हुई। इससे एक दिन पहले नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी प्रधानमंत्री से मिले थे। सेना प्रमुखों की प्रधानमंत्री के साथ ये मुलाकातें सामान्य नहीं हैं। प्रधानमंत्री इन मुलाकातों से पहले 29 अप्रैल को रक्षा मंत्री, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ और तीनों सेनाओं के प्रमुखों की एक बैठक कर चुके थे। उसी में सेनाओं को प्रहार का तरीका, लक्ष्य, जगह और समय तय करने की 'खुली छूट' दी गई थी। फिर अलग से ये मुलाकातें क्यों की गईं? बेशक सेनाओं को खुली छूट है, लेकिन वे अलग-अलग प्रधानमंत्री को तो ब्रीफ करेंगी कि यदि युद्ध की नौबत आई, तो उनकी क्या तैयारियां हैं? वायुसेना प्रमुख ने हवाई आक्रमण का खुलासा किया होगा! हाल ही में उप्र के शाहजहांपुर में 'गंगा एक्सप्रेस वे' पर बनाई गई विशेष हवाई पट्टी पर राफेल, सुखोई, मिग-29, एएन-32, जगुआर, मिराज सरीखे लड़ाकू विमानों ने टच एंड गो का प्रदर्शन किया और रात्रि में लैंडिंग कर अपने युद्धाभ्यास को सार्थक किया। अर्थात हमारे लड़ाकू विमान किसी भी आपात स्थिति के लिए तैयार हैं। नौसेना अध्यक्ष ने अरब सागर की हलचलों से प्रधानमंत्री मोदी को ब्रीफ किया होगा! नौसेना ने विशालकाय आईएनएस- विक्रांत को समंदर में तैनात कर दिया है। वह लड़ाकू विमानों और परमाणु अस्त्रों से युक्त है। भारत ने परमाणु मिसाइल वाली पनडुब्बी को भी समंदर में 'सक्रिय' कर दिया है। नौसेना सुरक्षा और निगरानी को अधिक बढ़ाने के मद्देनजर भारत ने अमरीका को 'हॉक आई' खरीदने के 13.1 करोड़ रुपए का करार किया है। रूस से 'इग्ला-एस' मिसाइलें खरीदने का करीब 260 करोड़ रुपए का करार किया गया है। ऐसी कई तैयारियां होंगी, जो हमारी सेनाएं कर रही हैं, लेकिन न तो हमें पर्याप्त जानकारी है और न ही राष्ट्रीय सुरक्षा के मद्देनजर हम उन्हें सार्वजनिक करेंगे। प्रधानमंत्री के साथ सेना-प्रमुखों की ऐसी मुलाकातें और बैठकों में विशिष्ट लक्ष्यों, उद्देश्यों, आपातकालीन जरूरतों, सेना-विशेष की चुनौतियों और उचित समय आदि पर खुल कर बातचीत होती है।

सेना-प्रमुख प्रधानमंत्री को अपनी सेना की तैयारियों और संभावित विकल्प पर तुरंत प्रहार करने की क्षमताओं को भी ब्रीफ करते हैं। इनके ये मायने नहीं हैं कि भारत-पाकिस्तान के बीच युद्ध छिड़ने ही वाला है। भारत के प्रधानमंत्री या रक्षा मंत्री ने युद्ध संबंधी न तो कोई बयान दिया है और परमाणु हथियारों की धमकी तो बहुत दूर की बात है। पाकिस्तान के मंत्री और राजदूत परमाणु हथियार इस्तेमाल करने के लगातार बयान देते रहे हैं। भारत में सेना-प्रमुख कोई भी बयान नहीं देते। यह विशेषाधिकार प्रधानमंत्री या रक्षा मंत्री का है। प्रधानमंत्री मोदी ने बार-बार देश को आश्वस्त किया है कि आतंकियों और उन्हें समर्थन देने वालों पर ठोस और निर्णायक कार्रवाई जरूर की जाएगी। यानी भारत के राजनीतिक नेतृत्व और सेनाओं के निशाने पर पाकिस्तान में बसे और सक्रिय आतंकी, उनके गुट और उनके पनाहगार हैं। देश के अनुभवी रक्षा विशेषज्ञों, जिन्होंने लेफ्टिनेंट जनरल और मेजर जनरल के पद पर रहते हुए पाकिस्तान के खिलाफ लड़ाइयां और टकराव लड़े और झेले हैं, का मानना है कि इस बार आतंकियों के साथ-साथ पाक की खुफिया एजेंसी आईएसआई तक फौज को निशाना बनाया जा सकता है। वे भी नहीं जानते कि यदि भारत ने प्रहार किया, तो वह किस दर्जे का होगा, लेकिन रक्षा विशेषज्ञ मानते हैं कि यदि पाकिस्तान की फौज और आईएसआई पर किसी किस्म का हमला किया जाता है, तो पाकिस्तान उसका पलटवार करेगा और वही युद्ध में तब्दील हो सकता है। यह बाद की बात है कि पाकिस्तान युद्ध में कितने दिन तक टिक पाएगा, उसके पास गोला-बारूद तक पर्याप्त नहीं है, लेकिन इस तरह युद्ध छिड़ सकता है। चीन पाकिस्तान को मदद दे सकता है। तुर्किये ने भी कुछ हथियार और रक्षा सामग्री पाकिस्तान को भेजी है, ऐसी खबरें आई हैं। पाकिस्तान एक विपन्न और विक्षुब्ध देश है, लिहाजा मनोवैज्ञानिक मान रहे हैं कि वह बिन सोचे-समझे परमाणु अस्त्रों का इस्तेमाल कर सकता है। बेशक दोनों देशों ने परमाणु अस्त्रों का इस्तेमाल किया, तो विनाश व्यापक और भयावह हो सकता है। वह स्थिति टालनी चाहिए।

# होम डिलीवरी सर्विसेज और ऑनलाइन मार्केट्सः एक नई क्रांति



बृज खंडेलवाल




भारत में होम डिलीवरी सर्विसेज और ऑनलाइन मार्केट्स ने पिछले एक दशक में उपभोक्ता व्यवहार और अर्थव्यवस्था को नया आकार दिया है। अमेजन, फ्लिपकार्ट, ब्लिंकिट, और इंस्टामार्ट जैसे प्लेटफॉर्म्स ने सब्जी, फल, दूध से लेकर सेक्स टॉयज और कंडोम तक, लगभग हर चीज को घर तक पहुंचा दिया है। शराब को छोड़कर, शायद ही कोई उत्पाद बचा हो जो ऑनलाइन उपलब्ध न हो।

ऑनलाइन डिलीवरी सेवाओं का तेजी से बढ़ता चलन आज के डिजिटल युग की एक महत्वपूर्ण विशेषता है। दर्जनों प्लेटफॉर्म और ऐप-आधारित सेवाओं ने बाजार को लोकतांत्रिक बना दिया है, जिससे उत्पादक सीधे उपभोक्ताओं तक पहुँच पा रहे हैं। यह बदलाव निश्चित रूप से पारंपरिक बाजार की रौनक को कम कर सकता है, लेकिन इसके कई सकारात्मक पहलू भी हैं।

सीनियर सिटीजन पद्मिनी अय्यर कहती हैं, ''साग सब्जी, फल, दूध बगैरा लेने भीड़ भरे बेलनगंज मार्केट में जाती थी, कई बार रिक्शा नहीं मिलता था, पैदल सामान लाते टाइम बंदर हमला कर देते थे, अब इतना आराम हो गया, सेम रेट, पूरा वजन, अच्छी क्वालिटी सिर्फ दस पंद्रह मिनिटों में घर बैठे मिल रहा है, कई बार ब्लिंकिट की सर्विस इतनी फास्ट होती है, कि लगता है बंदा बाहर गेट पर ही बैठा है क्या।''

होम मेकर्स अब घर के सदस्यों पर निर्भर नहीं हैं। चुटकियों में फ्रेश, ब्रांडेड प्रोडक्ट्स होम सप्लाई हो रहे हैं। बिग बास्केट के युवा डिलीवरी पार्टनर रोहित ने बताया कि हर महीने 25 से 30 हजार कमा लेता है। हमारे गुप्ता जी कहते हैं कि एक गया, दूसरा आया हमारे अपार्टमेंट complex में। कभी फ्लिपकार्ट, कभी अमेजन, या फिर ब्लिंकिट या जोमेटो वाला रात बारह बजे तक यही क्रम चलता है। ''एक रोज देर शाम दिल्ली से लौटा था, मूड बन रहा था मगर केमिस्ट की दुकान से खरीदना भूल गया, थोड़ा मायूस हुआ पर पत्नी जी ने ब्लिंकिट से मंगाने का सुझाव दिया, काम बन गया,'' भटनागर जी ने बताया।

सबसे महत्वपूर्ण लाभों में से एक है ट्रैफिक जाम, प्रदूषण और समय की बर्बादी में कमी। लोग अब घर बैठे ही अपनी जरूरत की चीजें मंगवा सकते हैं, जिससे सड़कों पर वाहनों का दबाव कम होता है। इसके अतिरिक्त, यह क्षेत्र कम पढ़े-लिखे युवाओं और लड़कियों के लिए अतिरिक्त आय का एक महत्वपूर्ण स्रोत बन गया है, जो डिलीवरी पार्टनर के रूप में पार्ट-टाइम काम करके अपनी जीविका चला रहे हैं।

नवीनतम रुझानों की बात करें, तो अब डिलीवरी सेवाएं केवल भोजन और किराने के सामान तक ही सीमित नहीं हैं, बल्कि दवाइयां, कपड़े, इलेक्ट्रॉनिक्स और अन्य आवश्यक वस्तुएं भी ऑनलाइन उपलब्ध हैं। ड्रोन डिलीवरी और इलेक्ट्रिक वाहनों का उपयोग जैसी तकनीकें इस क्षेत्र को और अधिक कुशल और पर्यावरण के अनुकूल बना रही हैं। आने वाले समय में, हम इस क्षेत्र में और भी नवाचार और विकास देखने की उम्मीद कर सकते हैं।

भारत में होम डिलीवरी सर्विसेज और ऑनलाइन मार्केट्स ने पिछले एक दशक में उपभोक्ता व्यवहार और अर्थव्यवस्था को नया आकार दिया है। अमेजन, फ्लिपकार्ट, ब्लिंकिट, और इंस्टामार्ट जैसे प्लेटफॉर्म्स ने सब्जी, फल, दूध से लेकर सेक्स टॉयज और कंडोम तक, लगभग हर चीज को घर तक पहुंचा दिया है। शराब को छोड़कर, शायद ही कोई उत्पाद बचा हो जो ऑनलाइन उपलब्ध न हो। यह नई व्यवस्था सुविधा और गति का प्रतीक बन चुकी है, लेकिन इसके साथ ही पारंपरिक किराना दुकानों, कॉर्नर शॉप्स, और मंडी सिस्टम पर गहरा प्रभाव पड़ा है। होम डिलीवरी सर्विसेज का सबसे बड़ा लाभ है सुविधा। उपभोक्ता 24/7, कहीं से भी खरीदारी कर सकते हैं, जो व्यस्त जीवनशैली वालों के लिए वरदान है। विशेष रूप से सीनियर सिटीजन्स को घर बैठे आवश्यक वस्तुओं की डिलीवरी से बहुत राहत मिली है। ई-कॉमर्स की बदौलत उत्पादों की व्यापक रेंज उपलब्ध है, जो पारंपरिक दुकानों में संभव नहीं।

आर्थिक दृष्टिकोण से, इन सेवाओं ने गिग इकॉनमी को बढ़ावा दिया है। भारत में लगभग 10-12 करोड़ गिग वर्कर्स हैं, जो फूड डिलीवरी, ई-कॉमर्स, और लॉजिस्टिक्स से जुड़े हैं। नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार, 2030 तक गिग वर्कर्स कुल श्रम बल का 4.1% (लगभग 23.5 करोड़) होंगे। ये प्लेटफॉर्म्स डेटा एनालिटिक्स का उपयोग कर उपभोक्ता व्यवहार को समझते हैं, जिससे बेहतर मार्केटिंग और मूल्य निर्धारण संभव होता है। जीएसटी संग्रह भी ऑल-टाइम हाई पर है, क्योंकि ऑनलाइन लेनदेन पारदर्शी हैं, जो सरकार के लिए फायदेमंद है।

नुकसानः पारंपरिक बाजारों पर संकट और सामाजिक प्रभावहालांकि, यह व्यवस्था पारंपरिक किराना दुकानों और मंडी सिस्टम को ध्वस्त कर रही है। एक सर्वे के अनुसार, 46% शहरी उपभोक्ताओं ने किराना दुकानों से खरीदारी कम कर दी है, जिससे छोटे व्यापारियों को नुकसान और कर्मचारियों की छंटनी हुई है। मंडियों में भी किसानों को कम कीमत मिल रही है, क्योंकि बड़े प्लेटफॉर्म्स सीधे उत्पादकों से सौदा करते हैं। गिग वर्कर्स को भी चुनौतियां हैं—कम वेतन, सामाजिक सुरक्षा की कमी, और अनिश्चित कार्य घंटे। सामाजिक स्तर पर, नौजवानों में आलस्य की शिकायत बढ़ रही है। त्वरित डिलीवरी की आदत ने लोगों को बाहर जाने और सामुदायिक संपर्क से दूर किया है। इसके अलावा, लुभावनी स्कीम्स जैसे भारी डिस्काउंट और कैशबैक उपभोक्ताओं को अनावश्यक खरीदारी के लिए प्रेरित करते हैं, जिससे वित्तीय अनुशासन प्रभावित होता है।

आर्थिक प्रभाव और रोजगार सृजनई-कॉमर्स सेक्टर ने भारत में 2024 में लगभग 15 लाख प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित किए। गिग वर्कर्स के अलावा, लॉजिस्टिक्स, वेयरहाउसिंग, और टेक्नोलॉजी सेक्टर में भी नौकरियां बढ़ी हैं। उदाहरण के लिए, अमेजन और फ्लिपकार्ट ने लाखों MSMEs को अपने प्लेटफॉर्म्स से जोड़ा, जिससे छोटे व्यवसायों को वैश्विक पहुंच मिली। हालांकि, पारंपरिक रिटेल में रोजगार हानि इसकी एक कड़वी सच्चाई है।लॉन्ग रन प्रभाव और भविष्य का परिदृश्यलंबे समय में, यह व्यवस्था उपभोक्ता-केंद्रित अर्थव्यवस्था को और मजबूत करेगी, लेकिन छोटे व्यापारियों के लिए चुनौतियां बढ़ेंगी। सरकार का रुख सकारात्मक है, क्योंकि जीएसटी और डिजिटल लेनदेन से राजस्व बढ़ रहा है। हालांकि, गिग वर्कर्स के लिए सामाजिक सुरक्षा योजनाएं लागू करना जरूरी है, जैसा कि राजस्थान ने 2023 में शुरू किया। 2025 में पारंपरिक मार्केट्स दिक्कत में हैं, लेकिन पूरी तरह खत्म नहीं होंगे। स्थानीय किराना दुकानें ताजा उत्पादों और व्यक्तिगत सेवा के दम पर टिक सकती हैं। भविष्य में, हाइब्रिड मॉडल्स (ऑनलाइन-ऑफलाइन एकीकरण) और स्मार्ट लॉजिस्टिक्स इस सेक्टर को और बदल सकते हैं।

## 7 मई : इतिहास की अहम घटनाएं

1946 मासारू इबुका और एकियो मोरीटा ने टोक्यो टेलीकॉम इंजीनियरिंग कॉर्पोरेशन की स्थापना की, जिसने बाद में इसका नाम बदलकर सोनी कर दिया।

1952 जेफ्री डब्लूए डम्मर ने 7 मई, 1952 को वाशिंगटन, डी.सी. में एकीकृत सर्किट का विचार जनता के सामने प्रस्तुत किया। हालांकि वह वह था जिसने आईसी के विचार को 1956 में इस तरह के सर्किट का निर्माण करने में विफल कर दिया था।

1960 शीत युद्ध-सोवियत नेता निकिता ख्रुश्चेव ने घोषणा की कि उनका देश अमेरिकी पायलट फ्रांसिस गैरी पॉवर्स को पकड़ रहा है, जिनके U-2 जासूस विमान को छह दिन पहले सोवियत संघ में मार गिराया गया था।

1964 प्रशांत एयर लाइंस फ्लाइट 773 संयुक्त राज्य अमेरिका में कैलिफोर्निया के सैन रेमन के पास 7 मई, 1964 को दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी। यह संयुक्त राज्य के इतिहास में सामूहिक हत्या की आत्महत्या का पहला मामला था। फ्रांसिस्को पाउला गोंजालेस ने खुद से पहले पायलट और सह-पायलट दोनों को गोली मार दी, दुर्घटना में सभी 44 यात्री मारे गए।

1976 एलेक्ज़ेंडर ग्राहम बेल को अपने आविष्कार का पेटेंट मिला जिसे उन्होंने 'टेलीफ़ोन' (दूरभाष) का नाम दिया।

1986 पैट्रिक मॉरो, कनाडाई फ़ोटोग्राफ़र और पर्वतारोही, 7 मई 1986 को अधिक कठिन कार्स्टेंस-संस्करण में प्रत्येक सात शिखर पर चढ़ने वाले पहले व्यक्ति बने।

1998 डेमलर-बेंज का संयुक्त राज्य अमेरिका स्थित ऑटोमोबाइल निर्माता क्रिसलर कॉर्पोरेशन के साथ 7 मई 1998 को विलय हो गया और डेमलर क्रिसलर एजी का गठन किया गया। क्रिसलर का 92% हिस्सा डेमलर-बेंज एजी द्वारा खरीदा गया था और 8% स्वतंत्र रहे।

2002 पायलट द्वारा अपना संदेश on आग पर चढ़ाने के ठीक बाद 6 मई, 2002 को चीन नॉर्दर्न एयरलाइंस फ़्लाइट 6136 पीले समुद्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। 'चालक दल के सभी 112 लोग मारे गए जिनमें 9 चालक दल के सदस्य भी शामिल थे। यह एक महीने से भी कम समय में पीआरसी विमान से जुड़ी दूसरी दुर्घटना थी।

2004 अमेरिकी व्यापारी निकर्क बर्ग को 7 मई, 2004 को आतंकवादी जिहादी समूह मुंतदा अल-अंसार द्वारा सिर काट दिया गया था। आतंकवादी समूह ने ab अबू मुसाब अल-जरवी स्लाटर्स द अमेरिकैम 'शीर्षक से एक वीडियो पोस्ट किया, जो लगभग पांच और आधे मिनट लंबा था, जिससे उसका पतन हुआ।

2007 हेरोड द ग्रेट का मकबरा 7 मई, 2007 को पुरातत्वविदों के एक इजरायल द्वारा खोजा गया था। हेरोद द ग्रेट यहूदिया का एक रोमन ग्राहक राजा था जो अपने विशाल भवन निर्माण परियोजनाओं के लिए जाना जाता है।

2007 इज़राइली पुरातत्वविदों की एक टीम ने जुडिया हेरोड द ग्रेट के प्रथम शताब्दी ईसा पूर्व शासक की कब्र की खोज की।

2008 रूस के पूर्व राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन ने देश के 10वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली।

2008 दिमित्री मेदवेदेव ने रूस के तीसरे राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली।

2009 न्यूजीलैंड के नेपियर में पुलिस ने न्यूजीलैंड के एक पूर्व सदस्य के घर की 40 घंटे की घेराबंदी शुरू कर दी, जिसने एक सर्च वारंट के बाद, अधिकारियों को गोली मार दी।

2010 चिली ओईसीडी का 31 वा सदस्य बना।

2010 शोधकर्ताओं की एक टीम निएंडरथल जीनोम का एक पूरा मसौदा अनुक्रम प्रस्तुत किया, जिसमें दिखाया गया कि आज के आधुनिक मनुष्यों के पास निएंडरथल पूर्वज हैं।

## समसामयिक

# पहलगाम हमले पर गुटेरेस की रस्मी संवेदना



ऋषभदेव शर्मा

**पहलगाम** हमले के संदर्भ में 5 मई, 2025 के अपने बयान में संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने हमले की निंदा की है। साथ ही, भारत और पाकिस्तान दोनों को संयम बरतने और सैन्य समाधान से बचने की सलाह भी दी है। इसे शायद ही न्यायपूर्ण कहा जा सके, क्योंकि यह सलाह देते हुए उन्होंने पीड़ति और हमलावर दोनों को एक ही पलड़े में रखने की अव्यावहारिक कोशिश की है।

कितना अजीब है कि संयुक्त राष्ट्र महासचिव यह भूल गए कि भारत दशकों से सीमा-पार आतंकवाद का शिकार रहा है। इसलिए उनका बयान संतुलित तो है, लेकिन अपर्याप्त कतई नहीं! गुटेरेस ने हमले को "निंदनीय" बताते हुए दोषियों को सजा देने और शांति के लिए कूटनीति को बढ़ावा देने की बात कही। किंतु, भारत के लिए यह बयान उस दर्द और आक्रोश को पूरी तरह प्रतिबिंबित नहीं करता, जो पहलगाम जैसे जघन्य हमले के बाद देश में व्याप्त है। भारत कठोर शब्दों में कह चुका है कि हम इस हमले के अपराधियों, योजनाकारों और समर्थकों को न्याय के कटघरे में लाने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। ऐसे में, संयुक्त राष्ट्र की 'दोनों पक्षों से' संयम की अपील बड़ी हद तक रस्मी-रवायती लगती है। भारतीय दृष्टिकोण से, इस बयान की सबसे बड़ी कमी यह है कि यह आतंकवाद के मूल कारण, विशेष रूप से पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित आतंकवाद, पर चुप्पी साधता है। पहलगाम हमले से पहले पाकिस्तानी सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर और लश्कर-ए-तैयबा के नेताओं के भड़काऊ बयान इस हमले की पृष्ठभूमि को रेखांकित करते हैं। फिर भी, संयुक्त राष्ट्र का बयान इस संदर्भ को नजरअंदाज कर दोनों देशों को समान रूप से ज़म्मिदार ठहराने की चालाक कोशिश करता है। यह भारत के लिए अस्वीकार्य है। क्योंकि भारत ने हमेशा आतंकवाद के खिलाफ शून्य सहिष्णुता की नीति अपनाई है। जबकि पाकिस्तान आतंकी संगठनों को पनाह देने के लिए कुख्यात रहा है।

इसके अलावा, गुटेरेस का सैन्य समाधान को खारिज करना भारत की रणनीतिक स्वायत्तता पर एक अप्रत्यक्ष टिप्पणी के रूप में देखा जा सकता है। भारत ने पहलगाम हमले के बाद कूटनीतिक और आर्थिक कदम उठाए हैं। जैसे, सिंधु जल संधि को निलंबित करना, अटारी-वाघा सीमा बंद करना और पाकिस्तानी नागरिकों के वीजा रद्द करना। साथ ही, भारतीय सेना को उचित कार्रवाई के लिए पूरी आज़ादी गई है। यानी, भारत आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई के लिए तैयार है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव का बयान इन कदमों को अप्रत्यक्ष रूप से कमजोर करता है, जो भारत की आत्मरक्षा के अधिकार को सीमित करने का प्रयास प्रतीत होता है।

बेशक, इस बयान में कुछ सकारात्मक पहलू भी हैं। गुटेरेस ने पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की और दोषियों को सजा देने की ज़रूरत पर ज़ोर दिया। यह वैश्विक समुदाय के साथ भारत की एकजुटता को दर्शाता है। फिर भी, भारत को चाहिए कि वह संयुक्त राष्ट्र जैसे मंचों पर अपनी स्थिति को और मजबूती से रखे। विदेश मंत्रालय को यह सुनिश्चित करना होगा कि आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई को और भी व्यापक वैश्विक समर्थन मिले, न कि केवल संयम की सलाहें!

अंततः, पहलगाम हमला भारत के लिए एक चेतावनी है कि आतंकवाद के खिलाफ उसकी लड़ाई लंबी और जटिल है। महासचिव का बयान हमले की निंदा के रूप में भले ही स्वागत योग्य है, लेकिन भारत की अपेक्षाओं पर पूरी तरह खरा नहीं उतरता। भारत को अपनी कूटनीति और सैन्य रणनीति के माध्यम से यह स्पष्ट करना होगा कि आतंकवाद के खिलाफ हमारा रुख अटल है, और हम किसी भी कीमत पर अपनी संप्रभुता और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करेंगे। देश चाहता है कि संयुक्त राष्ट्र हमें उपदेश नहीं, समर्थन दे!

# मुद्दा गरम हैः कितने दिन झेल पाएगा पाकिस्तान ?

पहलगाम की सैबरन घाटी में हुई नृशंस हत्याकांड के बाद जैसी आशंका थी भारत-पाक के बीच युद्ध के बादल मंडरा रहे हैं।

जिस तरह से कश्मीर में पाकिस्तान संरक्षित आतंकवादियों ने 26 निर्दोष पर्यटकों का कत्ल किया, उससे साफ ज़ाहिर था या तो पूर्व की सरकारों की तरह यह सरकार भी चुपचाप इस ज़हर के घूंट को पी जाए या फिर आगे बढ़कर जवाब दिया जाए। इससे पूर्व भी जब नरेंद्र मोदी नीत सरकार के कार्यकाल में आतंकवादियों ने भारत में आतंकी हमला किया तब दोनों बार ही उन्हें जबरदस्त मुंह तोड़ जवाब दिया गया लेकिन शायद पड़ोसी देश इस बात को भूल गया और उसने इस बात का फ़ायदा उठाने की नीयत से एक बार फिर आतंकवाद का सहारा लिया कि धारा 370 हटाने के बाद शायद कश्मीरी उसकी इन नापाक हरकतों को अपना समर्थन देंगे। लेकिन ऐसा नहीं हुआ।




डॉ. घनश्याम बादल

सुरक्षा बल एवं दूसरी एजेंसियां लगातार एक्शन में है लेकिन कहीं पर भी इनका न तो विरोध हुआ है न ही पहले की तरह की पत्थर बाजी हुई बल्कि कश्मीर की सरकार, वहां के मुख्यमंत्री एवं आम जनता ने आगे बढ़कर भारत का समर्थन किया है। साथ ही साथ सरकार ने पाकिस्तान को घेरने का कार्य ठीक उसी दिन शुरू कर दिया था जिस दिन पहलगाम की सुंदर वादियों में पर्यटकों पर हमला हुआ। प्रधानमंत्री अरब की अपनी यात्रा को बीच में ही छोड़कर तुरंत वापस आए, उच्च स्तरीय बैठकें आयोजित की गई और तुरंत ही पाकिस्तान पर एक जबरदस्त कूटनीतिक स्ट्राइक कर दी गई जो पहले तो वहां के नेताओं और सेना समझ में ही नहीं आई और बाद में उन्होंने पहले की तरह ही एटम बम की गीदड़ भभकी के साथ जवाब देना शुरू किया लेकिन भारत की ओर से शांत भाव के साथ कड़ी कार्रवाई जारी रही।

आज पाकिस्तान के साथ लगभग सारे कूटनीतिक संबंध खत्म कर दिए गए हैं वहां के दूतावास के सदस्यों की संख्या घटा दी गई, आवा-जाही पर रोक लगा दी गई और भारत में रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों को भी तुरंत ही देश छोड़ने का सुझाव एवं हुकुम दोनों दे दिए गए। बाघा बॉर्डर भी बंद कर दिया गया है लेकिन सबसे बड़ा हमला किया गया सिंधु घाटी के नदी समझौते को स्थगित करके। अब क्योंकि भारत में इस संधि से खुद को अलग कर लिया है तो यह संधि अंतरराष्ट्रीय संधि रह ही नहीं गई है इसलिए उसे पाकिस्तान को किसी भी तरीके की सूचना देने की ज़रूरत नहीं है। वह जब चाहे सिंधु, झेलम, चिनाब, रावी,ब्यास और सतलुज नदियों के पानी की आपूर्ति पाकिस्तान को बंद कर सकता है तथा कब वह पानी का प्रवाह बढ़ा रहा है एवं कब घटा रहा है इसके बारे में भी उसे पाकिस्तान को सूचित करने की ज़रूरत नहीं है। इसका सीधा सा मतलब यह है कि आने वाली गर्मियों में पाकिस्तान को प्यासा मरना पड़ेगा और वहां की कृषि एवं उद्योग की अर्थव्यवस्था पर भी इसका भारी विपरीत प्रभाव पड़ना तय है। इतना ही नहीं भारत के वायु क्षेत्र को पाकिस्तान के लिए बंद कर दिया गया है। जिसका मतलब है अब पाकिस्तान के युद्ध विमान के साथ-साथ यात्री वायुयानों को भी लंबा रास्ता तय करके जाना पड़ेगा और इससे उनका खर्च बढ़ेगा जिससे उसकी अर्थव्यवस्था की हालत खराब होनी निश्चित है।

सोशल मीडिया के पाकिस्तान परस्त सारे चैनलों एवं अकाउंट्स पर रोक लगा दी गई है, पाकिस्तान के साथ आयात निर्यात एवं व्यापार लगभग खत्म कर दिया गया है। और दुनिया भर के देशों के साथ भारत




के प्रधानमंत्री, रक्षा मंत्री, विदेश मंत्री एवं दूसरे सैन्य अधिकारी तथा मंत्री निरंतर संपर्क में रहकर उन्हें पाकिस्तान कई आतंकवादी कृत्यों में संलिप्तता की जानकारी और सबूत दे रहे हैं यानी हमारी रणनीति साफ है कि इस आतंकवादी देश को दुनिया में अलग-थलग करके रख दिया जाए। हालांकि तुर्कीए, यमन एवं चीन जैसे कुछ देश पाकिस्तान के साथ खड़े भी नजर आते हैं लेकिन दुनिया भर के अधिकांश देश भारत के ही साथ हैं।

ख़ैर कौन साथ है और कौन ख़िलाफ़ इसका पता तो तभी चलेगा जब दोनों देशों के बीच प्रत्यक्ष युद्ध की घोषणा होती है जिसके लिए सारा देश बड़ा बेचैन हो रहा है। हालांकि युद्ध किसी भी समस्या का हल नहीं है और युद्ध का विपरीत प्रभाव केवल एक ही पक्ष पर नहीं पड़ने वाला है और यदि दुर्भाग्य से परमाणु हथियारों का उपयोग हो गया तो फिर उसका प्रभाव केवल भारत-पाकिस्तान या एशिया तक ही सीमित नहीं रहेगा अपितु विश्व के बहुत बड़े हिस्से में इसके विकिरण से बड़ी तबाही मचाने के संकेत है। उम्मीद करें कि ऐसी स्थिति नहीं आएगी। होना तो यह चाहिए था कि पाकिस्तान को आतंकवादियों की पीठ पर रखे अपने हाथ को तुरंत हटा लेना था और उन्हें भारत के हवाले करके सजा भुगतने के लिए छोड़ देना था लेकिन अपनी आदत के अनुसार उसने ऐसा नहीं किया जबकि लादेन को पाकिस्तान में छुपा कर उसके साथ क्या हुआ था इसका उदाहरण उसके सामने है।

पाकिस्तान के संदर्भ में मज़े की बात यह है कि वह अपने सैनिकों या नागरिकों को जिंदा या मुर्दा हालत में भी स्वीकार तक नहीं करता है लेकिन दहशतगर्दो से उसका अथाह प्रेम जग जाहिर है। फिलहाल इस देश की हालत यह है कि 'घर में नहीं दाने और अम्मा चली भुनाने'। नागरिकों के लिए जरूरी सुविधाएं मुहैया नहीं हैं, आटे के लिए वहां लूट मचती, है महंगाई आकाश छू रही है और देश के बड़े हिस्से में सरकार के प्रति भारी गुस्सा ही नहीं अपितु विद्रोह जैसी स्थिति है मगर वह बजाय अपने नागरिकों को एक अच्छा जीवन देने की दहशतगर्द को पालने की मूर्खता कर रहा है। फिलहाल सबसे बड़ी बात यह है कि भारत और पाकिस्तान दोनों में भारी फर्क है। भारत की अर्थव्यवस्था पाकिस्तान से लगभग दस गुना ज्यादा है, हमारा रक्षा क्षेत्र कहीं अधिक विकसित, आत्मनिर्भर, समर्थ,संपन्न एवं आधुनिक हथियारों से लैस है। दुनिया भर के मंचों में हमारी प्रतिष्ठा अलग है और हम आज विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं जो जल्द ही तीसरी अवस्था बनने के लिए मचल रही है। उधर पाकिस्तान की हालत यह है कि उसके पास न पैसा है, न हथियार, न गोला - बारूद और उसकी सेना भी ना उतनी आधुनिक और प्रशिक्षित नहीं है और न ही उतनी समर्पित जितनी भारत की। लेकिन गीदड़ भभकियों से पाकिस्तान फिर भी बाज नहीं आ रहा है।

22 अप्रैल के बाद भारत ने काफी धैर्य का परिचय दिया है जबकि पाकिस्तान लगातार एलओसी पर युद्ध विराम समझौते का उल्लंघन करते हुए हमारे सैनिकों को उकसा रहा है और इसका मुंहतोड़ जवाब भी उसे मिल रहा है पर वह सबक सीखने को तैयार नहीं है इसलिए अब वह वक्त बहुत नज़दीक है जब उसे सबक सिखाने की अनिवार्यता सामने होगी। इस गोलीबारी या भड़काऊ बयानों के पीछे पाकिस्तान की रणनीति बहुत साफ है वह किसी भी तरह भारत को उकसाकर पहले हमला करने को भड़का रहा है जिससे विश्व के देशों से कह सके कि उस पर हमला भारत ने किया, अब उसकी मदद की जाए। वह यह भूल जाता है कि दुनिया भर के देश उससे पूछेंगे कि पहलगाम, बालाकोट, उड़ी या दूसरे स्थानों पर उसके आतंकवादियों के हमले पर उसका पक्ष क्या है।

आंकड़े एवं प्राप्त सूचनाओं पर गौर करें तो यदि पाकिस्तान को चीन या दूसरे देशों से कोई मदद नहीं मिलती है तो भारत के समक्ष वह एक हफ्ते से अधिक नहीं टिक सकता है और यदि गिने-चुने देश उसको सामने आकर या चोरी छिपे मदद भी करते हैं तब भी उसे भारी नुकसान होना ही है। जो हालात पाकिस्तान के हैं यदि आमने-सामने का युद्ध हुआ तो ऐसे में बलूचिस्तान पाकिस्तान एवं सिंध प्रांत के विद्रोही अपना अवसर तलाश सकते हैं और यदि ऐसा हुआ और जिसके लिए निसंदेह भारतीय कूटनीतिक एवं एजेंसियां सक्रिय हो चुकी होंगी तो फिर एक बार फिर से पाकिस्तान के तीन-चार टुकड़े होने तय हैं।

खबरें फटाफट

## प्रतियोगिता में सफल स्कूली छात्र छात्राओं को पुरस्कृत कर किया सम्मानित



कानपुर ,स्कूली छात्रों की प्रतिभा निखारने लिए प्रतियोगिता का हुआ आयोजन,एन्टी करप्शन इंटरनेशनल कौंसिल कानपुर यूनिट के तत्वाधान में दिनाँक 22.04.2025 को पृथ्वी दिवस पर नम्रता एजुकेशन सेंटर, यशोदानगर, कानपुर एवं एल आर चन्देल इंटर कॉलेज, बजरंगपुरी, यशोदानगर, कानपुर आदि स्कूलों में चित्रकला एवं निबन्ध प्रतियोगिता आयोजित की गई थी, उसी क्रम में आज प्रतिभागित छात्र -छात्राओं को प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं सांत्वना प्रमाण -पत्र वितरित कार्यक्रम में समाजसेवी एवं एन्टी करप्शन इंटरनेशनल कौंसिल कानपुर यूनिट के एग्जीक्यूटिव मेंबर प्रेम शंकर पाण्डेय की विशेष उपस्थिति सराहनीय रही। कार्यक्रम में समस्त शिक्षक स्टाफ के साथ एन्टी करप्शन इंटरनेशनल कौंसिल कानपुर यूनिट के सुरेश चन्द्र द्विवेदी, हिमांशु त्रिवेदी, अतुल त्रिवेदी, सदस्य गुड्डू दीक्षित एवं वरिष्ठ भाजपा नेता पी एस पांडे पाण्डेय आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन बच्चों को मिष्ठान वितरण के साथ किया गया।

## सीबीयूडी ऐप से आम जनमानस को मिलेगी बेहतर सुविधा: जिलाधिकारी




कानपुर। जनपद में आम जनमानस को बेहतर सुविधा देने व उनको दी जाने वाली सुविधाओं में खलल न पड़े, इसके लिए जिले में कॉल बिफोर यू डिग (सीबीयूडी) मोबाइल ऐप के माध्यम से किसी सार्वजनिक कार्य के लिए खुदाई एवं उत्खनन करने से पूर्व इस ऐप में सूचना दी जाएगी। इसके लिए जिला एडमिन बनाते हुए अपर जिलाधिकारी (नगर) डॉ. राजेश कुमार को नोडल अधिकारी के तौर पर नियुक्त किया गया है। यह जानकारी मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में प्रेस वार्ता कर जिलाधिकारी जीतेन्द्र प्रताप सिंह ने दी।

जिलाधिकारी ने बताया कि सीबीयूडी ऐप,एक अभिनव पहल है, जिसे दूरसंचार विभाग (डीओटी) ने बीआईएसएजी -एन की मदद से विकसित किया है। सीबीयूडी को प्रधानमंत्री द्वारा 22 मार्च 2023 को लॉन्च किया गया। सीबीयूडी एप्लीकेशन एंड्रॉयड और आईओएस दोनों यूजर के लिए उपलब्ध है और इसे प्ले स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है। उपयोग और बल्क यूजर क्रिएशन की बेहतर निगरानी के लिए सीबीयूडी वेब पोर्टल (cbud.gov.in) भी उपलब्ध है। उपयोगकर्ता प्रोफ़ाइल अद्यतन विकल्प से मोबाइल नंबर, ईमेल आईडी, नाम, पद का नाम विवरण बदल सकते हैं। अधिकार क्षेत्र में परिवर्तन के लिए (राज्य, जिला, तहसील, विभाग, एजेंसी) पैरेंट लेवल उपयोगकर्ता एक ही मोबाइल नंबर से निर्माण या विलोपन ऑपरेशन कर सकता है।

# जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज में तैनात महिला डॉक्टर से रेप

## सीनियर रेजिडेंट ने शादी का झांसा देकर रेप किया

नेशनल एक्सप्रेस डी के सिंह

कानपुर। कानपुर जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज में तैनात महिला डॉक्टर से रेप हुआ है। डॉक्टर का आरोप है कि सीनियर रेजिडेंट ने शादी का झांसा देकर रेप किया। विवाह का दबाव बनाने पर आरोपी डॉक्टर ने उनके साथ मारपीट की। इसके बाद वह अपने घर बुलंदशहर भाग गया। महिला डॉक्टर की तहरीर पर आरोपी सीनियर रेजिडेंट के खिलाफ चकेरी थाने में FIR दर्ज की गई है।



महिला डॉक्टर चकेरी क्षेत्र की रहने वाली है। महिला डॉक्टर ने बताया कि मैं जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज में सीनियर रेजिडेंट के पद पर कार्यरत हूं। करीब ढाई साल पहले मेरी मुलाकात बुलंदशहर खुर्जा निवासी ऑर्थो में तैनात डॉक्टर अभिषेक भास्कर से हुई थी। अभिषेक ने खुद को अविवाहित बताते हुए मुझे अपने प्रेम जाल में फंसा लिया। दो साल पहले अभिषेक ने पढ़ाई के बहाने मुझे अपने कमरे में बुलाया और रेप किया। जब मैंने इसका विरोध जताया तो शादी करने की बात कहकर चुप करा दिया। कुछ समय बीतने के बाद जब मैंने शादी करने के लिए कहा तो आरोपी ने गाली-गलौज कर मारपीट शुरू कर दी।

महिला डॉक्टर ने आरोप लगाया कि अभिषेक ने अपने माता पिता के कहने पर मेरा नंबर ब्लाक कर दिया। कानपुर से भागकर अपने शहर खुर्जा चला गया। इस घटना के बाद मैं डिप्रेशन में चली गई। इंस्पेक्टर चकेरी संतोष कुमार शुक्ला ने बताया कि महिला डॉक्टर की तहरीर FIR दर्ज कर ली गई है। आरोपी डॉक्टर

## जागो वार्डन जागो... आपको देश पुकार रहा है

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो




कानपुर नगर हमारे कर्मठ साथी वॉर्डेंस वर्तमान समय में देश की सीमाओं पर बढ़ते तनाव और युद्ध की संभावनाओं को देखते हुए आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था को मज़बूत करना अनिवार्य हो गया है। नागरिकों की सुरक्षा और आपातकालीन परिस्थितियों में समन्वय बनाए रखने के लिए सिविल डिफेंस की मॉक ड्रिल्स और जागरूकता अभियानों की आवश्यकता बढ़ गई है।

ऐसे समय में सिविल डिफेंस वार्डन की भूमिका केवल एक ड्यूटी नहीं, बल्कि राष्ट्र सेवा का संकल्प बन जाती है। इसलिए ये अपील की जा रही है — ताकि हर वॉर्डन अपने भीतर की देशभक्ति और ज़िम्मेदारी को फिर से जागृत करे।

जब सीमा पर रणबांकुरे सीना ताने खड़े हैं, तो हम कैसे पीछे रह सकते हैं? हमारा कर्तव्य है — हर गली, हर मोहल्ले की रक्षा, हर नागरिक के मन में सुरक्षा और विश्वास भरना।अब वक्त है उठ खड़े होने का।हाथों में ज़िम्मेदारी का झंडा थामने का, और दिल में मातृभूमि के लिए जलती अग्नि को फिर से प्रज्वलित करने का। देश को हमारी जरूरत है,चलो, एक बार फिर वो वर्दी गर्व से पहनें, और दिखा दें कि सिविल डिफेंस सिर्फ एक ड्यूटी नहीं — यह एक सौगंध है, देश के लिए जीने-मरने की!

## अग्निकांड में जान गंवाने वाले पीड़ति परिवार के सदस्यों को मिलेगी हर सम्भव मदद : सांसद



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

कानपुर। यह घटना बेहद दुखद और हृदयविदारक है। मैं समझ सकता हूँ कि परिवार पर क्या बीत रही होगी? दुख की इस घड़ी में मैं और मेरी पार्टी उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी हैं। पीड़ित परिजनों की मांग के अनुसार हर संभव मदद की जाएगी। यह बातें मंगलवार को सांसद रमेश अवस्थी ने आगजनी में जान गंवाने वाले मृतकों के परिजनों से मिलकर कही।

चमनगंज थाना क्षेत्र के प्रेमनगर इलाके में रविवार को हुए भीषण अग्निकांड में एक ही परिवार के पांच सदस्यों की जिंदा जलकर दर्दनाक मौत ने पूरे शहर को झकझोर कर रख दिया है। इस हृदयविदारक घटना के बाद राजधानी दिल्ली से लौटे भाजपा सांसद रमेश अवस्थी ने पीड़ित परिवार के परिजनों से उनके आवास पर जाकर मुलाकात कर उनका हाल जाना।

सांसद को अपने बीच पाकर परिजनों का दर्द एक बार फिर छलक पड़ा। बता दें कि इस अग्निकांड में एक दंपति और उनकी तीन मासूम बेटियों की जिंदा जलकर दर्दनाक मौत हो गई थी। इस घटना ने न केवल स्थानीय लोगों, बल्कि पूरे क्षेत्र में शोक की लहर पैदा कर दी है।

मृतक दानिश के छोटे भाई कासिफ ने बताया कि रविवार की रात पड़ोसी का फोन आया कि आपके घर पर आग लग गई है। इसके बाद मैने अपने बड़े भाई (मृतक दानिश) को नौ बजकर चौदह मिनट पर कॉल किया लेकिन आवाज नहीं आयी।

## भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधायक, कानपुर महानगर प्रभारी पंकज सिंह का भव्य स्वागत एवं मॉनिटरिंग टीम के साथ महत्वपूर्ण बैठक

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

कानपुर। आज भाजपा कानपुर महानगर उत्तर कार्यालय,नवीन मार्केट में प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधायक, महानगर प्रभारी पंकज सिंह का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे और पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका अभिनंदन किया। सिंह ने विभिन्न अभियानों और कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा हेतु मॉनिटरिंग टीम के साथ बैठक की। बैठक में वक्फ सुधार जनजागरण अभियान, एक राष्ट्र एक चुनाव, मन की बात जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर बिंदुवार चर्चा की गई। उन्होंने टीम के सदस्यों को अभियान की गति बढ़ाने के लिए दिशा-निर्देश



दिए। पत्रकार साथियों से वार्ता के दौरान कहा कि वक्फ की जमीनों पर अवैध कब्जों को हटाने के लिए कानून मौजूद है, जिससे गरीब मुस्लिम समाज को उनका वास्तविक हक मिलेगा। जो लोग वक्फ संपत्तियों पर कब्जा जमाए बैठे हैं, वे शीघ्र बेनकाब होंगे। एक राष्ट्र एक चुनाव देश की आर्थिक प्रगति के लिए ऐतिहासिक कदम है। इससे संसाधनों की बचत होगी और सुशासन को मजबूती मिलेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में यह विचार देश में जनजागरण का विषय बन चुका है। जातीय जनगणना पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि इससे आर्थिक रूप से पिछड़े ओबीसी वर्ग को राष्ट्र की मुख्यधारा से जोड़ने में मदद मिलेगी। कांग्रेस पार्टी ने इस विषय पर कभी गंभीरता नहीं दिखाई, अगर उनकी मंशा होती तो 2011 में ही जातीय जनगणना हो जाती। बैठक में क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल, जिला अध्यक्ष अनिल दीक्षित, सांसद रमेश अवस्थी, मॉनिटरिंग टीम के प्रभारी रोहित साहू, संयोजक सुनीता गौड़,विधि राजपाल, राधा सैनी, पूनम कंवर, हिमांशु शर्मा, यश वर्मा सचिन गौड़ प्रभाकर अवस्थी,अरुण गुप्ता,यश जायसवाल एवं राम कुमार सिंह मनोज अग्रवाल,अभिराज सिंह ,मयंक मिश्रा,क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी अनूप अवस्थी एवं जिला मीडिया प्रभारी अनुराग शर्मा सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## युवक की संदिग्ध मौत, परिजनों ने हत्या का लगाया आरोप

बांदा। जिले के जसपुरा कस्बे में बीती रात एक शादी समारोह के दौरान एक युवक की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। युवक की पहचान मोहम्मद निहाल (21), निवासी नौबस्ता पूर्वी, थाना घाटमपुर, जनपद कानपुर नगर के रूप में हुई है। मृतक बारात में शामिल होने जसपुरा आया था। परिजनों ने युवक की हत्या का आरोप लगाया है। मामला जसपुरा कस्बे के तेजिया पैलेस नामक एक कथित गेस्ट हाउस का है, जहां घाटमपुर निवासी सुमित यादव की बारात कन्हैयालाल यादव की पुत्री कोमल के यहां आई थी। बारातियों के ठहरने की व्यवस्था तेजिया पैलेस में की गई थी, जो तीन मंजिला इमारत है।

बारात की रस्में—द्वारचार, जयमाला आदि सम्पन्न होने के बाद सभी बाराती भोजन कर गेस्ट हाउस में सो गए।

## कृषि भवन लखनऊ द्वारा मृदा नमूना एकत्रीकरण के विशेष अभियान का शुभारम्भ



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

कानपुर देहात जिलाधिकारी आलोक सिंह के निर्देशन में उप कृषि निदेशक ने बताया कि कृषि निदेशालय उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा जनपद कानपुर देहात के प्रत्येक विकास खंड से 20-20 ग्राम पंचायतों का चयन किया गया है। प्रत्येक ग्राम पंचायत में 100-100 मृदा नमूना ग्रहित करने का लक्ष्य मुख्यालय द्वारा निर्धारित किया गया है। जिसके परिपेक्ष में विश्व मृदा दिवस के अवसर पर कृषि निदेशालय ऊ0प्र0 लखनऊ द्वारा जनपद हेतु नामित नोडल अधिकारी आशीष कुमार, उप कृषि निदेशक (कृषि रक्षा) कृषि भवन लखनऊ द्वारा मृदा नमूना एकत्रीकरण के विशेष अभियान का शुभारम्भ करते हुए ग्राम ज्योतिष एवं बनारअलीपुर, विकास खंड अकबरपुर, कानपुर देहात के कृषक क्रमश बलजीत एवं पार्वती देवी के खेत से मृदा नमूना एकत्रित कराए गए। उक्त कार्यक्रम में उमेश कुमार गुप्ता जिला कृषि अधिकारी, राम नरेश पाल जिला कृषि रक्षा अधिकारी एवं सूरज भान सिंह अध्यक्ष भूमि परीक्षण प्रयोगशाला कानपुर देहात एवं संबंधित क्षेत्रीय कर्मचारी उपस्थित रहे। तदोपरांत कृषि विभाग के क्षेत्रीय कर्मचारियों द्वारा समस्त विकास खंड में अभियान अंतर्गत लगभग 1000 मृदा नमूना ग्रहित किये गए। उप कृषि निदेशक कृषि रक्षा द्वारा अवगत कराया गया की ग्राम पंचायतों का चयन शासन स्तर से किया गया है। उनके द्वारा बताया गया कि जिस प्रकार मानव शरीर में पोषक तत्वों की कमी हो जाने से मानव स्वास्थ्य खराब हो जाता है तथा रक्त की जांच करने पर बीमारी का पता लगाकर उसका उचित इलाज किया जाता है ठीक उसी प्रकार मृदा में भी मुख्य पोषक तत्व एवम सूक्ष्म पोषक तत्वों कि कमी का पता मृदा परीक्षण करा कर लगाया जा सकता है।

## आज का राशिफल



ज्योतिर्विद
डॉ. श्याम सुंदर पाठक 'अनन्त'
Mob:-9760800271

मेष : यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी।

वृष : लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

मिथुन : दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे।

कर्क : विवाद समाप्त होंगे। शुभ संदेशों से मन खिला-खिला रहेगा। परेशानीयां स्वतः ही दूर होती प्रतीत होगी। अध्ययन में रुचि पैदा होगी। अभिभावकों के प्रति उत्तरदायित्व निभाने होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा।

सिंह : नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा।

कन्या : अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। आवेश में आना आपके हित में नही होगा इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियंत्रण रखें। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी।

तुला : व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा।

वृश्चिक : समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं।

धनु : पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा।

मकर : जीवनसाथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। बचते-बचते कलह विवाद का डर रहेगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंग।

कुंभ : कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होगी। कुछ भ्रामक धारणाओं का खंडन होगा।

## अधिवक्ता स्वास्थ्य बीमा झारखंड में लागू प्रदेश में भी लागू करे सरकार

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

कानपुर। अधिवक्ता कल्याण संघर्ष समित की कोर्ट कार्यालय की बैठक में अधिवक्ता स्वास्थ्य बीमा पर बोलते हुए पंडित रवीन्द्र शर्मा पूर्व अध्यक्ष लायर्स एसोसिएशन ने बताया कि झारखंड राज्य विधिज्ञ परिषद के अध्यक्ष राजेंद्र कृष्ण ने फोन वार्ता पर बताया कि हमारा वर्षों का संघर्ष सफल हुआ। झारखंड सरकार ने प्रदेश के अधिवक्ता और अधिवक्ता परिवारों के लिए अधिवक्ता स्वास्थ्य बीमा

योजना लागू कर दी है फिर झारखंड कानून मंत्रालय के प्रिंसिपल सेक्रेटरी एस के सिन्हा से फोन वार्ता की उन्होंने बताया कि झारखंड सरकार ने अधिवक्ता और अधिवक्ता परिवारों के लिए 1 मई




2025 से मुख्यमंत्री अधिवक्ता स्वास्थ्य बीमा योजना लागू की है जिसके अंतर्गत अधिवक्ता और अधिवक्ता के बच्चे आश्रित माता पिता अविवाहित और विधवा बेटी को सामान्य बीमारी में रु 500000 और गंभीर बीमारी में रु 1000000 का निशुल्क इलाज का लाभ मिलेगा। ये योजना देश के अन्य प्रदेशों के लिए मील का पत्थर साबित होगी। शुभ सूचना के लिए हमने कानपुर के अधिवक्ताओं की ओर से चेयरमैन राज्य विधिज्ञ परिषद झारखंड को संघर्ष के लिए बधाई दी। झारखंड ने ही पहले अधिवक्ता पेंशन लागू की था अब झारखंड ही अधिवक्ता स्वास्थ्य बीमा देने वाला देश का पहला राज्य बन गया है जिसके लिए हम झारखंड सरकार के प्रति भी आभार व्यक्त करते हैं।हमारी योगी सरकार से मांग है कि अधिवक्ता और अधिवक्ता परिवारों के लिए हमारी वर्षों से चल रही हमारी मांग अधिवक्ता स्वास्थ्य बीमा योजना को लागू करें।प्रमुख रूप से विजय सागर अरविन्द दीक्षित पूर्व उपाध्यक्ष बार एसोसिएशन मो कादिर संजीव कपूर संदीप श्रीवास्तव शंभू मिश्रा नीतीश पंथिया शिवम गंगवार शुभम जोशी इंद्रेश मिश्रा वीर जोशी आदि रहे।

## कानपुर महानगर के समग्र विकास के लिए विभिन्न विभागों के साथ समन्वय बैठक की

नेशनल एक्सप्रेस उत्कर्ष सिंह

कानपुर, महापौर ने कहा कि नगर निगम द्वारा शहर में अतिक्रमण अभियान चलाया जा रहा है, उस पर पुनः अतिक्रमण न हो, पुलिस इसकी जिम्मेदारी लें। नगर निगम द्वारा इस बार नाले पर अतिक्रमण हटाते हुए नाला सफाई अभियान भी चलाया जा रहा है, किन्तु पुलिस विभाग का सहयोग नही मिल पा रहा है, लाल ईमली के पास अवैध शराब की दुकाने पुनः लग गयी। प्रतिदिन फोटो एवं वीडियोग्राफी भी करायी जा रही है। आयुक्त, कानपुर मण्डल के विजयेन्द्र पांडियन ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अतिक्रमण एक गंभीर समस्या है और काफी परेशानियों के बाद



अतिक्रमण हटता है, 2-3 बार नोटिस देना पड़ता है, फिर अतिक्रमण हटता है। सरकारी सम्पत्ति, सड़क, नाली खंडजा पर अतिक्रमण न हो, स्थानीय थाने की जिम्मेदारी होती है कि दोबारा अतिक्रमण न हो, ठोस कार्यवाही नही होनी चाहिए।

अतिक्रमण एक बहुत बड़ी बाधा होती हैं। कानपुर नगर निगम एवं कानपुर विकास प्राधिकरण मिलकर कार्य करें। अभी तक जो अतिक्रमण हटाया गया है, उसकी सूची उपलब्ध करा दें, इसमें एक सिटी मजिस्ट्रेट की भी तैनाती की जायेगी। महापौर द्वारा कानपुर नगर निगम सीमान्तर्गत सिंचाई विभाग की नहरों पर अतिक्रमण और उसमें कूड़ा डाले जाने के सम्बन्ध मे पूछे जाने पर अधिशाषी अभियन्ता सिंचाई विभाग मनोज कुमार ने अवगत कराया नौरैयाखेड़ा से सीटीआई हलुआखाड़ा होते हुए जाने वाली नहर 0-11 किलोमीटर नगर निगम सीमा में पड़ती है, नहरो की सफाई के लिये वर्ष में एक बार शासन से धन मिलता है। कूड़ा हटवाने की जिम्मेदारी सिंचाई विभाग की नहीं है, सिचाई विभाग की 06 निष्प्रयोज्य नहरे है, जिसमें सिंचाई का कार्य बन्द हो गया है।

## पीएम इनटर्नशिप योजना देश के युवाओं के लिए सुनहरा अवसर : प्राचार्य डॉ नरेश



**नेशनल एक्सप्रेस फहीम अंसारी**

**भोजपुर।** मंगलवार को राजकीय महाविद्यालय भोजपुर, मुरादाबाद में छात्र-छात्राओं को रोजगार से संबंधित प्रधानमंत्री इनटर्नशिप योजना के बारे में जानकारी दी गई, जिसके अंतर्गत जो छात्र छात्रा 21 से 24 वर्ष के है। वे इस योजना के द्वारा अपना पंजीकरण कराकर भारत सरकार से इनटर्नशिप के माध्यम से वित्तीय सहायता प्राप्त कर सकते है। पीएम इंटर्नशिप योजना देश के युवाओं के लिए सुनहरा अवसर है। इसके उपरांत सड़क सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत एक नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें सानिया पुत्री फहीम बी0ए0 द्वितीय सेमेस्टर, शाहीन परवीन पुत्री रईस अहमद बी0एससी0 चतुर्थ सेमेस्टर एवं मुहम्मद समीर पुत्र मुहम्मद तसलीम बी0ए0 द्वितीय सेमेस्टर ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ नरेश कुमार द्वारा व आयोजन डॉ मनोज कुमार पारस के द्वारा किया गया। प्राचार्य द्वारा छात्र-छात्राओं को यातायात के नियमों की विस्तृत जानकारी दी गई, और उनका पालन करने की सलाह दी। जिससे सभी सड़क पर सुरक्षित चल सके। उन्होंने महाविद्यालय के सभी छात्र एवं शिक्षकों,कर्मचारियों को महाविद्यालय में प्रवेश करते समय दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट के प्रयोग व कार चलाते समय सीटबेल्ट के प्रयोग करने के लिए निर्देशित किया। कार्यक्रम में सभी शिक्षक उपस्थित रहे।

# कोडर झील बनेगा पर्यटन स्थल

### डीएम की पहल पर कोडर झील का सौंदर्यीकरण और विकास कार्य शुरू, स्वयं सहायता समूह को मिलेगा लाभ

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

**गोण्डा।** जिला प्रशासन और जिलाधिकारी नेहा शर्मा की पहल पर, गोण्डा जिले के कोडर झील को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने के लिए कार्य शुरू कर दिया गया है। इस परियोजना के तहत झील के सौंदर्यीकरण और आसपास के क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्य किए जाएंगे, जिससे यह स्थल न केवल पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बनेगा, बल्कि स्थानीय समुदाय को भी रोजगार के नए अवसर मिलेंगे।अयोध्या से 22 किमी और गोंडा मुख्यालय से 40 किमी दूर स्थित कोडर गांव में स्थित कोडर झील, ऐतिहासिक और धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है। मान्यता है कि यह स्थान भगवान श्रीराम के गायों के चरने के कारण अस्तित्व में आया था। महर्षि पतंजलि ने यहीं रहकर योग की शिक्षा दी थी। झील का आकार मिट्टी के चूल्हे की तरह है और यहां प्रवासी पक्षियों की आमद होती है, जो इसे और भी आकर्षक बनाती है।



**सौंदर्यीकरण और विकास कार्य**

उपजिलाधिकारी तरबगंज द्वारा झील के जलमग्न क्षेत्र का सीमांकन कर कार्ययोजना तैयार की गई है। इसके तहत वन विभाग द्वारा झील के किनारे 4 हेक्टेयर क्षेत्र में 6400 पौधों के रोपण की योजना बनाई गई है, जिसे आगामी वषार्काल में पूरा किया जाएगा। इसके साथ ही, मनरेगा के तहत झील के तट सुद्धीकरण और अन्य कार्यों के लिए कार्ययोजना तैयार की जा रही है।

**स्वयं सहायता समूह का योगदान**

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत, 35 महिलाओं को जलकुम्भी से बने सजावटी सामान बनाने के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह प्रशिक्षण 2 मई से 17 मई तक विकासखण्ड वजीरगंज के सभागार में आयोजित किया जा रहा है, जिससे महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में मदद मिलेगी।

**मत्स्य पालन और कृषि विकास**

मुख्य कार्यकारी अधिकारी, मत्स्य विभाग द्वारा कोडर झील में मछली पालन के लिए फिश केज स्थापित करने की योजना बनाई गई है। इसके तहत 14 लाभार्थियों को लाभान्वित करने के लिए आवेदन लिया गया है। इसके साथ ही कृषि विभाग द्वारा झील के आसपास के किसानों को जैविक रसायन और खाद के प्रयोग के लिए प्रेरित किया जाएगा, जिससे भूमि की उर्वरता बनी रहे और पर्यावरण की रक्षा हो।

**सड़क निर्माण कार्य**

ग्राम पंचायत कोडर डीहा में रबरमोल्ड इण्टरलॉकिंग का निर्माण कार्य चल रहा है, जिसकी लागत लगभग 14.88 लाख रुपये है। यह कार्य पुद्दन सिंह के घर से हरिद्वार सिंह के घर तक किया जा रहा है और इससे पर्यटन स्थल तक पहुंचना और भी आसान हो जाएगा।

■ ईको टूरिज्म के तहत कोडर झील बनेगा प्रमुख पर्यटन स्थल

**ईको टूरिज्म का प्रस्ताव**

जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद द्वारा इस क्षेत्र को ईको टूरिज्म के तहत विकसित करने का प्रस्ताव महानिदेशक पर्यटन को भेजा गया है। यह कदम कोडर झील को एक प्रमुख पर्यटक स्थल बनाने के लिए उठाया गया है, जो स्थानीय संस्कृति, ऐतिहासिक धरोहर और प्राकृतिक सौंदर्य का एक आदर्श संयोजन प्रस्तुत करेगा। जिलाधिकारि नै कहा कि इससे न केवल पर्यटकों को एक नया स्थल मिलेगा, बल्कि स्थानीय समुदाय को भी रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे। कोडर झील का सौंदर्यीकरण और आसपास के विकास कार्य से यहां का समग्र परिवेश बेहतर होगा और यह स्थल एक प्रमुख पर्यटन केंद्र बन सकेगा।



अतिथि अध्यापक मंच के अध्यक्ष नवीन डबास जी ने माननीय शिक्षा मंत्री श्री आशीष शूद जी को दिल्ली गेस्ट टीचर्स की समस्याओं के निवारण के लिए ज्ञापन सौंपा।

## संक्षिप्त समाचार

### दहेज कानून एवं उसके दुष्परिणाम पर संगोष्ठी आयोजित



**मुरादाबाद।** मंगलवार को तीर्थंकर महावीर विश्विद्यालय के विधि संकाय विभाग में आगामी नौ व दस मई को आयोजित होने वाले अखिल भारतीय सेमिनार दहेज कानून एवं उसके दुष्परिणाम संगोष्ठी की तैयारी। मुख्य अतिथि के रूप में विधान परिषद सदस्य डॉ जयपाल सिंह व्यस्त, बैठक में प्रोफेसर हरबंश दिक्षित, प्रोफेसर एमपी सिंह,प्रोफेसर सुशील सिंह, एवं समस्त विधी संकाय सदस्यों के साथ रूप रेखा पर विचार विमर्श किया।

### देश भर में राष्ट्रव्यापी मॉक ड्रिल

**मुरादाबाद।** भारत सरकार 7 मई को देशभर के 244 जिलों में एक राष्ट्रव्यापी मॉक ड्रिल आयोजित करेगी। यह 1971 के बाद पहली बड़ी मॉक ड्रिल है। ड्रिल के दौरान ब्लैकआउट और सायरन बजेंगे। जिससे लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाने का संकेत मिलेगा।

### डीआईजी ने सुनी समसयायें



**मुरादाबाद।** डीआईजी मुनीराज जी द्वारा परिक्षेत्रीय कार्यालय मुरादाबाद पर मंगलवार को जनसुनवाई कर फरियादियों की समस्याओं को सुना गया एवं उनकी समस्याओं के उचित, गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### अवैध चाकू के साथ एक गिरफ्तार




**पाकबड़ा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निदेर्शानुसार अपराध एंव अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने व अवैध शस्त्र निर्माण,तस्करी, अवैध शस्त्र धारकों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत मंगलवार को थाना पाकबड़ा पुलिस द्वारा अभियुक्त अर्जुन दिवाकर पुत्र विशम्बर निवासी बंगाली वाली गली बडा मन्दिर कस्बा व थाना पाकबडा जिला मुरादाबाद को 01 अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में उपरोक्त अभियुक्त के विरुद्ध थाना पाकबड़ा पर मुकदमा पंजीकृत किया गया। पुलिस ने आरोपी का मेडिकल परीक्षण कराकर कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

## स्वच्छ एवं सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त शहर के उद्देश्य से लोगों को किया जागरूक

**नेशनल एक्सप्रेस फहीम अंसारी**

**मुरादाबाद।** नगर निगम मुरादाबाद की टीम द्वारा अभियान चलाकर जनसंपर्क कर लोगों को जागरूक किया गया। टीम द्वारा स्वच्छ एवं सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त शहर के उद्देश्य से होटल और बैंक्वेट हॉल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कर्मचारियों व स्थानीय नागरिकों को प्लास्टिक थैली, ग्लास, क्रॉकरी आदि के उपयोग से बचने की सलाह दी गई। सभी को गीले व सूखे कचरे को अलग-अलग रखने और दो अलग डस्टबिन के उपयोग की जानकारी दी गई। पर्यावरण को स्वच्छ और हरित बनाने में भागीदारी के लिए प्रेरित किया गया। स्थानीय समर्थन मंडप मालिक ने बताया कि वे पहले से ही प्लास्टिक की थैलियों की जगह कपड़े की थैलियों का उपयोग कर रहे हैं। और मंडप परिसर में डस्टबिन की व्यवस्था कर स्वच्छता बनाए रखने में सक्रिय सहयोग कर रहे हैं। यह अभियान स्वच्छता और प्लास्टिक मुक्त समाज की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम है।




## मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत बालिकाओं की सुरक्षा हेतु किया जागरूक

**नेशनल एक्सप्रेस फहीम अंसारी**



**मुरादाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद मुरादाबाद के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण में मिशन शक्ति अभियान चरण पांच मंगलवार को महिला सुरक्षा दल द्वारा महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा व सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु महिला एवं बच्चों से सम्बन्धित समस्याओं एवं मुद्दों पर समझ बनाना व घरेलू हिंसा से संरक्षण, दहेज प्रतिषेध, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण, पॉक्सो, बाल विवाह प्रतिषेध व महिलाओं की गरिमा के विरुद्ध प्रमुख अपराधों की जानकारी दी गयी ।

महिला हिंसा से संबंधित अन्य शिकायतों के निवारण हेतु वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, सीएम हेल्पलाइन नंबर 1076, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, वन स्टाप सेन्टर 181,साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930,स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन नंबर 102,एम्बुलेन्स सेवा 108, जनसुनवाई पोर्टल, स्थानीय थाने की हेल्प डेस्क, राष्ट्रीय,राज्य महिला आयोग के सम्बन्ध में जानकारी देकर जागरूक किया गया। मिशन-शक्ति फेज 05 अभियान के तहत जनपद के समस्त थानों द्वारा पुलिस की पाठशाला, चौपाल लगाकर जागरुकता के क्रम में महिलाओं, बालिकाओं को जागरुक किया गया ।

# दो बाइकों की टक्कर में नगर निवासी की मौत, तीन घायल

### लगातार हो रहे सड़क हादसों से समाजसेवियों में चिंता

**नेशनल एक्सप्रेस फहीम अंसारी**

**भोजपुर।** लगातार हो रहे सड़क हादसों में आज फिर एक युवक की जान चली गई। पुलिस प्रशासन लगातार मिशन सड़क सुरक्षा अभियान चलाकर लोगों को हेल्मेट और गाडी को धीमी गति से चलाने को जागरूक कर रहे है। ठाकुरद्वारा कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर में एक युवक की मौत व मासूम बच्चीं सहित तीन घायल हो गए। घायलों की हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने घायलों को हायर सेंटर रेफर कर दिया है। भोजपुर निवासी शफीक पुत्र रफीक अपनी पत्नी इशरत जहाँ और दस वर्षीय पुत्री माहेनूर को साथ लेकर थाना डिलारी के ग्राम तगली में शादी में शामिल होने आए थे। शादी के बाद पति-पत्नी दोनों कालू सैय्यद दरगाह जाने के लिए निकले थे। तभी जैसे ही बाइक ग्राम गांवड़ी पहुँची तो सामने से आ रही तेज रफ़्तार बाइक सवार भुवनेश्वर पुत्र हरसरूप निवासी इग्रे की भिड़त हो गई जिसमें बाइक सवार शफीक की मौके पर ही मौत हो गई उसके साथ उसकी पत्नी इशरत व पुत्री माहेनूर गम्भीर रूप से घायल हो गए वही भुवनेश्वर भी गंभीर रूप से घायल हो गया ग्रामीणों की मदद से एंबुलेंस 108 द्वारा नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां पर इशरत पत्नी शफीक व माहेनूर पुत्री शफीक व भुवनेश्वर पुत्र हरसरूप की हालत गम्भीर बताते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया है। कोतवाली पुलिस ने शफीक के शव को कब्जे में लेकर परिजनों को सूचना दे दी है। और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सड़क दुर्घटना में हुई युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया मंगलवार को शफीक के शव को सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया है।



## वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा जनसुनवाई में आए फरियादियों की सुनी गई समस्याएं



**नेशनल एक्सप्रेस फहीम अंसारी**

**मुरादाबाद।** मंगलवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल द्वारा जनसुनवाई में आये फरियादियों की समस्याएं और शिकायतों को सुना गया। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आदेशित किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल द्वारा सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि जनसुनवाई , महिला हेल्पडेस्क को और अधिक प्रभावशाली बनाये ताकि पीड़ित,शिकायतकर्ता को अनावश्यक रुप से अपने थाने से पुलिस कार्यालय आने की आवश्यकता न हो साथ ही सभी थाना प्रभारियों को यह भी निर्देश दिये गये कि जिस समस्या का समाधान थाना स्तर से हो सकता है। उनका समाधान थाना स्तर पर ही समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर कराना सुनिश्चित करें।

## दहेज के लिए विवाहिता की हत्या करने वाला पति गिरफ्तार



**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**

**बिलारी।** वादी निवासी थाना बिलारी क्षेत्रान्तर्गत ने अभियुक्त द्वारा वादी की पुत्री को दहेज के लिए प्रताडित कर दहेज मांग करना व मांग पूरी न करने पर वादी की पुत्री की हत्या कर देने के सम्बन्ध में थाना बिलारी पर तहरीर दी, तहरीर के आधार पर थाना बिलारी पर मुकदमा पंजीकृत किया गया।

विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में मंगलवार को थाना बिलारी पुलिस द्वारा अभियुक्त मुकेश पुत्र नेतराम निवासी ग्राम मंगूपुरा थाना बिलारी मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपी का मेडिकल परीक्षण कराकर कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

## सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत लोगों को किया जागरूक

### नोडल अधिकारी का अनोखा कार्य गांव-गांव जाकर ट्रैफिक नियमों की दे रहें जानकारी

**नेशनल एक्सप्रेस जाकिर हुसैन**

**मुंढापांडे।** जनपद के थाना मूंढापांडे क्षेत्र अंतर्गत गांव में जाकर नोडल अधिकारी ट्रैफिक मुंढापांडे एसआई विजय पाठक ने लोगों को यातायात नियमों के बारे में जागरूक किया और संघन चेकिंग अभियान चलाया,नोडल अधिकारी ट्रैफिक मुंढापांडे एसआई द्वारा करनपुर से लालपुर रोड पर हो रही निर्माण कार्य को देखते हुए जगह-जगह दुर्घटना से बचने के लिए स्टीकर लगाए, दलपतपुर से लेकर करनपुर तक रोड पर पेड़ों पर दुर्घटना से बचने के लिए रंगबिरंगी स्टीकर,उसके बाद गोविंदपुर अड्डे पर दो पहिया वाहन चालकों को और मिनी मेट्रो चालकों को रोक कर यातायात नियमों के बारे में बताया और कुछ मिनी मेट्रो और बाईकों का चलान भी किया। इसके बाद नोडल अधिकारी द्वारा ग्राम पंचायत बरवाला खास में एक सवाल लगाकर सभी लोगों को यातायात नियमों के बारे में बताया गया। उन्होंने कहा कि यदि आप रोड पर चल रहे हैं तो यातायात नियमों का पालन करते हुए चलें,दो पहिया गाड़ी को चलाते समय हेलमेट का प्रयोग हमेशा करें,

नोएडा अधिकारी द्वारा तेजी के साथ क्षेत्र में यातायात नियमों को लोगों तक पहुंचा रहे हैं। और जगह-जगह सभाएं कर रहे है। जिससे कि सभी लोग यातायात नियमों का पालन करें।



### योगी सरकार की ऊर्जा क्षेत्र में बड़ी पहल

# यूपी को 2030 से सस्ती बिजली

# 25 वर्षों में होगी 2958 करोड़ की बचत

**1600 मेगावाट की नई तापीय परियोजना से 1500 मेगावाट बिजली खरीदने का निर्णय, 5.38 रु./यूनिट की दर से होगी आपूर्ति**

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में एक बड़ी और दूरदर्शी पहल करते हुए 1600 मेगावाट क्षमता की एक नई तापीय परियोजना से 1500 मेगावाट बिजली खरीदने का फैसला लिया है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। यह बिजली बोली प्रक्रिया (बिड प्रॉसेस) के माध्यम से अगले 25 वर्षों तक 5.38 रुपए प्रति यूनिट की दर से खरीदी जाएगी। इस निर्णय से उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड को आगामी 25 वर्षों में करीब 2958 करोड़ रुपए की बचत होने का अनुमान है।



#### अन्य परियोजनाओं की तुलना में किफायती बिजली

ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने बताया कि यह नई परियोजना वर्तमान में कार्यरत सार्वजनिक तापीय संयंत्रों की तुलना में कहीं अधिक किफायती होगी। जैसे कि जवाहरपुर, ओबरा, घाटमपुर, पनकी जैसी परियोजनाओं से मिलने वाली बिजली की दरें 6.60 रुपए से 9 रुपए प्रति यूनिट तक हैं। जबकि डीबीएफओओ मॉडल के तहत प्रस्तावित इस नई परियोजना से 2030-31 में बिजली मात्र 6.10 रुपए प्रति यूनिट की दर से उपलब्ध होगी।

#### बोली प्रक्रिया और चयनित कंपनी

जुलाई 2024 में रिक्वेस्ट फॉर क्वालिफिकेशन जारी किया गया था। 7 कंपनियों ने आवेदन किया और उनमें से 5 ने फाइनेंशियल बिड में हिस्सा लिया। सबसे कम दर (5.38 रु./यूनिट) की पेशकश करने वाली एक निजी कंपनी को चयनित किया गया। यह दर दो भागों में विभाजित है: फिक्स्ड चार्ज 3.727 रुपए /यूनिट और फ्यूल चार्ज 1.656 रुपए /यूनिट।

#### 2030-31 में होगी परियोजना की शुरूआत

यह तापीय परियोजना वित्तीय वर्ष 2030-31 में चालू हो जाएगी। इससे प्रदेश की बेस लोड ऊर्जा की जरूरतें पूरी होंगी और घरेलू उपभोक्ताओं व उद्योगों को स्थिर और किफायती बिजली उपलब्ध होगी।

#### ऊर्जा संकट से निपटने की रणनीति

केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण और उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग के अनुसार, राज्य को 2033-34 तक 10,795 मेगावाट अतिरिक्त तापीय ऊर्जा की आवश्यकता होगी। इसके साथ ही राज्य ने 23,500 मेगावाट नवीकरणीय ऊर्जा के लिए भी रोडमैप तैयार किया है। इसी क्रम में डीबीएफओओ मॉडल के तहत बिडिंग प्रक्रिया अपनाई गई है।

#### बिजली आत्मनिर्भरता की दिशा में एक ठोस कदम

ऊर्जा मंत्री ने कहा कि यह समझौता न केवल आर्थिक रूप से लाभकारी है बल्कि यह भविष्य में राज्य की ऊर्जा सुरक्षा, औद्योगिक विकास और उपभोक्ता हितों के लिए भी एक निर्णायक कदम होगा।

#### क्या है डीबीएफओओ मॉडल?

डीबीएफओओ यानी डिजाइन, बिल्ड, फाइनेंस, ओन और ऑपरेट एक ऐसी प्रणाली है जिसमें निजी कंपनी परियोजना का निर्माण, वित्तपोषण, स्वामित्व और संचालन खुद करती है।

## समझौते के बावजूद वेव सिटी के विकास कार्य में बाधा डाल रहे हैं प्रदर्शनकारी

**अदालत के आदेश के बावजूद वेव सिटी प्रबंधन को कर रहे हैं ब्लैकमेज**

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** देश के सबसे हाईटेक सिटी बनने जा रही वेव सिटी को कुछ अराजक तत्व अपने निजी फायदे के लिए लगातार विकास कार्यों में बाधा पहुंचाने का काम कर रहे हैं। रोचक तथ्य तो यह है कि किसान संगठन, किसान और वेव सिटी प्रबंधन के बीच जो समझौता हुआ था, उस समझौते की शर्तों को भी कुछ अराजक तत्व मानने को तैयार नहीं हैं। बल्कि कुछ नए संगठन जिनका कि इस समझौते से कोई लेना देना नहीं है वह आकर धरना–प्रदर्शन कर जिला प्रशासन और वेव सिटी प्रबंधन पर जबरन दबाव बनाने का काम कर रहे हैं।

जबकि जिला प्रशासन, भारतीय किसान संगठन और वेव सिटी प्रबंधन ने साफ कर दिया है कि जो समझौता मई 2014 में हुआ है उसी के आधार पर विकास कार्य किए जा रहे हैं और जिन किसानों की जमीन ली गई थी उन्हें मुआवजा और जमीन दी जा चुकी है। सूत्रों का कहना है




कि जमीन की कीमत बढ़ने के बाद कुछ अराजक तत्व किसानों को बहला–फुसलाकर जबरन ज्यादा मुआवजा मिलने का प्रलोभन देकर उन्हें भ्रमित करने का काम कर रहे हैं। और इसकी आड़ में तथाकथित संगठन धरना–प्रदर्शन कर रहे हैं। सूत्रों का कहना है कि अगर गलत तरीके से जमीन ली या गई गलत तरीके से समझौता हुआ है तो न्यायालय में जाकर न्याय मांग सकते हैं। लेकिन न्यायालय पहले ही साफ कर चुका है कि समझौतों की शर्तों का उल्लंघन नहीं होना चाहिए।

इस बीच भारतीय किसान संगठन ने जिला प्रशासन को पत्र लिखकर साफ किया कि जो भी प्रदर्शन हो रहे हैं वह अवैध तरीके से हो रहे हैं। भारतीय किसान संगठन के गाजियाबाद के जिला अध्यक्ष एवं मेरठ मंडल के प्रभारी लोकेश नागर की ओर से लिखे गए पत्र में कहा गया था कि वेव सिटी में चल रहा धरना अवैध है। पत्र में कहा कि यह धरना बाहरी नेताओं की ओर से दिया जा रहा है। पत्र के मुताबिक कंपनी और किसानों के बीच जो समझौता हुआ था उसे कंपनी ने मान लिया है। पत्र में कहा गया है कि 20 अक्टूबर 2024 को कंपनी और क्षेत्र के लोगों के बीच जो समझौता हुआ उसे कंपनी ने मान लिया और लगातार रजिस्ट्री भी हो रही है। साथ ही कंपनी समझौते के मुताबिक विकास कार्य को भी करा रही है।

पत्र में कहा गया है कि कुछ लोग अधिक दाम में बेची हुई जमीन के लिए भी प्लॉट की मांग कर रहे हैं और धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। जबकि 2014 के समझौते से इसका कोई मतलब नहीं है। उस समय भी यह समझौता हम लोगों के ही बीच हुआ था। पत्र में कहा गया है कि भारतीय किसान संगठन के लोग 21 अक्टूबर 2024 के समझौते से पूरी तरह से रजामंद है जिस पर क्षेत्र के लगभग 250 किसानों के हस्ताक्षर हैं और इस धरने का विरोध करते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### नवंबर में उत्तर प्रदेश का पहला दुधवा महोत्सव - संस्कृति, वन्यजीवन और पर्यटन का अनोखा संगम






**लखनऊ।** योगी आदित्यनाथ सरकार इस नवंबर में उत्तर प्रदेश का पहला ह्यदुधवा महोत्सवह्न आयोजित करने जा रही है। यह तीन दिवसीय आयोजन आवासीय, सांस्कृतिक और वन्यजीव महोत्सव की थीम पर आधारित होगा और इसका उद्देश्य स्थानीय संस्कृति को बढ़ावा देना और पर्यटन को प्रोत्साहित करना है।

इस महोत्सव में देश-विदेश से 2000 से अधिक पर्यटकों के शामिल होने की उम्मीद है। पर्यटकों के लिए तीन श्रेणियों में 200 से ज्यादा कैम्पिंग टेंट्स की व्यवस्था की जाएगी। इसके अलावा, स्थानीय थारू जनजाति परिवारों के साथ होमस्टे का विशेष अनुभव भी उपलब्ध होगा, जिससे पर्यटक यहां की सांस्कृतिक जीवनशैली से सीधे जुड़ सकेंगे।

* सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सजेगा मंच

महोत्सव के दौरान देश-विदेश के प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी, जो इस आयोजन को एक यादगार अनुभव बनाएंगी। उत्तर प्रदेश सरकार का यह प्रयास न केवल स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर देगा, बल्कि दुधवा टाइगर रिजर्व जैसे महत्वपूर्ण पर्यावरणीय स्थल को भी वैश्विक पहचान दिलाने में मदद करेगा।

### योगी सरकार ने तबादला नीति को दी मंजूरी, 15 जून तक पूरी होगी ट्रांसफर प्रक्रिया

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने मंगलवार को कैबिनेट बैठक में तबादला नीति 2025 को मंजूरी दे दी है। इसके तहत 15 जून तक ट्रांसफर की पूरी प्रक्रिया संपन्न कर ली जाएगी। खास बात यह है कि इस वर्ष भी पिछले साल की तबादला नीति के नियम ही लागू रहेंगे, यानी नियमों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। सरकारी आदेश के अनुसार, जिन कर्मचारियों ने एक जिले में 3 साल और मंडल में 7 साल का कार्यकाल पूरा कर लिया है, वे ट्रांसफर की श्रेणी में आएंगे। समूह 'क' और 'ख' के 20% अधिकारियों और समूह 'ग' व 'घ' के 10% कर्मचारियों का तबादला संबंधित विभागाध्यक्ष कर सकेंगे। यदि इससे अधिक संख्या में ट्रांसफर करने की जरूरत होती है, तो इसके लिए संबंधित मंत्री की अनुमति आवश्यक होगी।

#### पिक एंड चूज व्यवस्था समाप्त

पिछले वर्ष की तरह ही इस बार भी पिक एंड चूज, यानी पसंद की जगह ट्रांसफर की व्यवस्था को खत्म कर दिया गया है। अब सबसे पहले उन कर्मचारियों का ट्रांसफर किया जाएगा जो लंबे समय से एक ही स्थान पर तैनात हैं। सरकार का मानना है कि इस नीति से प्रशासनिक पारदर्शिता बढ़ेगी और भ्रष्टाचार पर अंकुश लगेगा।

## नगर पंचायत लालगंज में अवैध अतिक्रमण हटाने को लेकर तहसील सभागार में बैठक का हुआ आयोजन

» **नेशनल एक्सप्रेस**

**लालगंज रायबरेली –** नगर पंचायत लालगंज सीमान्तर्गत अवैध अतिक्रमण हटाये जाने के सम्बन्ध में उपजिलाधिकारी लालगंज की अध्यक्षता में आज तहसील सभागार में एक बैठक आहुत की गयी। बैठक में नगर के व्यापार मण्डल के संगठन के पदाधिकारी, क्षेत्राधिकारी लालगंज, अध्यक्ष नगर पंचायत लालगंज एवं नगर पंचायत लालगंज के सभासदगण उपस्थित रहे। बैठक में अतिक्रमण हटाये जाने के अभियान के सम्बन्ध में निर्णय लिया गया कि सप्ताह में गुरूवार एवं शनिवार को अभियान चलाया जाय। प्रथम चरण में रायबरेली रोड रेलवे क्रासिंग से गुरुबक्शगंज चौराहा मेन रोड होते हुये अन्नू दूध डेरी तक दिनांक 15.05.2025 दिन गुरूवार को अतिक्रमण हटाये जाने का अभियान चलाया जायेगा। प्रशासन द्वारा कहा गया कि समस्त व्यापारी बन्धुओं एवं नागरिकों से अपील है कि सार्वजनिक नाली / नालों ऊपर छज्जा, टीनशेड व तखत आदि अतिक्रमण स्वयं से हटा लें अन्यथा नगर पंचायत प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाया जायेगा, जिसमें होने वाली क्षति के लिए अतिक्रमणकर्ता स्वयं जिम्मेदार होगा।



## यूपी सरकार को अप्रैल में मिला रिकॉर्ड राजस्व

**पिछले वर्ष की तुलना में 1,785.30 करोड़ की वृद्धि, जीएसटी, आबकारी और स्टाम्प शुल्क से हुई प्रमुख आय**

» **नेशनल एक्सप्रेस**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार को वित्तीय वर्ष 2025-26 के पहले महीने अप्रैल में कुल 18,204.75 करोड़ का कर एवं करेतर राजस्व प्राप्त हुआ है।

यह आंकड़ा वित्तीय वर्ष 2024-25 के अप्रैल माह में प्राप्त 16,419.45 करोड़ की तुलना में 1,785.30 करोड़ अधिक है। यह जानकारी राज्य के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने दी। उन्होंने बताया कि राजस्व वृद्धि सरकार की सुदृढ़ कर संग्रह नीति, प्रशासनिक पारदर्शिता और डिजिटल साधनों के कुशल उपयोग का परिणाम है।



#### प्रमुख स्रोतों से हुई राजस्व प्राप्ति

■ वस्तु एवं सेवा कर : अप्रैल 2025 में ऋॠळ से कुल 8,943.47 करोड़ प्राप्त हुए, जबकि अप्रैल 2024 में यह आंकड़ा 8,310.43 करोड़ था।

■ मूल्य वर्धित कर : इस वर्ष अप्रैल में श्अळ से 994.52 करोड़ प्राप्त हुए, जो पिछले वर्ष की तुलना में 46.54 करोड़ की वृद्धि है।

■ आबकारी शुल्कः अप्रैल 2025 में आबकारी राजस्व 4,319.46 करोड़ रहा, जबकि अप्रैल 2024 में यह 3,759.14 करोड़ था।

■ स्टाम्प और निबंधन शुल्कः अप्रैल 2025 में इस मद से 2,729.43 करोड़ की प्राप्ति हुई, जो पिछले वर्ष के 2,249.78 करोड़ से कहीं अधिक है।

■ परिवहन विभाग से आयः अप्रैल 2025 में परिवहन विभाग से 1,043.14 करोड़ की आय हुई, जबकि अप्रैल 2024 में यह 929.61 करोड़ थी।

#### भू-तत्व एवं खनिकर्म में गिरावट

वित्त मंत्री ने बताया कि एकमात्र मद जहां गिरावट दर्ज की गई, वह है भू-तत्व तथा खनिकर्म, जिससे अप्रैल 2025 में 174.73 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ, जबकि अप्रैल 2024 में यह 222.51 करोड़ था।

#### सरकार की प्रतिबद्धता

वित्त मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार राजस्व संग्रह में निरंतर सुधार के लिए प्रतिबद्ध है और आने वाले महीनों में यह वृद्धि और अधिक गति पकड़ेगी।

## श्रमिकों ने एनटीपीसी परियोजना प्रबंधन व ठेकेदारों पर लगाया अवैध वसूली का आरोप, किया प्रदर्शन

» **नेशनल एक्सप्रेस**

**रायबरेली –** एनटीपीसी परियोजना में कार्यरत श्रमिकों ने सोमवार को तहसील परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। परियोजना प्रबंधन व ठेकदारों पर अवैध वसूली करने का आरोप लगाते हुए नारेबाजी की। साथ ही समस्या का निदान कराने के लिए तहसीलदार को ज्ञापन भी सौंपा। परियोजना में क्षेत्र के लगभग 5 हजार श्रमिक ठेकदारों के माध्यम से मजदूरी करते हैं। सोमवार को एनटीपीसी संविदा मजदूर संघ ऊंचाहार के अध्यक्ष कमलाकांत पांडेय की अगुवाई में पवन मिश्रा, आशीष पांडेय, अनूप कुमार, सुशील कुमार, द्वारिका, गुड्डू, संतराम, वीरेंद्र, पंकज, राम निहोरे, बृजेश मौर्य सहित लगभग 60 मजदूर तहसील पहुंचे और प्रदर्शन शुरू कर दिया। तहसीलदार आकांक्षा दीक्षित श्रमिकों से बात करने पहुंची तो श्रमिकों ने उनसे आपबीती बताई। कहा मजदूरी का पैसा श्रमिकों के खाते में आता है लेकिन ठेकेदार आधा पैसा वापस करा लेते हैं। वापस न करने पर गेट पास लेकर काम से हटा दिया जाता है। श्रमिकों ने तहसीलदार को एसडीएम को संबोधित चार सूत्रीय मांगोंका ज्ञापन सौंपा। जिसमें कोषाध्यक्ष को धमकी देने वाले ठेकेदार की गिरफ्तारी करने, वसूली करने वाले ठेकदारों को काली सूची में डालने व परियोजना प्रबंधन को जवाबदेह बनाने, ठेकेदारों के चरित्र प्रमाण-पत्र की सही जांच कराने व राज्य कर्मचारी बीमा निगम की उप इकाई एनटीपीसी में स्थापित कर निगम के चिकित्सालय को परियोजना के चिकित्सालय से संबद्ध करने की मांग की।

## आपत्तिजनक स्थिति में पत्नी व दोस्त को देख बौखलाया पति, फावड़े से की हत्या

**जयपुरिया स्कूल के पास किराए के मकान में रह रहे थे पति-पत्नी**

**पत्नी नाजुक हालत में किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी लखनऊ रिफर**

» **नेशनल एक्सप्रेस**

**गोंडा।** जिले के देहात कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत जयपुरिया स्कूल के पास किराए के मकान में रहने वाले एक युवक ने अपनी पत्नी को उसके प्रेमी के साथ आपत्तिजनक हालत में पकड़ लिया। जिससे गुस्साए पति ने पत्नी व उसके प्रेमी को फावड़े से काट डाला परिणाम स्वरूप प्रेमी की मौके पर मौत हो गई तथा पत्नी को गंभीर हालत में केजीएमयू लखनऊ रिफर कर दिया गया है जहाँ हालत गंभीर बताई जा रही है। वहीं पुलिस द्वारा आरोपी पति को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। बताते चलें कि नगर कोतवाली क्षेत्र के पथवलिया गांव का रहने वाला रिजवान अपनी पत्नी माजिया के साथ जयपुरिया स्कूल के पास किराए पर मकान लेकर रहता था।रिजवान के नगर क्षेत्र स्थित अफीम कोठी निवासी सर्वेश पांडेय से लगभग पांच वर्षों से संबंध था जो अक्सर रिजवान के कमरे पर आता था। इसी दौरान माजिया और सर्वेश में प्रेम संबंध बन गया जिसके कारण गत रात्रि सर्वेश माजिया से मिलने रिजवान के कमरे पर गया था और वहां पर पहुँच कर माजिया के साथ प्रेमालाप कर रहा था कि रिजवान की नींद खुल गयी जहाँ रिजवान ने अपनी पत्नी व सर्वेश को आपत्तिजनक हालत में देखकर आग बबूला हो गया जिसके परिणाम स्वरूप रिजवान ने फावड़े से हमला कर दिया। जिससे सर्वेश (36) की मौके पर मौत हो गई तथा माजिया को गंभीर हालत में जिला चिकित्सालय ले जाया गया जहाँ डाक्टरों ने उसकी हालत देखते हुए केजीएमयू लखनऊ रिफर कर दिया।




## डीएम ने आई०टी०आई० से बालापुर तक बनाई जा रही सड़क का किया निरीक्षण



» **नेशनल एक्सप्रेस**

**रायबरेलीः** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने अमृत योजना के अंतर्गत आई०टी०आई० से बालापुर तक बनाई जा रही सड़क का निरीक्षण कर निमार्णाधीन कार्यों का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान सड़क की मरम्मत का कार्य होता हुआ पाया गया, अधिशासी अभियंता जल निगम (शहरी) देवेन्द्र कुमार द्वारा अवगत कराया गया कि सड़क की कुल लम्बाई 1400 मी० है, जिसमें से लगभग 200 मीटर सड़क मरम्मत का कार्य पूर्ण हो गया है, शेष कार्य को शीघ्र ही पूर्ण कर लिया जाएगा। जिलाधिकारी ने कार्य की प्रगति धीमी होने पर नाराजगी व्यक्त की तथा संबंधित को निर्देशित करते हुवे कहा कि 15 तारीख तक शेष बचे हुवे कार्य को गुणवत्तापूर्ण, मानक के अनुरूप, समयबद्ध पूर्ण कराया जाए।

## तिलक भवन में जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक हुई आयोजित

**बैठक में संविधान बचाओ आन्दोलन एवं संगठन सृजन' को लेकर की गई विशेष चर्चा**

» **नेशनल एक्सप्रेस**

**रायबरेली –** जिला कांग्रेस कमेटी की एक महत्वपूर्ण बैठक कांग्रेस कार्यालय तिलक भवन में जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी के नेतृत्व में आहूत की गई, उक्त बैठक में संविधान बचाओ आन्दोलन एवं संगठन सृजन' को लेकर विशेष चर्चा की गई। बैठक को सम्बोधित करते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी ने कहा कि संगठन सृजनड्ड कार्यक्रम के तहत जनपद से कर्मठ और निष्ठावान कांग्रेसियों को आगे लाकर जिम्मेदारियां दी जाएगी, उन्होंने कहा कि कांग्रेस को मजबूत करके ही देश को मजबूत किया जा सकता है, रायबरेली कांग्रेस का संगठन पूरे देश का मॉडल संगठन है ऐसे में हम सब की जिम्मेदारी भी बढ़ जाती है कि हम सब अपने जननायक सांसद राहुल गांधी के हाथों को मजबूत करे कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने जातिगत जनगणना के लिए जन नायक / नेता प्रतिपक्ष लोकसभा राहुल गांधी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बिहार चुनाव को देखते हुए मोदी सरकार की जातिगत जनगणना कराने की घोषणा से संदेह होता है, हम सब को सरकार की मंशा पर बारीक नजर रखनी होगी, ताकि जातिगत जनगणना सिर्फ घोषणा मात्र या खाना-पूरी बनकर न रह जाए।



कार्यवाहक जिला प्रवक्ता महताब आलम ने बैठक की जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में मुख्य रुप से उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आवाहन पर जिला स्तरीय संविधान बचाओ अभियान चलाया जाएगा, जिसके अन्तर्गत जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा जन सभा एवं रैली निकालकर संविधान बचाने के लिए जनता को जागरूक किया जाएगा। बैठक का संचालन संजय श्रीवास्तव ने किया, जिसमें अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव सुशील पासी, रमेश कुमार शुक्ला, वीरेन्द्र यादव, शिवानंद मौर्या, केशन लाल लोधी, प्रमेन्द्र पाल सिंह, राहुल बाजपेई, पद्मधर सिंह, श्रीमती शैलजा सिंह, मेहदी हसन, श्रीमती कुसुम लता रावत, अतुल सिंह, मो इलियास, साहबशरण पासवान, अशोक कुमार सिंह, महताब आलम, निर्मल शुक्ल, सईदुल हसन, नौशाद हुसैन खतीब, अजीत सिंह, संतोष कुमार त्रिवेदी, सतगुरू देव लोधी, कल्याणचन्द्र श्रीवास्तव, मोहित मौर्या, आयुष द्विवेदी, अनवार खान, राम खेलावन पासी, मो जफरूल, सतीश पासी, आरके सिंह, आलोक विक्रम यादव, चन्द्र प्रकाश बाजपेई, सुमित्रा रावत, संतोष पासवान, संत प्रसाद रैदास, जितेन्द्र पासी, घनश्याम शुक्ला, मनोज तिवारी, गिरिजेश श्रीवास्तव, मेराजुल हसन फारूकी, दिनेश यादव, कृपाशंकर शर्मा, अनुरूद्ध दीक्षित, अभय सिंह, राजकुमार दीक्षित, राम बहादुर गुप्ता, अमित चौधरी, विजय दीक्षित, अजय प्रताप सिंह, अखिलेश शुक्ला, शैलेन्द्र सिंह अनुज सिंह, कामता प्रसाद गौड, विनोद प्रताप सिंह, अवधेश चौधरी, गौरव मिश्रा, प्रदीप चौधरी, कामता नाथ सिंह, मो. अशरफ खान, ओम प्रकाश त्रिपाठी, दल बहादुर सिंह, शम्भूशरण पाल, ज्योति प्रसाद पासी, अरुण कुमार यादव, प्रमोद कुमार बाजपेयी, ओम प्रकाश पाल अम्बरीश बाजपेई, रमाकांत सिंह, राकेश कुमार शास्त्री उपस्थित रहे।

## डीएम ने बछरावां रेलवे ओवर ब्रिज के मरम्मत कार्य का किया निरीक्षण




» **नेशनल एक्सप्रेस**

**रायबरेलीः** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने स्टेट हाईवे के बछरावां रेलवे ओवर ब्रिज के मरम्मत कार्य का निरीक्षण कर निर्माण कार्य की प्रगति, गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों का जायजा लिया। निरीक्षण के समय अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग महिपाल सिंह ने अवगत कराया की कार्य प्रगति पर है शीघ्र ही पूर्ण कर लिया जाएगा। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि शेष बचे हुए कार्य को 15 मई तक गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध पूर्ण पर कराया जाए, जिससे जन सामान्य को उसका लाभ मिल सके और यातायात सुगम बन सके। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी महाराजगंज सचिन यादव सहित संबंधित अधिकारी व कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

# उसायनी गौशाला की दयनीय स्थिति में नहीं सुधार, लगातार मर रहे गौवंश

## भूसा, हरे चारे, जेसीबी चालक व मजदूरों को नहीं मिल रहा पैसा, मांगने पर सचिव ने दी पुलिस बुलाने की धमकी




फोटो. 1 व 2 उसायनी गौशाला में मृतक गायों के फोटो।




फोटो. 3,4 व 5 मौजूदा समय में दयनीय स्थिति में गौवंश के फोटो ।

### सोशल मीडिया पर खबर चलते ही पानी का टैंकर लेकर पहुंचे सचिव

गौशाला में पानी ,चारे की व्यवस्था न होने तथा गायों के मरने की खबर सोशल मीडिया पर जैसे ही वायरल हुई वैसे ही कुछ घंटों में सचिव द्वारा गौशाला में महज दिखावे के लिए एक टैंकर पानी लेकर पहुंचा गया उससे पहले सचिव गौशाला पर नहीं दिखाई दिए । जबकि गौशाला का संचालन सचिव मनोज यादव और एडीओ पंचायत थान सिंह को करना था ।

### पैसे के भुगतान की कहने पर सचिव ने दी पुलिस बुलाने की धमकी

केयर टेकर सोनू , जेसीबी चालक राय चंद्र यादव , गौशाला को हरा चारा उपलब्ध कराने वाले किसान पुष्पेंद्र सिंह आदि ने संयुक्त रूप से गौशाला में गाय मरने की सूचना सचिव को देने तथा पिछला कुछ भुगतान होने पर आगे कार्य करने की मांग को जब सचिव मनोज यादव से कहा तो सचिव द्वारा अनावश्यक रूप से हम लोगों को धमकाते हुए पुलिस बुलाकर जेल भिजवाने तथा पेमेंट फिर न होने देने की धमकी देने का आरोप लगाया । वहीं सचिव ने इस आरोप को झूठा बताया है ।



गौशाला में मृत गायों तथा हरे चारे व पानी की समुचित व्यवस्था न होने पर मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ विश्वजीत सिंह ने कहा कि वहां मौजूद सचिव व डॉक्टर को हरे चारे , पानी की समुचित व्यवस्था के लिए आदेशित कर दिया गया तथा अन्य जो कार्य जिन अधिकारियों के स्तर से होने हैं उनको रिपोर्ट भेज दी जाएगी जल्द व्यवस्थाएं दुरुस्त की जाएंगी ।

**डॉ विश्वजीत सिंह,मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी**

### बड़ा सवाल आखिर कब होगी गौशाला की व्यवस्थाएं दुरुस्त

गौशाला में गौवंश की लगातार मृत्यु तथा दयनीय स्थिति प्रशासन के साथ साथ उन तमाम सरकार के नेताओं ,प्रतिनिधियों तथा गौ सेवा के नाम पर राजनीति करने पर भी सवाल खड़े करती है कि गौसेवा के नाम पर राजनीति करने वाले तथा खुद हो गौसेवक कहने वाले सभी संगठन , पार्टी के जनता के चुने विधायक व सत्ताधारी पार्टी के नेता आखिर उसायनी गौशाला के मामले में चुप्पी क्यों साधे हुए हैं क्या उनको यहां की गायों से प्रेम नहीं है ? प्रशासन आखिर व्यवस्थाएं दुरुस्त करने में लापरवाही क्यों लगातार बरत रहा है ?

### भुगतान न होने से परेशानी

इस दौरान वहां मौजूद केयर टेकर सोनू ने बताया कि उसका करीब 4 माह से अधिक समय से भुगतान नहीं हुआ है उसने अपने साथ कई मजदूरों को अपनी जिम्मेदारी पर लगा रखा था वे लोग पैसे के लिए उससे झगड़ा करते हैं । मैं मजदूर व्यक्ति हूं पैसे न मिलने के कारण में अपने घर का भरण पोषण नहीं कर पा रहा हूं । वहीं सोनू ने बताया कि गौशाला में अनियमितताएं बहुत हैं इनपर कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है पानी , चारा है नहीं । मौजूद जेसीबी चालक रायचंद्र यादव व गौशाला को हरा चारा देने वाले किसान पुष्पेंद्र सिंह ने भी भुगतान लम्बे समय से न होने की बात कही ।

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो।**

फिरोजाबाद । जनपद के विकासखंड फिरोजाबाद की ग्राम पंचायत उसायनी में बनी गौशाला में गौवंश के मरने की स्थिति अभी भी जारी है । मंगलवार को गौशाला में कार्यरत सोनू के अनुसार दो गौवंश की ओर मृत्यु हो गई । वहीं बता दें कि मृत गौवंश का सही प्रकार से अंतिम संस्कार तक नहीं कराने का मामला सामने आया है । मृत गौवंश का सही प्रकार से अंतिम संस्कार न होने के कारण कुत्तों द्वारा दबे हुए मृत गौवंश को नौंचने के भी वीडियो पूर्व में सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था लेकिन इसके बाद भी प्रशासन द्वारा कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गई । वहीं मंगलवार को देखा गया कि गौशाला में न हरे चारे की व्यवस्था थी और न पानी की समुचित व्यवस्था । इतना ही नहीं वहां मौजूद हरा चारा देने वाले किसान , जेसीबी चालक , गौशाला में मौजूद मजदूरों ने 4 महीने से भुगतान न मिलने तथा सचिव से भुगतान के लिए पूंछने पर सचिव द्वारा अनावश्यक रूप से धमकी देते हुए पुलिस बुलाकर जेल भिजवाने की धमकी देने का आरोप लगाया ।

**भूख ,प्यास से तड़प कर मर रहे गौवंश:** उसायनी गौशाला में पूर्व में भी गायों के मरने की सूचना मिली थी जिसपर अधिकारियों ने गौशाला की व्यवस्थाएं दुरुस्त करने की बात कही थी लेकिन उसके बाद मंगलवार को फिर अधिकारी गौशाला की सुध लेना भूल गए और और मंगलवार को दो गायों की मृत्यु हो गई तथा तीन गायों की स्थिति बनी हुई है दयनीय । गौशाला में विद्युत कनेक्शन,पानी की समस्या लगातार एक सप्ताह से अधिक समय बाद भी बरकरार है जिसके चलते गौवंश प्यास के कारण तो तड़प कर मर रहे हैं वहीं मंगलवार को देखा तो मौके पर मौजूद केयर टेकर सोनू के अनुसार गायों के लिए न तो हरा चारा आया था और न ही पानी की व्यवस्था थी वहीं गोवंशों को देखकर स्पष्ट था कि मानो भूख प्यास से तड़प रही हों ।वहीं दो गौवंश के मृत होने की पुष्टि भी सोनू केयर टेकर ने की ।

## न्यूज ब्रीफ

### रैली के माध्यम से बालिकाओं और महिलाओं को किया जागरूक

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो/फिरोजाबाद/टूंडला। मंगलवार को एनआर इण्टर कॉलेज थाना टूंडला में ऑपरेशन जागृति फेज 04 कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में रैली के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। ऑपरेशन जागृति फेज 04 के अंतर्गत विशेष रूप से झूठी एफआईआर पंजीकृत कराना, बालक बालिकाओं का अपने घर से बिना बताए कही चले जाना, महिलाओं का प्रति अपराध, साइबर बुलिंग, नशा मुक्ति और परिवार विघटन से संबंधित जानकारी दी गई। छात्र छात्राओं ने रैली में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। इस दौरान थाना टूंडला प्रभारी अन्जीश कुमार, क्राइम इंस्पेक्टर सारदेव सिंह, उ0नि0 जय चन्द्र बाबू, म0उ0नि0 अलबीना पठान, म0उ0नि0 निशा बंसल, उ0नि0 प्रशांत तेवतिया, म0उ0नि0 राखी सिंह, प्रधानाचार्य संजय कुमार सहित अध्यापक व अध्यापिकाएँ मौजूद रहें।

### सोशल मीडिया पर किया अवैध असलाह प्रदर्शन का आरोपी गिरफ्तार

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो/फिरोजाबाद। बसई मोहम्मदपुर पुलिस ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर अवैध असलहा के साथ वायरल फोटो का संज्ञान लेते हुए राजेश को अवैध असलहा सहित गिरफ्तार कर जेल भेजा। क्षेत्राधिकारी सदर के नेतृत्व में बसई मोहम्मपुर पुलिस ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर अवैध असलहा के साथ वायरल फोटो का तत्काल संज्ञान लिया गया। जिसमें अभियुक्त की पहचान राजेश पुत्र पप्पू सिंह के रुप में की गयी। पुलिस ने अभियुक्त राजेश पुत्र पप्पू सिंह निवासी मडुआ थाना बसई मोहम्मदपुर को मोहम्मदपुर मोड से गिरफ्तार किया। अभियुक्त के कब्जे से एक अवैध तमंचा 315 बोर व एक जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर जेल भेजा है।

### गैंगस्टर एक्ट में वांछित आरोपी और एक अभियुक्ता गिरफ्तार

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो/फिरोजाबाद। सिरसागंज पुलिस ने चैकिंग के दौरान गैंगस्टर एक्ट में वांछित एक अभियुक्त व एक अभियुक्ता को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष भेजा। वांछित अभियुक्त बाबूराम पर 01 दर्जन से अधिक अभियोग पंजीकृत हैं। वांछित अपराधियों की गिरफ़्तारी के क्रम में सिरसागंज पुलिस ने पंजीकृत गैंगस्टर एक्ट में वाँछित बाबूराम पुत्र स्व0 लल्लू व और अभियुक्ता गीता पत्नी स्व0 रवि गिहार को कौरारा रोड से गिरफ्तार किया। अभियुक्तों को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

### कर्नल एलपी गुर्जर की काव्यकृति अहसास के परिंदे का लोकार्पण

नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर/ शिकोहाबाद। शिवभार गुर्जर लखनवी साहित्यिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक संस्था लखनऊ के तत्वाधान में चतुर्थ स्थापना दिवस के अवसर पर श्रुतेश्वर महादेव स्तूप सद्भावना मंदिर महादेव बनकट में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉक्टर अजय प्रसून ने किया। मुख्य अतिथि हास्य कवि अनिल सोलंकी बेधड़क, विशिष्ट अतिथि डॉक्टर मनमोहन बाराकोटी तमाचा लखनवी, डॉक्टर प्रचंड थे। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर सरिता कटियार ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती, शिव एवं तथागत गौतम बुद्ध की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। वाणी वंदना डॉक्टर सरिता कटियार सदाबहार ने किया। डॉक्टर एल. पी.गुर्जर लखनवी की काव्य कृति अहसास के परिंदे गजल संग्रह का लोकार्पण किया गया। काव्य प्रतियोगिता में हास्य कवि अनिल सोलंकी बेधड़क को प्रथम, आदर्श को द्वितीय एवं शायर रईस को तृतीय पुरस्कार की नकद धनराशि एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉ अजय प्रसून, डॉ कर्नल गुर्जर लखनवी, अनिल सोलंकी, डॉ प्रचंड, डॉ मनमोहन, राम राज भारती, आर एस विश्वकर्मा सजल, शायर रईस, उमा लखनवी, आकाश हलचल, अमलेश अमल ने गीत, गजल, कविता गायन किया।

# सरकार की सभी योजनाओं से जनता को करें अच्छांदित: जिलाधिकारी

### जिलाधिकारी ने इटौरा में बने पुस्तकालय का किया उद्घाटन तथा विलेज हॉट का निरीक्षण

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो।**



निरीक्षण करते जिलाधिकारी व अन्य



पुस्तकालय का उद्घाटन करते जिलाधिकारी

फिरोजाबाद । मंगलवार को जिलाधिकारी ने जिले में जीरो पॉवर्टी अभियान को साकार करने हेतु अन्त्योदय से सर्वोदय कार्यक्रम की शुरूआत की है जिसके अंतर्गत ग्राम पंचायत इटौरा में सभी विकासपरख योजनाओं से जुड़े जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ उपस्थित रहकर ग्राम वासियों के समक्ष सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी साझा की, साथ ही वहां उपस्थित नागरिकों से संवाद कायम कर सरकार द्वारा मिल रही योजनाओं के लाभ के बारे में जानकारी भी ली, सभी अधिकारियों को संबोधित करते हुए उन्होने कहा कि सरकारी योजनाओं के पात्र जो भी लाभार्थी है, उन्हें इन योजनाओं से आच्छांदित करें, इस क्रम में उन्होंने वहां उपस्थित नागरिकों से वातार्लाप किया और उनकी स्थितियों को जाना, इस क्रम में उन्होंने सुनील कुमार से वातार्लाप की और उन्हें ज्ञात हुआ कि सुनील कुमार मजदूरी करते हैं लेकिन अभी तक इनका राशन कार्ड नहीं बना है और न ही उनके पास पक्का घर है, जिलाधिकारी ने जिला पूर्ति अधिकारी और परियोजना निदेशक को निर्देशित किया कि इनका तुरंत राशन कार्ड बनाएं और प्रधानमंत्री आवास योजना से अच्छांदित करें इसी तरह लोगों से बात कर संबंधित अधिकारियों को उनकी हर संभव मदद करने तथा सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के निर्देश दिए । जिलाधिकारी ने अंत में यह कहा कि सरकार की सभी योजनाओं का लाभ यदि पात्र लाभार्थियों को समुचित तरीके से मिलेगा, तो जनपद शीघ्र ही जीरो पॉवर्टी की ओर अग्रसर होगा, साथ ही उन्होंने वहां उपस्थित नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार आपको आत्मनिर्भर बनना चाहती है, इसलिए शासन की ओर से मिलने वाली मदद का सही उपयोग करें।

जिलाधिकारी ने इटौरा गांव में बने पुस्तकालय का उद्घाटन भी किया, जहां पर बच्चे और बच्चियों विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते हुए मिले, वहां उपस्थित ग्राम प्रधान सूबेदार सिंह राठौर ने बताया कि यहां बच्चों के अंदर पढ़ने का जुनून है और वह यहां रात के 12 बजे तक अध्ययनरत रहते हैं, जिलाधिकारी ने कहा कि सरकार का इसके पीछे यही उद्देश्य है और यही उपलब्धि भी, जिलाधिकारी इसके अलावा यहीं पर बने विलेज हॉट का भी निरीक्षण करने गए, यहां पर ओपन जिम इत्यादि का निर्माण करा जा रहा है, जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि यहां पर बाजार सोमवार और गुरुवार को लगता है, जिलाधिकारी ने वहां उपस्थित सब्जी विक्रेताओं से भी वार्ता की ।

जिलाधिकारी ने कहा कि यहां पर स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा निर्मित सामानों की भी बिक्री कराऐं, साथ ही जिलाधिकारी ने कहा कि जो भी आरआरसी सेंटर है, उनका उपयोग भी विलेज हाट बाजार में कराया जाए, इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य, जिला विकास अधिकारी, उपनिदेशक कृषि, परियोजना निदेशक, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आदि अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# ऑडिटोरियम तथा ग्लास म्यूजियम का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण



**नेशनल एक्सप्रेस/ ब्यूरो विपिन कुमार**

फिरोजाबाद । जिलाधिकारी रमेश रंजन ने आज मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य के साथ सिविल लाइन स्थित ऑडिटोरियम और ग्लास म्यूजियम का निरीक्षण किया, इस निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी नृपेन्द्र भी मौजूद रहें, जिलाधिकारी यहां पर चल रहे कार्य की धीमी प्रगति से अन्यंत नाराज दिखें, जिलाधिकारी को असिस्टेंट प्रोजेक्ट मैनेजर (ए0पी0एम0) अनीश सिंह ने अवगत कराया कि अभी 40 प्रतिशत के आस-पास कार्य हुआ है, जिलाधिकारी ने कहा कि यहा की स्थिति देखकर लग रहा है, कि यहां पर केवल 25 प्रतिशत कार्य हुआ है, जिलाधिकारी ने सख्त शब्दों में निर्देशित किया कि पूरा प्रोजेक्ट किसी भी हालत में दिसम्बर 25 तक पूर्ण होना चाहिए, अन्यथा कार्यवाही के लिए तैयार रहें।

जिलाधिकारी ने कहा कि इसके लिए जरूरी है कि मजदूरों की संख्या तीन गुना बढ़ायी जाए, जिलाधिकारी ने कहा कि यदि सरकार समय से आपके द्वारा कराये गये कार्यों का पैसा दे रही है तो काम में देरी क्यों, तीन दिनों के अन्दर मजदूरों की संख्या बढ़ायें अन्यथा कार्यवाही होगी, साथ ही साथ कार्यों का निरीक्षण थर्ड पार्टी से अवश्य करायें, जिससे कार्य की गुणवत्ता के सम्बन्ध में सही जानकारी मिल सके, साथ ही साथ इसमें लगने वाले मेटेरियल का सैम्पल नियमित भेजें जिससे गुणवत्तापूर्ण सामग्री का उपयोग इसके निर्माण में हो, जनपद की यह एक महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट है, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी।

# 18 वर्ष से कम उम्र के बालकों को काम पर रखाना है दंडनीय अपराध : सत्य विजय सिंह


**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**



सम्भल। मंगल वार को पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद सम्भल कृष्ण कुमार के आदेश के अनुक्रम एवं अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) सम्भल अनुकृति शर्मा तथा पुलिस उपाधीक्षक डा0 प्रदीप कुमार सिंह के निर्देश के क्रम में बाल श्रम के इंस्पेक्टर विनोद कुमार शर्मा ब चाइल्डलाइन की टीम के साथ प्रभारी निरीक्षक सत्य विजय सिंह थाना अल्ळळ जनपद संभल ने मय टीम के साथ कस्बा बहजोई में विभिन्न दुकानों /पब्लिक प्रतिष्ठानों पर बाल श्रम कर रहे बच्चों को चेक किया गया । इस दौरान नियमानुसार चार बच्चों को रेस्क्यू कर दुकानों / प्रतिष्ठानों के मालिक के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की गई तथा इस्लामनगर बहजोई रोड पर उपस्थित 08 ईट भट्टों पर जाकर वहां पर उपस्थित भट्ठा मालिक/ मैनेजर व ठेकेदारों, श्रमिकों व उनके परिवार वालों को बाल श्रम में बच्चों को न लगाने के संबंध में जागरूक किया गया एवं बताया गया कि किसी भी दशा में 18 वर्ष से कम उम्र के बालकों को काम पर रखा ना जाए ऐसा करना दंडनीय अपराध है तथा इमरजेंसी सहायता हेतु शासन एवं प्रशासन द्वारा जारी टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 1090, 1098, 108, 112, 1076, 181 आदि के संबंध में जानकारी दी गई ।

# कस्बा पाढम बाजार में अतिक्रमण बना जाम का कारण, प्रशासन बेखबर

**नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर ।**



जसराना । तहसील क्षेत्र के पाढम कस्बे के मुख्य बाजार में दुकानदारों द्वारा किए गए अतिक्रमण के कारण आए दिन जाम की स्थिति बन रही है। मंगलवार दोपहर को भी बाजार में लंबा जाम लग गया, जिससे आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। दुकानदारों ने फुटपाथ और सड़क के किनारों तक अपना सामान फैला रखा है, जिससे वाहनों की आवाजाही में दिक्कत आती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस समस्या की ओर कई बार ध्यान दिलाया गया है, लेकिन पुलिस और प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। यदि जल्द ही अतिक्रमण नहीं हटाया गया, तो हालात और बिगड़ सकते हैं।

# एसडीएम की मौजूदगी में स्वास्थ्य विभाग ने बांटे ओआरएस के पैकेट

**नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर ।**



जसराना। भीषण गर्मी को लेकर स्वास्थ्य विभाग द्वारा तहसील में एक शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान गर्मी के मौसम में होने वाली बीमारियों के बारे में जानकारी देने के साथ ही उनके बचाव के बारे में जानकारी दी। इस दौरान लोगों को ओआरएस के पैकेट दिए गए।

तहसील में लगाए शिविर के दौरान मौजूद एसडीएम जसराना पुष्पेंद्र सिंह ने लोगों को ओआरएस के पैकेट देते हुए उनका प्रयोग करने का आह्वान किया। इस दौरान मौजूद चिकित्सक ने बताया कि गर्मी के मौसम में जंक फूड और बाजार का खाना खाने से आपको कई प्रकार की बीमारी हो सकती है। कहा कि नियमित व्यायाम के साथ खानपान का विशेष ध्यान रखें।

वहीं कहा कि ओआरएस घोल का नियमित सेवन आपको कई प्रकार की बीमारियों से बचाएगा। चिकित्सकों ने बताया ग्रामीण क्षेत्रों में भी ओआरएस के पैकेट बांटे जा रहे हैं।

# बिहार में कुर्मी वोट पर कांग्रेस की नजर

## 19 मई को पटना आ रहे हैं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल

**स्टेट ब्यूरो चीफ/मुकेश कुमार**



**पटना(बिहार)।**बिहार की सियासत में कांग्रेस अब बेहद रणनीतिक ढंग से आगे बढ़ रही है,खासकर आगामी विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए।जातिगत जनगणना के मुद्दे पर मिली आंशिक सफलता के बाद पार्टी अब सामाजिक समीकरणों को साधने की दिशा में नए कदम उठा रही है।इसी कड़ी में कांग्रेस ने अब कुर्मी वोटबैंक को टारगेट किया है,जो राज्य में करीब 4 प्रतिशत मतदाताओं का प्रतिनिधित्व करता है।

इस रणनीति के तहत छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भूपेश बघेल 19 मई को पटना पहुंचेंगे।उनके इस दौरे को पूरी तरह से कुर्मी समाज को साधने और संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने की दिशा में एक अहम प्रयास माना जा रहा है।खास बात यह है कि बघेल स्वयं भी कुर्मी समुदाय से आते हैं,जिससे उनके इस दौरे को अतिरिक्त राजनीतिक वजन और सांकेतिक महत्व मिल रहा है।

भूपेश बघेल अपने दौरे की शुरूआत पटेल छात्रावास में छात्रों से मुलाकात से करेंगे।माना जा रहा है कि इस दौरान वे युवाओं को कांग्रेस की विचारधारा और राहुल गांधी की नीतियों से जोड़ने की कोशिश करेंगे।इसके बाद पटना में कुर्मी समाज के प्रमुख प्रतिनिधियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक प्रस्तावित है।इस बैठक में वे कांग्रेस की रणनीति,राहुल गांधी के विचार और सामाजिक न्याय को लेकर पार्टी की सोच समाज के सामने रखेंगे।अपने दौरे के अंतिम चरण में बघेल सदाकत आश्रम में पार्टी नेताओं के साथ एक संगठनात्मक बैठक करेंगे,जहां आगामी चुनावी रणनीतियों और बूथ स्तर पर संगठन की मजबूती पर चर्चा की जाएगी।कांग्रेस सूत्रों के अनुसार,इस बैठक में बिहार के सभी प्रमुख नेताओं की उपस्थिति अनिवार्य की गई है।बिहार की राजनीति में कुर्मी समाज एक निर्णायक वोटबैंक माना जाता है,जिस पर अब तक मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का मजबूत प्रभाव रहा है।कांग्रेस का यह प्रयास न केवल इस प्रभाव को चुनौती देने की कोशिश है,बल्कि यह भी संकेत है कि पार्टी अब पुराने जातीय समीकरणों को नए सिरे से परिभाषित करने की दिशा में सक्रिय हो चुकी है।भूपेश बघेल का यह दौरा इस मायने में भी अहम है कि वह राहुल गांधी के करीबी नेताओं में गिने जाते हैं और खुद भी एक सफल मुख्यमंत्री के रूप में अपनी पहचान बना चुके हैं।ऐसे में उनका पटना दौरा पार्टी के भीतर और बाहर दोनों स्तरों पर एक मजबूत संदेश देने की तैयारी है।यदि कांग्रेस कुर्मी वोटबैंक को अपने पाले में लाने में सफल होती है,तो यह बिहार की राजनीति में एक नए समीकरण की शुरूआत हो सकती है।

# भाजपा-जदयू सरकार के लाठी की चोट का जवाब, बिहार की जनता वोट की चोट से देगी:राजेश राम

**स्टेट ब्यूरो चीफ/मुकेश कुमार**

**पटना(बिहार)।**बीपीएससी टीआरई 3.0के सप्लीमेंट्री रिजल्ट की मांग को लेकर मुख्यमंत्री से मिलने जा रहे शिक्षक अभ्यर्थियों पर बर्बर लाठीचार्ज की कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने कड़े शब्दों में निंदा की है।प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने मांग की है कि बीपीएससी टीआरई 3.0 से संबंधित सभी रिक्त पदों का तुरंत पूरक परिणाम जारी किया जाए,अभ्यर्थियों पर हुए लाठीचार्ज की न्यायिक जांच करवाई जाए और लाठीचार्ज के जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए।कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि आज एक बार फिर बिहार की भाजपा-जदयू सरकार ने साबित कर दिया कि वह युवाओं के भविष्य को लेकर कितनी असंवेदनशील है।बीपीएससी टीआरई 3.0 परीक्षा से जुड़े हजारों योग्य अभ्यर्थी आज मुख्यमंत्री से मिलने गए।लेकिन न्याय देने के बजाय,सरकार ने उन पर बर्बरता पूर्वक लाठीचार्ज करवा दिया।महिला अभ्यार्थियों पर पुरुष पुलिस बल ने लाठीचार्ज किया,यह अत्यंत शर्मनाक ,अमानवीय और लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है।कांग्रेस पार्टी इस घटना की कड़ी निंदा करती है।यह केवल छात्रों पर हमला नहीं है,बल्कि यह बिहार की उम्मीदों और भविष्य पर हमला है।राजेश कुमार ने आगे कहा कि,बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी छात्रों की मांग के साथ है और सरकार से मांग करती है की बीपीएससी टीआरई 3.0-पूरक परिणाम तुरंत जारी किया जाए।बिहार की जनता सब देख रही है।भाजपा-जदयू सरकार की लाठी की चोट का जवाब,बिहार की जनता वोट की चोट से देगी।यह लड़ाई सिर्फ टीआरई के अभ्यर्थियों की नहीं,बल्कि हर उस युवा की है जो अपने सपनों को सरकारी तंत्र में खोता देख रहा है।कांग्रेस पार्टी छात्रों के साथ है और यह संघर्ष तब तक जारी रहेगा जब तक न्याय नहीं मिल जाता।टीआरई 3.0 के अभ्यर्थियों के अनुसार,परीक्षा के दौरान कुल 87,774 पद पर बहाली निकाली गई थी,लेकिन परिणाम केवल 66,000 पदों के लिए घोषित किए गए।लगभग 21,000 पदों का न रिजल्ट जारी हुआ,न ही इस पर कोई स्पष्टीकरण दिया गया और जो परिणाम जारी हुए,उनमें भी कई अभ्यर्थियों का नाम तीन-तीन सूचियों में है।इससे स्पष्ट है कि बड़ी संख्या में पद अभी भी रिक्त हैं।



## संक्षिप्त समाचार

### मुख्यमंत्री ने स्वर्गीय मोहन कुंभकार को दी श्रद्धांजलि

■ मुख्यमंत्री श्री साय ने शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की



**स्टेट ब्यूरो चीफ/मुकेश कुमार**

**रायपुर(छत्तीसगढ़)** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज पाटन(दुर्ग)के नजदीक स्थित ग्राम सोनपुर में आयोजित स्व.श्री मोहन कुंभकार की श्रद्धांजलि सभा में सम्मिलित हुए।इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने स्व.मोहन कुंभकार के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और उनके योगदान को स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया।मुख्यमंत्री श्री साय ने शोकसंतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि स्व. मोहन कुंभकार ने सामाजिक जीवन में सराहनीय कार्य किए।उनका जाना हम सभी के लिए एक अपूरणीय क्षति है।उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि परमपिता परमेश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और परिवार को इस कठिन समय में संबल प्रदान करें।

### बिहार में आकाशीय बिजली गिरने से एक ही परिवार के 3 लोगों की मौत

**स्टेट ब्यूरो चीफ/मुकेश कुमार**

**पटना(बिहार)।**बिहार के बाढ़ अनुमंडल के बख्तियारपुर दियारा में आकाशीय बिजली ने कोहराम मचा दिया।बीती रात तेज बारिश के साथ आकाशीय बिजली गिरने से तीन लोगों की मौत हो गई।ठनका से मरने वाले तीनों व्यक्ति एक ही परिवार से थे।ऐसे में इस घटना से मृतकों के परिजनों का हाल-बेहाल हो गया है।वहीं चार लोग बुरी तरह से झुलस गए,जिनका बख्तियारपुर पीएचसी में इलाज चल रहा है।मिली जानकारी के अनुसार रामानंद राय दियारा में अपने खेत में गेहूं और भूसा लोड कर रहे थे।तभी रात 11बजे अचानक बिजली कड़कने के साथ तेज बारिश होने लगी।बारिश होने पर सभी लोग ट्रैक्टर के नीचे बैठ गए।इसी दौरान अचानक ट्रैक्टर पर बिजली का ठनका गिरने से रामानंद राय उम्र 60 वर्ष,सुबोध प्रसाद और रितेश कुमार की मौके पर ही मौत हो गई,जबकि चार अन्य घायल लोगों का बख्तियारपुर पीएचसी में इलाज चल रहा है।

# एकजुटता की बात ढोंग,कांग्रेस का हाथ पाकिस्तान के संग:मंगल पाण्डेय,मंत्री

**स्टेट ब्यूरो चीफ/मुकेश कुमार**

**पटना(बिहार)।** स्वास्थ्य व विधि मंत्री मंगल पाण्डेय ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विरोध के नाम पर कांग्रेस देश और देश की सेना के अपमान के साथ ही पाकिस्तान की मदद कर रही है।



कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के बयान के साथ ही यूपी के कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय की बचकानी हरकतों से केवल देश का ही मजाक व अपमान नहीं हो रहा है,बल्कि परोक्ष-अपरोक्ष रूप से दुश्मन देश पाकिस्तान को भी मदद मिल रही है।श्री पाण्डेय ने कहा कि जब पूरे देश में पहलगाम आतंकी हमले के बाद आक्रोश और उबाल है,सेना आतंकियों को सख्त जवाब देने की तैयारी कर रही है,वैसे समय में कांग्रेस के एक प्रदेश अध्यक्ष द्वारा भारतीय वायुसेना के सबसे प्रभावी लड़ाकू विमान राफेल को खिलौना बना कर प्रस्तुत करना,उसमें निम्बू-मिर्चा बांधना एक तरह से भारतीय सेना के शौर्य व देश का अपमान है। श्री पांडेय ने कहा कि पकिस्तानपरस्ती में कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के बयान हो या मंगलवार को अपने एक्स एकाउंट पर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की पहलगाम आतंकी हमले के संदर्भ में इनपुट पर की गई टिप्पणी,घोर आपत्तिजनक है। अपने इन बेतुके बयानों से कांग्रेस परोक्ष व अपरोक्ष रुप से देश का अहित व लगातार पाकिस्तान की मदद कर रही है।सर्वदलीय बैठक में कांग्रेस द्वारा दिखाई गई एकजुटता महज ढोंग है,उसका हाथ तो पाकिस्तान के संग है।

# राज्य के 03 जिलों में वज्रपात से 05 लोगों की मौत पर मुख्यमंत्री ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की

**स्टेट ब्यूरो चीफ/मुकेश कुमार**

**पटना(बिहार)।** वज्रपात से पटना जिले में 03,गया में 01और अरवल में 01व्यक्ति की मौत पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आपदा की इस घड़ी में वे प्रभावित परिवारों के साथ हैं। मुख्यमंत्री ने आज ही मृतक के परिजनों को चार-चार लाख रुपए अनुग्रह अनुदान देने के निर्देश दिये हैं।

मुख्यमंत्री ने लोगों से अपील की है कि सभी लोग खराब मौसम में पूरी सतर्कता बरतें।खराब मौसम होने पर वज्रपात से बचाव के लिये आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा समय-समय पर जारी किये गये सुझावों का अनुपालन करें। खराब मौसम में घरों में रहें और सुरक्षित रहें।

# खेलो इंडिया गेम्स में मिलने वाले स्कॉलरशिप ने एसपी के बेटे को तीरंदाजी में आने के लिए किया प्रेरित

**स्टेट ब्यूरो चीफ/मुकेश कुमार**

**पटना(बिहार)।**बिहार में जारी खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 में तीरंदाजी अंडर-18 प्रतियोगिता भागलपुर में आयोजित किए जा रहे हैं।सैंडिस कंपाउंड में जारी इन खेलों में तमिलनाडु के युवा तीरंदाज स्मरण सरवेश भी अपनी चुनौती पेश कर रहे हैं।वह तमिलनाडु के इकलौते खिलाड़ी हैं जोकि खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 में इस कटेगरी में अपने राज्य का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।सरवेश खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 में तीरंदाजी में पुरुषों के रिकर्व व्यक्तिगत स्पर्धा फाइनल के प्रवेश कर लिया है और अब गुरुवार को वह अपने खिताबी मुकाबले में स्वर्ण पर निशाना साधने उतरेंगे।सरवेश की मां तमिलनाडु में सुपरिटेंडेंट ऑफ पुलिस यानी के एसपी की पद पर कार्यरत हैं और अब उनका बेटा तीरंदाजी में स्वर्ण पर निशाना साधने के लिए तैयार हैं।फाइनल में गुरुवार को सरवेश का सामना महाराष्ट्र के



उज्जवल भरत ओलेकर से होना है।सरवेश ने कहा,मुझे उम्मीद है कि पिछले दो टूनार्मेंटों में मैंने जो गलती की थी वो यहां नहीं दोहराउंगा।पहले राउंड में मेरा प्रदर्शन उतना बेहतर नहीं था,लेकिन आज मैं एक अलग माइंडसेट के साथ उतरा था।मैंने पूरे मन से आज अपना खेल खेला।मुझे उम्मीद है कि फाइनल में मैं इस बार गोल्ड जीतकर ही लौटूंगा। 16 साल के सरवेश अब तक तीन चैंपियनशिप में भाग ले चुके हैं।पहली बार उन्होंने सितंबर 2024 में ताइपे में आयोजित यूथ इंटरनेशनल चैंपियनशिप में भाग लिया था,जहां वो चौथे स्थान पर रहे थे।इसके बाद उन्होंने इस साल फरवरी में थाइलैंड के बैंकॉक में आयोजित एशिया कप भी अपनी चुनीती पेश की थी।साथ वह फरवरी में देहरादून में अपने कटेगरी में टॉप-8 में थे।उन्होंने कहा कि जब मैं पांच साल का था तभी से मेरी मां चाहती थी कि मैं शूटिंग में खेलूं।लेकिन इसे शुरू करने के लिए आपको कम से कम आठ साल उम्र होना चाहिए।मेरी मां को लगता था कि शूटिंग शुरू करने के लिए कुछ प्रैक्टिस हो जाए।दोनों एक जैसा ही खेल है इसलिए मैं प्रैक्टिस करने के लिए तीरंदाजी करना शुरू कर दिया।खेलो इंडिया स्कीम के तहत खिलाड़ियों को हर महीने 10,000 रुपये मिलते हैं और सरवेश भी उस स्कीम में शामिल हैं।सरवेश ने हाल में 10वीं कक्षा का एग्जाम दिया है।उन्हें अपने राज्य तमिलनाडु से तो स्कॉलरशिप मिल ही रहा है,साथ ही रिलायंस फाउंडेशन से भी स्कॉलरशिप मिलना शुरू हो गया है।

तमिलनाडु के इस युवा खिलाड़ी ने स्कॉलरशिप से मिलने वाली फायदे के बारे में बात करते हुए कहा,मैं भी खेलो इंडिया के स्कीम का हिस्सा हूं।

# खेल

## संक्षिप्त समाचार

### मुंबई की नीलामी में आकर्षण का केंद्र होंगे म्हात्रे, रघुवंशी और कोटियन

**मुंबई (एजेंसी)** टी20 मुंबई लीग की नीलामी में बुधवार को जब 280 खिलाड़ियों की बोली लगेगी तो उभरते सितारे आयुष म्हात्रे, अंगकृष रघुवंशी और तनुश कोटियन आकर्षण का केंद्र होंगे। आठ टीमों वाली लीग का तीसरा सत्र 26 मई से आठ जून तक वानखेड़े स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा।

आईपीएल के वर्तमान सत्र में शानदार प्रदर्शन करके क्रिकेट जगत का ध्यान अपनी तरफ खींचने वाले 17 वर्षीय म्हात्रे के अलावा रघुवंशी, कोटियन और मुशीर खान पर भी बड़ी बोली लगने की संभावना है। टीमों ने पहले ही आइकन खिलाड़ियों को अपनी-अपनी टीम में शामिल कर लिया है, जिसमें सूर्यकुमार यादव (ट्रायम्फ नाइट्स मुंबई नॉर्थ ईस्ट), अजिंक्य रहाणे (बांद्रा ब्लास्टर्स), श्रेयस अय्यर (सोबो मुंबई फाल्कन्स), पृथ्वी साव (नॉर्थ मुंबई पैंथर्स), शिवम दुबे (एआरसीएस अंधेरी), शार्दुल ठाकुर (ईगल ठाणे स्ट्राइकर्स), सरफराज खान (आकाश टाइगर्स मुंबई वेस्टर्न सबर्ब्स) और तुषार देशपांडे (मुंबई साउथ सेंट्रल मराठा रॉयल्स) शामिल हैं।

## खेलो इंडिया युवा खेल

# राजस्थान के मयंक चौधरी ने निशानेबाजी में दूसरा स्वर्ण जीता

**नयी दिल्ली (एजेंसी)** राजस्थान के मयंक चौधरी ने खेलो इंडिया युवा खेलों में मंगलवार को लड़कों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में शीर्ष स्थान हासिल करते हुए दो दिन में अपना दूसरा स्वर्ण पदक जीता। मयंक ने इससे पहले सोमवार को मिश्रित टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता था।

मयंक ने 239.2 अंक हासिल करते हुए चंडीगढ़ के धैर्य पराशर (235.3) को आसानी से पछाड़ा। मध्य प्रदेश के युग प्रताप सिंह राठौर ने 214.8 अंक हासिल कर कांस्य पदक जीता।

प्राची गायकवाड़ ने लड़कियों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन स्पर्धा में कर्नाटक की तिलोत्तमा सेन को हराया। अपने दूसरे खेलो इंडिया युवा खेलों में हिस्सा लेते हुए प्राची ने पिछले सत्र के प्रदर्शन में सुधार किया, जहां उन्होंने कांस्य पदक जीता था।

पेरिस ओलंपिक के पदक विजेता स्वप्निल कुसाले से प्रेरणा लेने वाली महाराष्ट्र




की इस निशानेबाज ने तिलोत्तमा के 455.6 अंकों के मुकाबले 458.4 अंक हासिल किए।

# खुश रहने के लिए कप्तानी छोड़ी : विराट कोहली

**बेंगलुरु (एजेंसी)** लगभग एक दशक तक भारत और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) का नेतृत्व करने और उनकी बल्लेबाजी पर रखी जा रही कड़ी निगरानी के बाद विराट कोहली ने सोचा कि अब बहुत हो गया और उन्होंने जिंदगी में खुश रहने के लिए आखिर में कप्तानी छोड़ने का फैसला किया।

कोहली ने 2021 में विश्व कप के बाद टी20 कप्तान के पद से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद उन्होंने आरसीबी की कप्तानी भी छोड़ दी। इसके एक साल बाद, दक्षिण अफ्रीका से हार के बाद उन्होंने टेस्ट कप्तानी छोड़ दी थी। कोहली ने कहा कि वह अपने करियर में एक ऐसे मुकाम पर पहुंच गए थे जहां लगातार ध्यान केंद्रित करना मुश्किल हो गया था। कोहली ने 'आरसीबी बोल्ड डायरीज़' पॉडकास्ट में कहा, ''एक समय ऐसा आया जबकि यह मेरे लिए बहुत मुश्किल हो गया था क्योंकि मेरे करियर में काफी कुछ घटित हो रहा था। मैं सात आठ साल से भारत की




कप्तानी कर रहा था। मैंने नौ साल तक आरसीबी की कप्तानी की। मैं जो भी मैच खेलता उसमें बल्लेबाजी में मुझसे काफी उम्मीद की जाती थी।''

उन्होंने कहा, ''मुझे इस बात का एहसास ही नहीं था कि मैं ध्यान केंद्रित करने के लिए संघर्ष कर रहा हूं। अगर कप्तानी में ऐसा नहीं होता तो बल्लेबाजी में ऐसा हो रहा था। मैं हर समय इसके बारे में सोचता था। यह मेरे लिए काफी मुश्किल हो गया था और आखिर में यह मुझ पर बहुत अधिक हावी हो गया था।''

कोहली ने 2022 में क्रिकेट से एक महीने का ब्रेक लिया था और उस दौरान बल्ला नहीं छुआ था। उन्होंने कहा कि उनके जीवन में एक समय ऐसा भी आया था जबकि वह सार्वजनिक जीवन में खुश रहने के लिए संघर्ष कर रहे थे।

इस स्टार बल्लेबाज ने कहा, ''इसलिए, मैंने कप्तानी छोड़ दी क्योंकि मुझे लगा अगर मुझे इस खेल में बने रहना है तो उसके लिए मेरा खुश रहना जरूरी है।'' उन्होंने कहा, ''मुझे अपने जीवन में एक ऐसी जगह की जरूरत थी जहां मैं सहज होकर रह सकूं और अपना क्रिकेट खेल सकूं, बिना किसी आलोचना के, बिना यह देखे कि आप इस सत्र में क्या करने जा रहे हैं और आगे क्या होने वाला है।'' भारत को अंडर-19 विश्व कप में खिताबी जीत दिलाने से किसी को सीनियर टीम में सहज प्रवेश की गारंटी नहीं मिलती है और कोहली ने कहा कि यह उनका दृढ़ संकल्प और तत्कालीन कप्तान महेंद्र सिंह धोनी और कोच गैरी कर्स्टन का समर्थन था, जिसने उन्हें टीम में नंबर तीन बल्लेबाजी स्थान सुरक्षित करने में मदद की।

# श्री वेंकेटेश्वरा विश्वविद्यालय / संस्थान में राष्ट्रीय स्तर की वेंकेटेश्वरा इन्डोर शूटिंग एकेडेमी का शानदार शुभारम्भ

## वेंकेटेश्वरा के शूटिंग रेंज की स्थापना से पश्चिमी यू.पी. के ग्रामीण युवाओं को प्रशिक्षण देकर राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग के लिए करेंगे प्रशिक्षित- श्री सुधीर गिरि संस्थापक अध्यक्ष वेंकेटेश्वरा समूह

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

शूटिंग इस समय भारतीय युवाओं का सबसे पसंदीदा खेलों में से एकझ श्री अमित कुमार आनन्द आई.पी.एस. / पुलिस अधीक्षक एवं शूटिंग खिलाड़ी

मनु भाकर, रिदम सांगवान, अनु तोमर, सुरुचि फोगाट जैसी देश की होनहार बेटियों ने शूटिंग की राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक बटोरकर विश्व पटल पर देश का मान बढ़ाने का काम कियाझ डा. राजीव त्यागी प्रतिकुलाधिपति श्री वेंकेटेश्वरा विश्वविद्यालय`

भारतीय खिलाड़ियों में शूटिंग के क्रेज का इस बात से अंदाजा लगाया जा सकता है कि पिछले डेढ़ दशक से लगातार ह्यकामनवेल्थ, एशियाड चैम्पियनशिप, वर्ल्ड शूटिंग चैम्पियनशिप एवं ओलम्पिक समेत हरेक अंतरराष्ट्रीय शूटिंग प्रतिस्पर्धा में भारतीय खिलाड़ियों ने पदक तालिका में देश का नाम दर्ज कराया है- प्रो. (डा.) कृष्णकान्त दवे कुलपति श्री वेंकेटेश्वरा विश्वविद्यालय आज राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास स्थित श्री वेंकेट-`श्वरा विश्वविद्यालय / संस्थान में राष्ट्रीय स्तर की शानदार वेंकेटेश्वरा शूटिंग एकेडेमी का भव्य शुभारम्भ हुआ इस शूटिंग एकेडेमी में कई आला स्तर के पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारीयों के साथ-साथ स्पोर्ट्स कोच एवं खेल प्रेमियों ने शिरकत करते हुए पश्चिमी यू.पी. के युवा खिलाड़ियों को इससे जुड़ने की अपील की` वेंकेटेश्वरा समूह के संस्थापक अध्यक्ष डा. सुधीर गिरि ने कहा कि इस इन्डोर शूटिंग रेन्ज की स्थापना से वेस्ट यू.पी. विशेष रूप से मेरठ मुरादाबाद के शूटिंग खिलाड़ियों को महंगे प्रशिक्षण के लिए दिल्ली का रूख नही करना पड़ेगा

श्री वेंकेटेश्वरा विश्वविद्यालय / संस्थान के फेज-2 स्थित वेंकेटेश्वरा शूटिंग एकेडेमी का शुभारम्भ संस्थापक अध्यक्ष श्री सुधीर गिरि, पुलिस अधीक्षक श्री अमित कुमार आनन्द, प्रतिकुलाधिपति डा. राजीव त्यागी, कुलपति प्रो. कृष्णकान्त दवे, युवा मोर्चा अध्यक्ष शुभम चौधरी आदि ने फीता काटकर एवं सरस्वती माँ की प्रतिमा के सन्मुख दीप प्रज्वलित करके किया अपने सम्बोधन में वरिष्ठ आई.पी.एस. एवं शूटिंग खिलाड़ी अमित कुमार आनन्द ने कहा कि खेल हमारे





जीवन का सबसे महत्वपूर्ण घटक है, आप चाहे स्टूडेंट हो, अधिकारी हो या बिजनेसमैन हो, खेल आपको व्यक्तिगत, सामाजिक स्तर के साथ राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अलग पहचान दिलाता है` खेल आपको व्यक्तिगत रूप से स्वस्थ रखने के साथ-साथ राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पैसा एवं ख्याति दिलाने का काम करता है आज देश के युवाओं में शूटिंग का बेहद क्रेज है` प्रतिकुलाधिपति डा. राजीव त्यागी ने कहा कि प्रत्येक खेल स्पर्धा चाहे वो कुश्ती हो, कबड्डी हो विशेष रूप से राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय शूटिंग प्रतियोगिता की हो देश की बेटियों ने पदक जीतकर भारत का मान बढ़ाया है आज आदरणीय प्रधानमंत्री जी का बेटी बचाओं झ बेटी पढ़ाओं के साथ-साथ ह्यबेटी खिलाओंह्ण का स्लोगन पूरे देश में फलीभूत हो रहा है` इसके साथ ही उत्तर प्रदेश सरकार शिक्षा के साथ-साथ खेलों में बेटियों को आगे बढ़ाने के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनायें चला रही है

इस अवसर पर सीईओ अजय श्रीवास्तव, भाजयुमों अध्यक्ष शुभम चौधरी, कुलसचिव पीयूष पाण्डेय, डा. राजेश सिंह, शूटिंग कोच दीपक चौधरी, कुलवन्त चड्ढा, डा. टी.पी. सिंह, डा. सी.पी. सिंह, डा. विश्वनाथ झा, डा. लक्ष्मण सिंह रावत, डा. योगेश्वर शर्मा, डा. आशुतोष गौतम, डा. मनीष शर्मा, डा. मंजरी राणा, डा. आशुतोष सिंह, डा. अश्विनी सक्सेना, डा. धीरज दुबे, डा. ओमप्रकाश गुसाई, डा. अनिल कुमार जायसवाल, डा. ज्योति सिंह, डा. विकास पांडे, डा. राम कुमार, डा. श्यामलाल सिंह, जनसंपर्क अधिकारी डा. श्री राम गुप्ता, एस. एस. बघेल, सचिन कुमार, अजय कुमार, प्रितपाल वैद्य, राकेश शर्मा, साधना वर्मा, नीतुश्री एवं मेरठ परिसर से निदेशक डा. प्रताप सिंह, मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि लोग उपस्थित रहे

नई दिल्ली, बुधवार 7 मई 2025

# नेशनल एक्सप्रेस

हर खबर समय पर

FRONT PAGE 2




आकाशीय बिजली, आंधी-तूफान से जनहानि और पशुहानि होने की स्थिति में प्रभावित लोगों को तत्काल राहत राशि का वितरण किया जाए व घायलों का समुचित उपचार कराया जाए।

योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री उ.प्र.



दयाशंकर सिंह लोक भवन, लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य एवं अन्य मंत्रीगणों के साथ कैबिनेट की बैठक में सम्मिलित हुए।

# औद्योगिक विकास मंत्री नंदी ने उद्यमियों की समस्याओं का तात्कालिक निराकरण हेतु सिद्ध समाप्त किया





## सभी संबंधित विभागों के प्रमुख अधिकारी रहे उपस्थित

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

**लखनऊ**) उद्यमियों एवं औद्योगिक विकास विभाग की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए समाधान दिवस के तहत आज इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान लखनऊ में क्षेत्रीय कार्यालय लखनऊ एवं परियोजना कार्यालय (पूर्ववर्ती लीडा) यूपीसीडा लखनऊ औद्योगिक क्षेत्र के उद्यमियों से सीधा संवाद किया। इस दौरान समस्याओं के त्वरित निस्तारण, उद्योगों के समग्र विकास तथा औद्योगिक क्षेत्रों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।उद्यमियों ने खुलकर अपनी समस्याएं एवं सुझाव रखे, जिस पर अधिकारिों ने समाधान का आश्वासन दिया। इस दौरान औद्योगिक क्षेत्रों की आवश्यकताओं पर चर्चा हुई। कई उद्यमियों को भूमि आवंटन पत्र प्रदान किया गया।इस दौरान उद्यमियों को औद्योगिक विकास मंत्री श्री नंद गोपाल नंदी ने आश्वस्त किया कि उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार उद्योग जगत के साथ कंधे से कंधा मिला कर प्रदेश की आर्थिक उन्नति के लिए कार्य कर रही है।

इस अवसर पर सीईओ यूपीसीडा श्री मयूर महेश्वरी जी, सचिव औद्योगिक विकास श्री प्रांजल यादव जी, एसीईओ यूपीसीडा श्रीमती अनीता यादव जी, प्रधान महाप्रबंधक यूपीसीडा श्री संदीप चंद्रा जी, महाप्रबंधक सिविल श्री पीके कौशिक जी, प्रभारी औद्योगिक क्षेत्र श्री सतीश कुमार जी, आईआईए अध्यक्ष लखनऊ श्री विकास खन्ना जी, आईआईए बाराबंकी चैप्टर अध्यक्ष श्री राजेश तिवारी जी, महासचिव अमौसी इण्डसट्रियल एरिया श्री रजत मेहरा जी, उपाध्यक्ष आईआईए श्री अभिनव कपूर जी, कैप्टन श्री मनोज जी सदस्य आईआईए, कैप्टन मनोज जी सदस्य आईआईए, श्री अमित भदौरिया जी अध्यक्ष संडीला औद्योगिक क्षेत्र एवं अन्य उद्यमीगण उपस्थित रहे।









# निर्वाचन आयोग ने राजनीतिक दलों के साथ शुरू किया संवाद, मायावती से मुलाकात की

**नयी दिल्ली,** (भाषा) निर्वाचन आयोग ने राजनीतिक दलों सहित विभिन्न हितधारकों के साथ व्यापक और नियमित संवाद पर जोर देने की पहल के तहत मंगलवार को यहां बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष मायावती के साथ बातचीत की।

इस मौके पर बसपा के राष्ट्रीय महासचिव सतीश चंद्र मिश्रा और पार्टी कोषाध्यक्ष श्रीधर भी मौजूद थे।

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी के साथ निर्वाचन सदन में बसपा नेतृत्व से बात की।

यह बैठक विभिन्न हितधारकों के साथ व्यापक और नियमित संवाद को बढ़ावा देने पर चुनाव आयोग के विचार के क्रम में है।

चुनाव निकाय ने रचनात्मक चर्चा की लंबे समय से महसूस की जा रही आवश्यकता को समझते हुए राष्ट्रीय और प्रादेशिक स्तर के राजनीतिक दलों के साथ बातचीत शुरू की है। इसके तहत पार्टी प्रमुख




अपने सुझाव और चिंताओं को सीधे आयोग के साथ साझा कर सकते हैं।

निर्वाचन आयोग द्वारा किसी राजनीतिक दल के साथ की गई इस तरह की यह पहली बातचीत है।

भाजपा, कांग्रेस, बसपा, आम आदमी पार्टी, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) और नेशनल पीपुल्स पार्टी चुनाव आयोग द्वारा मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय दल हैं।

लगभग 50 क्षेत्रीय मान्यता प्राप्त पार्टियां हैं।

चुनाव आयोग ने कहा कि यह पहल सभी हितधारकों के साथ मौजूदा कानूनी ढांचे के अनुसार चुनावी प्रक्रिया को और मजबूत करने के आयोग के व्यापक दृष्टिकोण के अनुरूप है।

इससे पहले, कुल 4,719 सर्वदलीय बैठकें आयोजित की गई हैं। इनमें राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों द्वारा 40 बैठकें, जिला चुनाव अधिकारियों द्वारा 800 और चुनाव पंजीकरण अधिकारियों द्वारा की गईं 3,879 बैठकें शामिल हैं। बैठकों में विभिन्न राजनीतिक दलों के 28,000 से अधिक प्रतिनिधि शामिल थे।

## महाराष्ट्र सरकार ने अहिल्याबाई होल्कर के जीवन पर आधारित फिल्म की घोषणा की

अहिल्यानगर (महाराष्ट्र), छह मई (भाषा) महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मंगलवार को इंदौर की पूर्व रानी अहिल्याबाई होल्कर के जीवन पर आधारित एक फिल्म और धनगर (गड़रिया) समुदाय के कल्याण समेत कई योजनाओं की घोषणा की।

होल्कर की जन्मस्थली अहिल्यानगर (पूर्व में अहमदनगर) के चोंडी गांव में पहली बार राज्य मंत्रिमंडल की बैठक आयोजित हुई।

मुख्यमंत्री ने कहा कि होल्कर की 300वीं जयंती मनाने के लिए मंत्रिमंडल ने उनके जीवन पर आधारित एक फिल्म बनाने को मंजूरी दी, जो मराठी और अन्य क्षेत्रीय भाषाओं में बनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि गोरेगांव में फिल्म सिटी को इसका जिम्मा सौंपा गया है। फडणवीस ने बताया कि मंत्रिमंडल ने अन्य प्रमुख निर्णयों के अलावा आदिशक्ति मिशन के लिए 10.50 करोड़ रुपये मंजूर किए हैं।

# जल्दी ही बड़ी परीक्षा देनी पड़ेगी राष्ट्रीय लोकदल प्रमुख जयंत चौधरी को

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

उत्तर प्रदेश के राजनीतिक गलियारे से बड़ी खबर आ रही है। उत्तर प्रदेश की राजनीति की बड़ी खबर यह है कि राष्ट्रीय लोकदल ( रालोद ) के मुखिया जयंत चौधरी को जल्दी ही एक बड़ी परीक्षा देनी पड़ेगी। उत्तर प्रदेश में विधानसभा का अगला चुनाव 2027 में होगा।विधानसभा चुनाव 2027 से पहले वर्ष-2026 में रालोद के मुखिया जयंत चौधरी की एक बड़ी परीक्षा होने वाली है। रालोद ने बड़ी परीक्षा की तैयारियां शुरूकर दी हैं।

उत्तर प्रदेश की राजनीति को जानने वालों को पता है कि यूपी की राजनीति में रालोद एक महत्वपूर्ण फैक्टर है। वर्ष-2024 के लोकसभा चुनाव से पहले सभी को चौंकाते हुए रालोद प्रमुख जयंत चौधरी ने भाजपा के साथ गठबंधन कर लिया था। जयंत चौधरी के इस कदम पर मिली-जुली प्रतिक्रियाएं आई थीं। उत्तर प्रदेश के एक बड़े वर्ग ने कहा था कि यह जयंत चौधरी का गलत फैसला है। वहीं उत्तर प्रदेश की आबादी के एक हिस्से ने जयंत चौधरी के फैसले को समझदारी से लिया गया फैसला बताया था। उस फैसले के बाद लोकसभा में चुनाव हुए जिसमें भाजपा तथा रालोद दोनों को ही फायदा मिला।

जयंत चौधरी केन्द्र सरकार में मंत्री हैं और अपनी पार्टी रालोद को मजबूत बनाने का काम कर



रहे हैं। अगले साल यानि वर्ष-2026 में उत्तर प्रदेश में पंचायत के चुनाव होने हैं। उत्तर प्रदेश में होने वाले पंचायत के चुनाव को RLD प्रमुख जयंत चौधरी की बड़ी परीक्षा माना जा रहा है। इस परीक्षा में तय हो जाएगा कि RLD मजबूत हो रही है अथवा कमजोर हो गई है। RLD के नेताओं ने वर्ष 2026 में होने वाले पंचायत चुनाव की तैयारियां शुरू कर दी हैं।

### पंचायत चुनाव को लेकर रालोद ने मथुरा में बुलाई है बैठक

उत्तर प्रदेश में वर्ष-2026 में पंचायत के चुनाव होंगे। पंचायत के चुनाव की तैयारियों के लिए रालोद ने मई के अंतिम सप्ताह में मथुरा में प्रदेश कार्यसमिति की बैठक बुलाई है। इसमें प्रदेश संगठन को मजबूती देने व आगे की रणनीति पर भी मुहर लगेगी। पार्टी की ओर से पंचायत चुनाव से पहले देश-प्रदेश में सदस्यता अभियान शुरू किया गया है। इसके साथ ही देश-प्रदेश में संगठन की चुनाव प्रक्रिया भी गति पकड़ेगी। वहीं यह भी कहा गया है कि ज्यादा से ज्यादा सदस्य बनाने वालों को पंचायत चुनाव व संगठन में वरीयता दी जाएगी। रालोद के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन त्रिलोक त्यागी व प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय खुद जिलों में जाकर सदस्यता अभियान को गति देने में जुटे हुए हैं।

इसी क्रम में आगामी पंचायत चुनाव को लेकर रणनीति बनाने व संगठन को बूथ स्तर तक ले जाने की रणनीति तैयार करने के लिए 26-27 मई को मथुरा में प्रदेश कार्यसमिति की बैठक बुलाई गई है। राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में राजनीतिक प्रस्ताव व सामाजिक प्रस्ताव पर मुहर लगेगी। पार्टी इसी पर आगे बढ़ेगी।

रालोद के प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय ने बताया कि प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में आगामी पंचायत व विधानसभा चुनाव को लेकर रणनीति तय की जाएगी। साथ ही संगठन को बूथ स्तर तक ले जाने के लिए कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों को राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी निर्देश देंगे।

# शिक्षक भर्ती परीक्षा के अभ्यर्थियों का नीतीश कुमार के आवास के पास प्रदर्शन, पुलिस ने किया लाठीचार्ज

पटना, (भाषा) बिहार की राजधानी पटना में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सरकारी आवास के पास मंगलवार को शिक्षक भर्ती परीक्षा के पूरक परिणाम जारी करने की मांग को लेकर धरना दे रहे अभ्यर्थियों पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया, जिससे वहां अफरा-तफरी मच गई।

प्रदर्शनकारियों ने शिक्षक भर्ती परीक्षा (टीआरई-3) के पूरक परिणाम जारी करने की मांग को लेकर एक, अणे मार्ग स्थित मुख्यमंत्री आवास के गेट के बाहर प्रदर्शन किया।

पूरा इलाका उच्च सुरक्षा वाला क्षेत्र है और वहां इस तरह के किसी भी प्रदर्शन की इजाजत नहीं है।

बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारियों ने हाथों में तख्तियां लेकर राज्य सरकार और परीक्षा आयोजित करने वाले बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) के खिलाफ नारेबाजी की।

सचिवालय-1 की अनुमंडल पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) अनु कुमारी ने प्रदर्शनकारियों से तुरंत क्षेत्र खाली करने का अनुरोध किया, क्योंकि वहां ऐसी गतिविधियां प्रतिबंधित हैं।

जब प्रदर्शनकारियों ने वहां से हटने से इनकार कर दिया तो पुलिस ने उन्हें तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज किया। हालांकि, एसडीपीओ ने पत्रकारों से बात करने से इनकार कर दिया।

प्रदर्शनकारियों ने दावा किया कि लाठीचार्ज में कई लोग घायल हुए, जिसे अधिकारियों ने नकार दिया। प्रदर्शनकारी अभ्यर्थियों में शामिल कृति दत्त ने बताया कि वे पिछले चार महीने से गर्दनीबाग इलाके में प्रदर्शन कर रहे हैं।

उन्होंने कहा, ''हमने मंत्रियों से लेकर सचिवों और विधायकों तक सभी से संपर्क किया, लेकिन किसी ने भी हमें कोई समाधान नहीं दिया।''



बीपीएससी अभ्यर्थियों पर लाठीचार्ज, पुलिस ने दौड़ा-दौड़ाकर पीटा.

एक अन्य अभ्यर्थी ने कहा कि शिक्षा मंत्री ने उन्हें आश्वासन दिया था कि इस मुद्दे पर बीपीएससी को एक पत्र भेजा गया है, लेकिन अभी तक कुछ नहीं किया गया है।

पटना के जिलाधिकारी चंद्रशेखर सिंह और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) अवकाश कुमार से इस घटना पर टिप्पणी के लिए कई बार सम्पर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन उनसे सम्पर्क नहीं हो पाया।

राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव ने प्रदर्शनकारी अभ्यर्थियों पर लाठीचार्ज किए जाने की निंदा की और उनके साथ एकजुटता व्यक्त की। यादव ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा, ''हम आज (मंगलवार को) प्रदर्शनकारियों पर पुलिस की कार्रवाई की निंदा करते हैं। जब युवा न्याय की मांग करते हैं, तो उनकी आवाज को बेरहमी से कुचल दिया जाता है। युवाओं की आवाज को कुचलना केंद्र और राज्य की राजग (राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन) सरकारों का 'फैशन' बन गया है।'' उन्होंने कहा, ''छात्र आज लोकतांत्रिक तरीके से विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। यह अक्षम सरकार अपराधियों और भ्रष्टाचारियों को पालती-पोसती है तथा उनकी रक्षा करती है लेकिन विद्यार्थियों, युवाओं और बेरोजगारों पर लाठीचार्ज कराती है। यही समय है, राज्य के लोगों को आगामी विधानसभा चुनावों में इस अक्षम सरकार को बदलने के लिए एकजुट होना चाहिए।''

बीपीएससी ने मार्च 2024 में शिक्षक भर्ती परीक्षा आयोजित की थी और टीआरई-3 के तहत कुल 87,774 पदों की घोषणा की गई थी। हालांकि, अभी तक लगभग 51,000 अभ्यर्थियों को ही नियुक्ति पत्र मिले हैं। अधिकारियों ने पहले पूरक परिणाम जारी करने का वादा किया था, लेकिन अभी तक कुछ नहीं हुआ है।

# उत्तर प्रदेश में आज 'मॉक ड्रिल' का आयोजन किया जाएगा : प्रशांत कुमार, पुलिस महानिदेशक

लखनऊ, (भाषा) उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) प्रशांत कुमार ने बताया कि बुधवार को राज्य में नागरिक और पुलिस प्रशासन, अग्निशमन सेवाओं तथा आपदा प्रतिक्रिया बल को शामिल करते हुए पूर्ण पैमाने पर एक 'मॉक ड्रिल' का आयोजन किया जाएगा।

पहलगाम में हुए नृशंस आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के मद्देनजर नागरिक और संस्थागत तैयारियों के लिए यह ड्रिल महत्वपूर्ण है, जिसमें कश्मीर में निर्दोष पर्यटक मारे गए थे।

डीजीपी प्रशांत कुमार ने मंगलवार को संवाददाताओं को बताया, ''हमें सात मई को मॉक ड्रिल को लेकर केंद्र सरकार से निर्देश मिले हैं। (ड्रिल के लिए राज्य के) उन्नीस जिलों की पहचान की गई है।'' उन्होंने कहा कि इन जिलों को विभिन्न श्रेणियों में रखा गया है। डीजीपी ने कहा, ''इन 19 में से एक जिले को 'ए' श्रेणी में, दो को 'सी' श्रेणी में और बाकी को 'बी' श्रेणी में रखा गया है। हालांकि, स्थानीय संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए, यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये हैं कि आपातकालीन स्थिति में एकीकृत प्रतिक्रिया के लिए नागरिक और पुलिस प्रशासन, अग्निशमन सेवाओं और आपदा प्रतिक्रिया बल सहित सभी कार्यक्षेत्रों में एक संयुक्त अभ्यास किये जाएं।''



उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने 'पीटीआई वीडियो' को बताया कि उप्र सरकार ने मॉक ड्रिल आयोजित करने के केंद्र के फैसले का स्वागत किया है। उन्होंने कहा, ''देश भर में मॉक ड्रिल आयोजित करने का फैसला एक स्वागत योग्य कदम है। जिस तरह की स्थिति का देश अभी सामना कर रहा है, यह महत्वपूर्ण है कि प्रत्येक नागरिक हमारे सैनिकों की तरह युद्ध के लिए तैयार हो। भारत के दुश्मनों के ताबूत में अंतिम कील ठोकने और आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक लड़ाई के लिए जो कुछ भी आवश्यक है, वह किया जाएगा।''

सत्तारूढ़ भाजपा के वैचारिक स्रोत राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की छात्र शाखा अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) ने भी मॉक ड्रिल आयोजित करने के फैसले का स्वागत किया है। परिषद ने युवाओं और छात्रों से बुधवार को गृह मंत्रालय द्वारा देशभर में आयोजित किए जा रहे 'नागरिक सुरक्षा मॉक ड्रिल' में उत्साहपूर्वक भाग लेने का आह्वान किया है।

अभाविप ने एक बयान में कहा कि इस ड्रिल में हवाई हमले की चेतावनी देने वाले सायरन का परीक्षण, क्रैश ब्लैकआउट अभ्यास, नागरिकों को सुरक्षित निकालने के लिए रिहर्सल और आपात स्थिति के दौरान सुरक्षा उपायों में युवाओं एवं आम जनता को प्रशिक्षण देना शामिल होगा। बयान के अनुसार, रडार स्टेशनों और बिजली संयंत्रों जैसे महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों को छिपाने के लिए सामरिक उपायों का अभ्यास किया जाएगा।

बयान में कहा गया है, ''अभाविप का मानना है कि राष्ट्रीय सुरक्षा केवल हमारे सशस्त्र बलों की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि हर नागरिक, खासकर युवाओं का साझा कर्तव्य है। हमारे स्कूल, कॉलेज और विश्वविद्यालय जागरूकता, सतर्कता और तैयारी के केंद्र बनने चाहिएं।'' बयान में कहा गयया है, ''परिषद देश भर के छात्रों, युवाओं और शैक्षणिक संस्थानों से इस 'मॉक ड्रिल' में सक्रिय रूप से भाग लेने, प्रशिक्षण को गंभीरता से लेने और एक सतर्क, अनुशासित एवं सुरक्षित भारत के निर्माण में योगदान देने का आग्रह करती है।''

अभाविप के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. वीरेंद्र सिंह सोलंकी ने कहा, ''अभाविप 'नागरिक सुरक्षा मॉक ड्रिल' का स्वागत करती है। हम सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों, प्रशासनिक अधिकारियों और नागरिकों से आह्वान करते हैं कि वे इस पहल में पूरी लगन और उत्साह के साथ भाग लें और 'सुरक्षित, सशक्त और आत्मनिर्भर भारत' के निर्माण में अपनी भूमिका सुनिश्चित करें।'' परिषद ने यह भी कहा, ''देश के नागरिकों को आपातकालीन स्थितियों के लिए तैयार रहना चाहिए। आज का भारत आतंकवादी घटनाओं का मुंहतोड़ जवाब देने में सक्षम है। हर नागरिक को अपनी भूमिका और जिम्मेदारी के प्रति जागरूक रहना चाहिए।''


लखनऊ, (भाषा) उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) प्रशांत कुमार ने बताया कि बुधवार को राज्य में नागरिक और पुलिस प्रशासन, अग्निशमन सेवाओं तथा आपदा प्रतिक्रिया बल को शामिल करते हुए पूर्ण पैमाने पर एक 'मॉक ड्रिल' का आयोजन किया जाएगा।



स्वामी वी.पी.एल. मीडिया प्रा. लि. के लिए प्रकाशक व मुद्रक वेंकटेश गुप्ता द्वारा आर.डी प्रिंटर्स एवं पब्लिशर्स प्रा. लि. ए-41, सेक्टर 8, नोयडा, गौतमबुद्ध नगर से मुद्रित व फ्लैट सं. 7, एस 561, ग्रेटर कैलाश पार्ट 2, नई दिल्ली 110048 से प्रकाशित। DELHIN/2015/65411, संपादक : विपिन कुमार गुप्ता।
संपादकीय कार्यालय- फ्लैट सं. 7, एस 561, ग्रेटर कैलाश पार्ट 2, नई दिल्ली 110048, ईमेल -news.vpl@gmail.com फोन नं.-011 49066569। प्रसार व विज्ञापन विभाग -ईमेल vplmedia@yahoo.com, समस्त विवाद के लिए न्याय क्षेत्र नई दिल्ली ही मान्य होगा।